जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें



# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, रविवार, 23 मार्च, 2025 | वर्ष 16 | अंक 321 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.




ऐश्वर्या की इस हरकत से घबरा जाते हैं अभिषेक

पेज: 10

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीनगर में कई घर जलकर खाक

**कश्मीर।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के शहीदगंज इलाके में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे कई रिहायशी घर जलकर राख हो गए। देखते ही देखते आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया। तड़के लगी आग इतनी तेजी से फैली कि दमकल और आपातकालीन सेवाओं के हस्तक्षेप से पहले ही कम से कम पांच घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

### एनटीए ने जारी किया एडमिट कार्ड

**नई दिल्ली।** एनटीए ने 26 मार्च से एक अप्रेल तक होने वाली सीयूईटी पीजी परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड को जारी कर दिया है। जो कैंडिडेट्स इन तिथियों पर परीक्षा के लिए शामिल होंगे वे वेबसाइट exam.ntaonline.in/ CUET-PG/ पर जाकर चेक व डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड के लिए उम्मीदवारों को अपने एप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ का यूज करना होगा।

### नहीं रहे मशहूर मुक्केबाज जॉर्ज फोरमैन

**टेक्सास।** टेक्सास के मूल निवासी और दो बार के हैवीवेट चैंपियन और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली के खिलाफ ऐतिहासिक 'रंबल इन द जंगल' मुकाबला लड़ने वाले जॉर्ज फोरमैन का शुक्रवार रात निधन हो गया। वह 76 साल के थे। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर इस दुखद समाचार की पुष्टि की, लेकिन उनकी मृत्यु कहां और किन परिस्थितियों में हुई, इस बात की कोई जानकारी नहीं दी। *पूरी खबर खेल पेज पर...*

**बीजेपी नेताओं से प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले...**

# 'कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करो'

### आपके काम की सीआर कार्यकर्ता ही भरेंगे



**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को दोपहर 1 से 4 बजे तक होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा मैं जनप्रतिनिधियों से एक निवेदन करना चाहता हूं। मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने का काम आपका है। आप सभी मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करो। क्योंकि आपके काम की सीआर कार्यकर्ता ही भरेंगे। इस बात का बुरा मत मानना।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- आज यहां पार्टी के सभी पदाधिकारी बैठे हैं। मैं आप सभी से कहना चाहूंगा आपको मिला पद नहीं बल्कि, दायित्व है। इसका उपयोग आपको भारतीय जनता पार्टी की शक्ति को बढ़ाने के लिए करना चाहिए। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। अपनी सरकार सबसे अच्छी सरकार है। आपके इलाके में भी जानता आपको आदर देती है, क्योंकि आपकी सरकार है। इसलिए सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए आपको अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

राठौड़ ने कहा मैं जनप्रतिनिधियों से आज एक बात कहना चाहता हूं। यह सभी कार्यकर्ता ही हैं, जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह वह कार्यकर्ता है। जो आपके लिए बूथ पर संघर्ष करते हैं। कई बार इन्हें आपके लिए लड़ते-लड़ते मुकदमे तक झेलने पड़ते हैं। बरसों मुकदमें चलते हैं। यह कार्यकर्ता अपना सब कुछ आप पर समर्पित कर देता है। इसलिए इस कार्यकर्ता के सम्मान की रक्षा करना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा मैं आप सभी लोगों से यह भी कहना चाहूंगा कि समय निकलते देरी नहीं लगती है। सवा साल का वक्त निकल चुका है। अब पौने चार साल का ही वक्त बचा है।

### सीएम एक दिन में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि राजस्थान के लिए लेकर आ गए

मदन राठौड़ ने कहा हमारे मुख्यमंत्री कभी किसी को निराश नहीं करते हैं। कोई रात को भी कुछ विकास के लिए मांग कर जाता है। उसे देने के लिए मुख्यमंत्री तैयार खड़े रहते हैं। इन्होंने राजस्थान के विकास के लिए अब तक 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू कर लिए हैं। अभी बीते दिनों मुख्यमंत्री एक दिन के लिए दिल्ली गए थे। उस एक दिन में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि राजस्थान के लिए लेकर आ गए हैं। राठौड़ ने कहा कि मैं जनप्रतिनिधियों से एक निवेदन करना चाहता हूं। मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने का काम आपका है। आप सभी मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करो। क्योंकि आपके काम की सीआर कार्यकर्ता ही भरेंगे। इस बात का बुरा मत मानना।

### इतना पानी आएगा एक नहीं 2-2 बीसलपुर बांध भर जाएं

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने यमुना जल समझौता किया। देवास से जो पानी अरब सागर जाता था। हम उस पानी को लेकर आए हैं। रावतभाटा से जो पानी चंबल में बहकर जाता था। उसका डीपीआर बनकर हमने काम शुरू किया है। इससे एक नहीं 2-2 बीसलपुर बांध भर जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान कि एमएपी से लेकर तमाम कार्य किए जा रहें हैं। अलग से बुकलेट बनाई है। लघु किसानों के लिए भी काम किया जा रहा है। बैल से काम करने वाले किसान को 20,000 की आर्थिक मदद दी जाएगी। 5000 गांवों को बीपीएल मुक्त करेंगे। 300 करोड़ का इसके लिए बजट रखा है। राजस्थान में 45,000 गांव हैं, इन सबको गरीबी मुक्त करने का काम करना है।

**नागपुर हिंसा में घायल एक शख्स की मौत**

# नुकसान की भरपाई दंगाइयों से होगी, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाएंगेः फडणवीस



**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर प्रदर्शन के बाद 17 मार्च को नागपुर में हिंसा हुई थी। घटना के पांचवें दिन शनिवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा-हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा पीड़ितों को जल्द ही नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन्होंने पुलिस पर हमला किया, उनके खिलाफ कठोर से कठोर धाराएं लगाई जाएंगी। उन्होंने विपक्ष के आरोप पर कहा कि हिंसा इंटेलिजेंस फेल्योर या राजनीतिक साजिश नहीं थी। लेडी कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ की खबर सच नहीं है। उन पर पत्थर जरूर फेंके गए थे।

फडणवीस ने बताया कि यह कहना जल्दबाजी होगी कि हिंसा में कोई विदेशी या बांग्लादेशी एंगल था। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल नागपुर दौरे पर आया था, उसमें एक सदस्य अकोला हिंसा में आरोपी है। उन्होंने बताया कि हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर दौरा प्रभावित नहीं होगा।

### » हिंसा के पांचवें दिन एक शख्स की मौत

नागपुर हिंसा में घायल 40 साल के इरफान अंसारी की शनिवार दोपहर 1.20 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 17 मार्च से इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती था। वेल्डर अंसारी सोमवार रात करीब 11 बजे नागपुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए घर से निकला था। हिंसा से प्रभावित इलाकों में से एक नागपुर रेलवे स्टेशन भी है।

### » एक और गिरफ्तारी, जांच क्राइम ब्रांच को


इस बीच नागपुर हिंसा के मामले में शुक्रवार देर रात हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया। हामिद माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष है। रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने हिंसा की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी है।

### » मुस्लिमों को आंख दिखाने वाले को बख्शेंगे नहींः डिप्टी सीएम

हिंसा के बाद महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा जो भी मुस्लिम भाइयों को आंख दिखाएगा, दो समूहों के बीच संघर्ष भड़काकर कानून व्यवस्था को बाधित करेगा और कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा। वह चाहे कोई भी हो, उसे किसी भी हालत में बख्शा या माफ नहीं किया जाएगा। पवार ने ये बयान पार्टी की ओर से मुंबई के इस्लाम जिमखाना में शुक्रवार को दी गई इफ्तार पार्टी के दौरान दिया।

# टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रम्प

**ये कैपिटल हिल दंगे से भी बदतर, दोषियों को सजा के लिए खतरनाक अल-सल्वाडोर भेजा जाएगा**



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग ऐसा करते हुए पकड़े जाएंगे, उन्हें अल-सल्वाडोर की जेल में भेज दिया जाना चाहिए।

ट्रम्प ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ट्रुथ पर लिखा- मैं उन बीमार आतंकी गुडों को 20 साल की जेल की सजा मिलते हुए देखना चाहता हूं, जो टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शायद उन्हें अल-सल्वाडोर की कुख्यात जेल में सजा दी जाएगी। एक और पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा- हम आपको ढूंढ़ रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि टेस्ला को नुकसान पहुंचाने की कोशिश एक आतंकी काम है, जो 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हिल (संसद) में हुए घातक दंगे से भी बदतर है।

### दोषियों को अल सल्वाडोर क्यों भेजना चाहते हैं ट्रम्प

अल सल्वाडोर में दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक जेल है। अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने अपराधियों को डराने के लिए इस जेल को साल 2023 में बनवाया था। यहां 40 हजार कैदियों को रखा जा सकता है। इस जेल को 'आतंकवादी बंदी केंद्र के नाम से जाना जाता है। अमेरिका और अल सल्वाडोर के बीच फरवरी में करार हुआ था। इसके मुताबिक अल सल्वाडोर पैसे लेकर अमेरिका के खतरनाक अपराधियों को जेल में रखेगा।

## पोप आज समर्थकों को दर्शन दे सकते हैं

### फेफड़ों में इन्फेक्शन की वजह से थे एडमिट

**वेटिकन।** पोप फ्रांसिस बीमारी से उबरने के बाद आज रविवार को पहली बार सार्वजनिक तौर पर सामने आ सकते हैं। पोप रोम के जेमेली हॉस्पिटल से अपने



समर्थकों को दर्शन दे सकते हैं। पोप को फेफड़ों में इन्फेक्शन की वजह से 14 फरवरी को एडमिट किया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। साथ ही प्लेटलेट्स की कमी का भी पता चला था। पोप फ्रांसिस 1969 में पहली बार पादरी बन थे, उससे पहले उन्होंने बाउंसर और केमिस्ट टेक्नीशियन का काम किया था। 13 मार्च 2013 को उन्हें पोप चुना गया था।

# परिसीमन पर तमिलनाडु समेत 5 राज्यों के सीएम की बैठक

**हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगी, संसद में सीटें कम नहीं होनी चाहिएः स्टालिन**




**चेन्नई।** परिसीमन पर चेन्नई में 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम ने बैठक की। राज्यों में लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर शनिवार को 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम की बैठक चेन्नई में हुई।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने चेन्नई में ये मीटिंग बुलाई, जिसमें 5 राज्यों के 14 नेता शामिल हुए। बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक और टीएमसी भी इसमें शामिल हुई। इस दौरान स्टालिन के नेतृत्व में एक जॉइंट एक्शन कमेटी बनाई गई। जिसने परिसीमन पर प्रस्ताव पारित किया कि 1971 की जनगणना जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 साल तक बढ़ाया जाए। साथ ही कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू किया है, वहां संवैधानिक संशोधन लागू किए जाएं। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर अगली बैठक हैदराबाद में होगी।

## जस्टिस यशवंत वर्मा जांच पूरी होने तक नहीं कर पाएंगे कोर्ट का काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा केस में बड़ा कदम उठाया है। सीजेआई ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा न्यायिक काम नहीं कर पाएंगे। जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास पर कथित तौर पर नकदी बरामद हुई। इसके बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। सीजेआई संजीव खन्ना ने जिन तीन सदस्यों की कमेटी बनाई है उसमें जस्टिस शील नागू, जस्टिस जी.एस. संधावालिया और जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। सीजेआई खन्ना ने कहा कि जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।

**जस्टिस यशवंत वर्मा पर दिल्ली हाईकोर्ट की जांच रिपोर्ट सौंपी गई:-** दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डी. के. उपाध्याय ने जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर कैश मिलने के मामले में रिपोर्ट भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि जस्टिस उपाध्याय ने घटना के संबंध में सबूत और सूचनाएं जुटाने के लिए इन-हाउस जांच प्रक्रिया शुरू की थी और शुक्रवार को ही रिपोर्ट पेश कर दी है। अब सुप्रीम कोर्ट का कलीजियम इस रिपोर्ट की पड़ताल करेगा और फिर कोई कार्रवाई कर सकता है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ग्रेनेड ब्लास्ट

**तीन लोगों की मौत**



**पेशावर।** पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं की संख्या कम होते नहीं दिख रही है। हाल के दिनों में कई आतंकी और आत्मघाती हमले देखने को मिले। इस बीच शनिवार को भी पाकिस्तान से धमाके की खबर सामने आई है। दरअसल, पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक हैंडग्रैनेड फट गया। इस धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई और एक शख्स के घायल होने की खबर है। इस पूरे घटना की जानकारी पुलिस ने दी।

इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने बताया कि विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले के पाराचिनार शहर में एक निर्माणाधीन मकान में हुआ। इस घटना को लेकर एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया है कि एक व्यक्ति के पास हैंडग्रैनेड था। इस वजह से वहां पर मौजूद लोगों के बीच आपस में बहस छिड़ गई। इसी दौरान शख्स ने उसमें विस्फोट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों और घायलों के शवों को जिला अस्पताल में भेजा गया है।

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पूरे घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारी घायल व्यक्ति से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तब्लीगी जमात के 10 लोग दौसा से नेपाल डिपोर्ट

**दौसा।** राजस्थान की दौसा पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल नेपाल के 10 लोगों को उनके देश डिपोर्ट किया है। पुलिस ने सभी लोगों को हिरासत में लेकर शुक्रवार देर रात उन्हें भारत-नेपाल बॉर्डर के लिए रवाना किया, जहां से उनको नेपाल भेजा जाएगा।

डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया ये सभी लोग तब्लीगी जमात के हैं, जो धार्मिक गतिविधियों के सिलसिले में 4 मार्च को नेपाल से भारत आए थे, लेकिन यहां पर देश विरोधी गतिविधियां करने लगे। 5 पुरुष पापड़दा थाना क्षेत्र की मस्जिद में रह रहे थे, जबकि 5 महिलाएं दौसा शहर में अलग-अलग घरों में रुकी हुई थीं। इन लोगों के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिली तो अलग-अलग टीमों का गठन कर जांच की गई। गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर शुक्रवार रात को इन सभी लोगों को हिरासत में लिया गया और सभी को लीव इंडिया नोटिस दिया गया।

# संसद में सरकार बोली, चीन का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं

**लद्दाख में उसने 2 नए कस्बे बना लिए, हमने डिप्लोमैटिक स्तर पर विरोध जताया**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत को चीन के दो नए काउंटी (कस्बे) बनाने की जानकारी मिली है, जिसका कुछ हिस्सा लद्दाख में आता है। सरकार ने कहा कि इसका डिप्लोमैटिक तरीके से कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।

### चीन ने दिसंबर में दो नई काउंटी बनाने का ऐलान किया था

चीन ने पिछले साल दिसंबर में होतान प्रांत में दो नई काउंटी हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया था। तब भारत ने साफ-साफ कहा था इन काउंटियों में मौजूद कुछ इलाके भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा हैं और चीन का दावा पूरी तरह से अवैध है। तब चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर एक डैम बनाने की भी घोषणा की थी। इस पर भी भारत ने आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या 'सरकार को होतान प्रांत में चीन के दो काउंटी बनाने की जानकारी है, जिनमें लद्दाख से जुड़े भारतीय इलाके भी शामिल हैं? अगर हां तो सरकार ने इस मुद्दे का हल निकालने के लिए क्या रणनीतिक और कूटनीतिक उपाय किए हैं?' इसके जवाब में विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी है। सरकार यह जानती है कि चीन सीमा के नजदीक बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सीमा के नजदीक वाले इलाके में बुनियादी ढांचे में सुधार पर खास ध्यान दे रही है, ताकि इन इलाकों में विकास तेज हो सके और साथ ही भारत की सामरिक और सुरक्षा जरूरतों को भी पूरा किया जा सके।

## लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट 18 घंटे बाद खुला

### ब्रिटिश एयरवेज का विमान लैंड हुआ

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट 18 घंटे बाद खुल गया। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट यहां पर लैंड हुई। दरअसल एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में गुरुवार रात आग लग गई थी। जिससे एयरपोर्ट का ऑपरेशन बंद करना पड़ा था। बंद के चलते 1350 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए। आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। ब्रिटेन की काउंटर टेररिज्म पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सबस्टेशन पर लगी आग के पीछे किसी का कोई गलत इरादा तो नहीं था।

# स्टूडेंट्स रिटन टेस्ट में 50 प्रतिशत मार्क्स नहीं लाए तो टीचर्स की खैर नहीं : दिलावर



**जयपुर।** राजस्थान में स्टूडेंट्स के साथ अब टीचर्स की भी परीक्षा होगी। शिक्षा विभाग द्वारा स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले सेशनल मार्क्स (सत्रांक) के आधार पर शिक्षा विभाग उनके टीचर्स का भी रिपोर्ट कार्ड तैयार करेगा। ऐसे में अगर किसी टीचर द्वारा 100 प्रतिशत सेशनल मार्क्स दिए जाने के बाद स्टूडेंट्स के रिटन टेस्ट में 50 प्रतिशत से कम मार्क्स आएंगे। शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित टीचर के खिलाफ इंक्वायरी शुरू कर एक्शन लिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा स्कूलों में स्टूडेंट्स को जो सेशनल मार्क्स (सत्रांक) दिए जाते हैं। वो उनके फाइनल रिजल्ट में जुड़ते हैं। ऐसे में अगर किसी टीचर द्वारा किसी स्टूडेंट को 20 में से 20 सेशनल मार्क्स दिए जाते हैं। स्टूडेंट को उस विषय की परीक्षा में पास होने के लिए 8 0 में से सिर्फ 13 नंबर ही लाने होते हैं। महज 13 नंबर लाकर ही स्टूडेंट परीक्षा में पास हो जाता है।

### 50 प्रतिशत मार्क्स नहीं आने पर होगी कार्रवाई

अब शिक्षा विभाग में इस तरह की व्यवस्था नहीं चलेगी। अगर किसी टीचर द्वारा किसी भी स्टूडेंट को 20 में से 20 सेशनल मार्क्स दिए गए हैं। रिटन टेस्ट में स्टूडेंट के 8 0 में से 40 मार्क्स (50 प्रतिशत) आने ही चाहिए। अगर ऐसा नहीं होगा तो संबंधित टीचर और स्टूडेंट से शिक्षा विभाग द्वारा पूछताछ की जाएगी। इसमें अगर यह पता चला कि टीचर द्वारा स्टूडेंट्स को ठीक ढंग से पढ़ाई नहीं करवाई गई है। संबंधित टीचर के खिलाफ सख्त एक्शन भी लिया जाएगा।

### प्रमोशन का आधार बनेगा रिजल्ट

उन्होंने कहा राजस्थान के शिक्षा विभाग में कई नवाचार किया जा रहे हैं। जिसके तहत स्टूडेंट्स को अब रिटेलिंग और रिचैकिंग की व्यवस्था भी मिल सकेगी। इसके साथ ही लंबे समय से प्रमोशन कर रहे विभाग के 50 हजार से ज्यादा कर्मचारियों और टीचर्स को प्रमोट भी किया जाएगा। ऐसे में स्टूडेंट्स का रिजल्ट टीचर्स के प्रमोशन में महत्वपूर्ण रहने वाला है।

# ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की 37 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की 37 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। ये ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त होने के 6 मानदंडों पर खरी उतरी हैं, जिसके आधार पर इन्हें टीबी मुक्त घोषित किया गया हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा ने बताया कि सितंबर 2022 में शुरू हुए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शुरू किया गया था। अभियान के तहत विभाग के मापदंडों में खरी उतरने पर जिले की 37 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्जा हासिल किया हैं। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका हैं। बिना निक्षय मित्र के किसी भी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जा सकता हैं। इसके चलते जिले में निक्षय मित्र बनाए गए और टीबी मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए बड़े स्तर पर निक्षय मित्र बनाए गए एवं मरीजों को उनसे पोषण किट वितरित करवाई गई। टीबी के इलाज में पोषण की अहम भूमिका हैं। जिसके लिए भी जिले में व्यापक जागरूकता एवं गतिविधियां संचालित की गई। 6 मानदंडों को पूरा करने पर घोषित किया टीबी मुक्त संदिग्ध टीबी मामलों की जांच प्रतिवर्ष (प्रति हजार लोगों पर 30 या अधिक टेस्ट), टीबी नोटिफिकेशन दर प्रतिवर्ष (प्रति हजार लोगों पर 1 या 1 से कम टीबी का मरीज, उपचार सफलता दर, 85 प्रतिशत रोगी इलाज के बाद सही होने चाहिए, ड्रग सस्पेक्टिबिलिटी टेस्ट, 60 प्रतिशत मरीजों की हाइटेक मशीनों से टीबी की जांच, निक्षय पोषण योजना का लाभशत प्रतिशत मरीजों को मिलना चाहिए तथा निक्षय मित्रों द्वारा शत प्रतिशत पोषण किटों का वितरण हो।

**लगातार जारी रहेगा अभियान :** सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शेष ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए टीबी के मरीजों की जांच उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा साथ ही टीबी संबंधित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि अन्य ग्राम पंचायतें भी टीबी मुक्त होने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। अभियान के तहत घर घर सर्वे, कम्युनिटी मोबिलाइजेशन, जन जागृति के लिए नारा लेखन, स्कूलों में भाषण प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, काउंसलिंग, आमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

## वर्ल्ड टीबी डे को लेकर निकली जागरूकता रैली

**धौलपुर।** जिलेभर में 24 मार्च को आयोजित होने वाले विश्व टीबी दिवस को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत सभी ब्लॉक में हेल्थ सुपरवाइजर ने आशा सहयोगिनी और स्कूली बच्चों को टीबी के बारे में जानकारी दी। वहीं आशा सहयोगिनियों और बच्चों ने रैली निकालकर जागरुक किया। सीएमएचओ डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। यह दुनिया की सबसे घातक संक्रामक बीमारी तपेदिक को खत्म करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। इस साल की थीम, हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। प्रतिबद्ध, निवेश, उद्धार, आशा, तत्परता और जवाबदेही के लिए एक साहसिक आह्वान है। जिले भर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की जानकारी दी जा रही है। वहीं लोगों को टीबी से बचाव के तरीके सिखाए गए।

# श्री भोमेश्वर जी महाराज का 28वां वार्षिकोत्सव एवं नव निर्मित सिंह द्वार का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** परडोली बड़ी गांव में भोमेश्वर महाराज का 28वां जन्मोत्सव शनिवार को धाम परिसर में मनाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम भक्त शिरोमणि नत्थू सिंह शेखावत के सानिध्य में हुआ। इस दौरान शेखावत ने कहा कि जो धर्म करते हैं, उन्हें कभी संकट नहीं आते हैं तथा धर्म की जड़ हमेशा हरी होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम सिंह बाजौर राज्य मंत्री सैनिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार ने की। मुख्य अतिथि महिपाल सिंह मकराणा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजपूत करणी सेना, वशिष्ठ अतिथि गोवर्धन वर्मा विधायक धोद,राजेंद्र सिंह बुरड़क मनोहर सिंह घीडीवारा, मनोज सिंह विधायक सादुलपुर,महेश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सीकर,सावलोदा धायलान बिजेंद्र सिंह, राजवीर सिंह किरडोली, सेवद मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, सरपंच खाखोली गोपाल सिंह,सरपंच सिहोट छोटी झाबर ओला, भाजपा नेता दीप सिंह राठौड़, रामचंद्र नेहरा सिहोट, रामचंद्र भूखर, मंचासीन थे। अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर साल ओढ़ाकर कर, मेमेटों देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ भोमिया महाराज दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। भोमिया जी महाराज की शोभायात्रा में आस्था के साथ देशभक्ति के रंग भी देखने को मिले। शनिवार को भोमिया जी महाराज सेवा मंडल द्वारा भोमेश्वर जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शहीदों व भारत माता की झांकी मुख्य आकर्षण का केद्र रही। सुबह 10 बजे से हलवे और बड़ों का भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। दिनभर भक्तों ने भोमिया जी के जयकारे लगाकर धोक लगाई तथा मन्नतें मांगी। शाम को भोमेश्वर महाराज की नत्थूसिंह शेखावत की ओर से महाआरती की गई। धाम में 101 घी के दीपक जलाए गए तथा आतिशबाजी कर जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर में 5 किलो हलवे का केक काटा गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** दूर्गा भवन में जनसंख्या नियंत्रण परिवार नियोजन के क्षेत्र में सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा के मुख्य आतिथ्य में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में एसीएमएचओ डॉ.एहसान गौरी ने बताया कि जिले में राज्य स्तर से नामित संस्थान पंचायत समिति तारानगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काणुता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौनपुरा छोटा, चूरू पंचायत समिति के पीथीसर, सरदारशहर पंचायत समिति के साडासर, तारानगर पंचायत समिति के लुणास, राजगढ पंचायत समिति के तांबाखेड़ी, रतनगढ पंचायत समिति के सिकराली, सुजानगढ पंचायत समिति के जैतासर, बीदासर के कातर छोटी आदि सरपंच, चिकित्सा अधिकारी, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, बीसीएमओ व बीपीओ आदि को सम्मानित किया गया। इस योजना के तहत मिली राशि को परिवार कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए उपयोग में ली जायेगी। समारोह में डॉ.मनीष तिवाड़ी, रतनगढ बीसीएमओ डॉ.सत्यनारायण, तारानगर बीसीएमओ, डॉ.भारतेन्दू पाल, एफआरएचएफ के निखिल कुमार, ताराचन्द सैनी, मुकुल शर्मा, डीपीओ ओमप्रकाश प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# विधानसभा ऑब्जर्वर भीमराज जाखड़ का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विधानसभा ऑब्जर्वर भीमराज जाखड़ के चूरू विधानसभा में पहुंचने पर पीसीसी सचिव मुस्ताक ने अपने निवास पर सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ साफा शाल पहनाकर स्वागत किया। भीमराज जाखड़ ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सुधार करने पर बल दिया। पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने कांग्रेस के लिए काम करने वालों को संगठन में जगह देने की पैरवी करने का आग्रह किया। इस अवसर पर पार्षद अंजनी शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अबरार खान, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष आज़म खान, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर दादू,यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, पूर्व आईटी सेल जिलाध्यक्ष रफीक चौहान, पूर्व पार्षद आबिद मोयल, लोहिया कॉलेज पूर्व महासचिव पुलकित चौधरी, युवा नेता गुलजार खान छात्र नेता फरमान खान, छात्र नेता आदिलन गौरी, अजीज अली, अंजार खान, युवा नेता अज्जू लुहार, सलीम लुहार, अमजद अखान, यूसुफ खान, वसीम खान, आसिफ मुन्यान, अदनान आदी ने स्वागत और किया।

# तीन दिवसीय फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का समापन

## 495 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया

**सादुलपुर।** तहसील के राधा बड़ी ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर का समापन तहसीलदार राजगढ़ की अगुवाई में हुआ शिविर में राघा बड़ी भाकरां जाटुवास के किसानों ने भाग लिया शिविर में दूसरे दिन 370 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं समापन शिविर के दौरान सवा सौ किसानों को फार्मर आईडी से जोड़ा गया ग्राम विकास अधिकारी नगेन्द्र सिंह पूनिया ने बताया की शिविर में लोगों को खाद्य सुरक्षा पेंशन सत्यापन शिक्षा चिकित्सा आदि की जानकारी दी गई वहीं कृषि पर्यवेक्षक रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की फार्मर रजिस्ट्री आईडी के तहत जिन किसानों के नाम अपनी स्वयं की भूमि है उनका आधार के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया गया एवं प्रार्थी को जमाबंदी के साथ पटवारी के माध्यम से फार्मर आईडी से जोड़ा गया उन्होंने बताया कि 4:00 बजे तक शिविर समापन में 495 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था एवं किसानों का शिविर में आने का सिलसिला जारी था इस दौरान प्रभारी एडीओ जयवीर सिंह सरपंच रामनिवास मितड ग्राम विकास अधिकारी नगेंद्र पूनिया कृषि पर्यवेक्षक रमेश पूनिया पटवारी प्रमिला विजेंद्र रवीना व्यवस्थापक विकास नेहरा शिक्षक राजेश महेंद्र सिंह पूनिया पशु चिकित्सक डॉक्टर नीतू, विजय सिंह कंप्यूटर अनुदेशक सोनीका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# चंदवा में खेल अकादमी की घोषणा का फॉलोअप

## खेल राज्य मंत्री के के बिश्नोई से महेंद्र चंदवा के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भाजपा जिला मंत्री महेंद्र चंदवा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चंदवा का प्रतिनिधिमंडल खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने खेल अकादमी खोले जाने व खेल संबंधी विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि राज्य मंत्री केके बिश्नोई ने गत दिनों चंदवा में अपने दौरे में यहां खेल अकादमी खोले जाने की घोषणा की थी। खेल मंत्री के.के. विश्नोई ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और शीघ्र ही आवश्यक आदेश जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस संबंध में मौके पर ही खेल विभाग के अधिकारियों से बात की। इस मौके पर ग्राम पंचायत चंदवा के सरपंच सोहनलाल, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप गढ़वाल, गढ़वाल फाउंडेशन के चीफ सेकेटरी महेंद्र सिंह गढ़वाल, रिटायर्ड कैप्टन बीरबल सिंह, चांद कुमार कस्वां और प्रवेश सिहाग उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से चंदवा क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार और युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने की मांग रखी। मंत्री ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए जल्द ही ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

# राष्ट्रभक्ति ही सर्वोपरि धर्म : रविन्द्र सिंह भाटी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गायत्री शक्तिपीठ मे चूरू शिव, विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रविंद्र सिंह भाटी का आगमन हुआ। श्री भाटी हिसार कोई कायक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। अल्प समय के लिए पधारे भाटी का गायत्री परिवार द्वारा औपचारिक स्वागत किया गया । उनके साथ मयूर नोबल्स एकेडमी बाड़मेर के निदेशक चंद्रवीर सिंह चौहान थे। राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ वान प्रस्थी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, और एक युवा नेता के रूप में देश के लिए नव जागृति व राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया ।उन्होंने आने वाले युवा, युग के बारे में भी निर्देशित किया कि भारत का विश्व गुरु बनना जन मानस की भावी अवधारणा है। जिसमें जाति-पाति, ऊंच नीच, सांप्रदायिकता व संकीर्णता जैसी विकृतियां नहीं रहेगी और भारत का विश्व बंधुत्व का चिरकालीन ऋषि प्रणीत नारा ही पूरे मानव समाज को एक कर सकेगा। राजतंत्र और धर्म तंत्र मिलकर ही विश्व शांति को जन्म देंगे। ऐसी स्थिति में राष्ट्र निर्माण में चरित्रवान युवकों की ही विशेष भूमिका रहेगी। इसके लिए भाटी को प्रेरित किया। रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि आपके आशीर्वाद से राष्ट्रभक्ति ही सर्वोपरि धर्म मानकर मैं अपने राजनीतिक जीवन में अग्रसर होता रहूंगा ऐसी मेरी मनोकामना है। इस अवसर पर भाटी का स्वागत करने वालों में गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक उम्मेद सिंह राठौड़, तहसील संयोजक पृथ्वीराज सैनी, करणी सिंह राठौड़ सरपंच ढाढरिया बनीरोतान, विक्रम सिंह कोटवाद,पंडित रामलाल शर्मा, गिरधारी सिंह राठौड़, तेजपाल सिंह राठौड़, हितेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, गुमान सिंह शेखावत, राम सिंह शेखावत, मानसिंह, विक्रम सिंह ढाढरिया एवं आसपास के परिजनों के अलावा गायत्री परिवार की काफी महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर एवं दीप जलाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाटी ने सबका आभार जताया।

# विश्व जल दिवस पर रैली का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर ब्लॉक राजगढ़ के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चांदगोठी में छात्र-छात्राओं द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया रैली को संस्था प्रधान महेश कुमार सैनी एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली गांव के मुख्य मार्ग से निकलती हुई पुनः रैली का समापन विद्यालय में किया गया रैली के माध्यम से बच्चों द्वारा स्टीकर, बैनर एवं स्लोगन के द्वारा समाज को जल संरक्षण का संदेश दिया गया समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुमार सैनी ने जल संरक्षण की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज अगर हम जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो हमारे आने वाली पीढयिां भी हमें माफ नहीं कर पाएगी सभी स्टाफ सदस्यों एवं बच्चों द्वारा इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ ग्रहण की गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ महेंद्र सिंह, धनपत, प्रियंका, जयसिंह, सरिता, मुकेश, प्रमोद, सुनीता, दिलबाग विनोद सत्यपाल एनजीओ कार्यकर्ता सतपाल प्रजापत, अमित , सुमन एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## हिन्दू भाइयों ने सहजूसर में दी रोजा इफ्तार की दावत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गाव सहजुसर में रमजान के पवित्र महीने में 21 वां रोजा इफ्तहार की दावत राजस्थान मेघवाल परिषद के जिला अध्यक्ष राम प्रताप कांटीवाल द्वारा सहजुसर में दी गई। इस पवित्र महीने में रोजेदार के लिए रोजा इफ्तेयार की दावत देकर गंगा जमुना तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल कायम की। इस अवसर पर सहीराम कांटीवाल, पूर्व सभापति गोविंद महणसरिया, मोहन आर्य, किसान नेता आदुराम न्यौल, पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल, विद्याधर मेघवाल, भादरराम मेघवाल, सुरेश दायमा, सहजूसर से जनाब हाजी, किशन बाबल, सोहन बसेट, हबीब खान, नवाब शाह मुकारब खान, बशीर खान, लियाकत खान, नवाब खान, इनायत खान, फौजी इब्राहिम खान, सत्तार खान, मामचंद गोदारा, ओम प्रकाश, भंवरलाल सेन ने इसे आपसी भाईचारा और सरानीय कदम बताया।

## रोजा इफ्तारी प्रोग्राम के माध्यम से दिया सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने बताया की चूरू जिला मुख्यालय के वार्ड संख्या 55 एवं 56 स्थित मोहल्ला चेजारान में सर्वसमाज एवं सर्वधर्म के लोगों ने शिरकत कर साम्प्रदायिक सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहल्ला चेजारान में मोहल्लेवासियों के सहयोग से रोजा इफ्तारी का बड़ा प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें सर्वसमाज एवं सर्वधर्म के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर साम्प्रदायिक सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। रोज़ा इफ्तारी प्रोग्राम में देश में अमन चौन खुशहाली देश की तरक्की उन्नति की दुआ की गई। रोजा इफ्तारी प्रोग्राम में शहर काजी अहमद अली, मस्जिद चेजारान के इमाम मोलाना मोतिउर्रहमान, मोहम्मद नियाज खान, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, असलम खोखर, डॉ. एफ.एच. गौरी, एडवोकेट सुरेश कल्ला, सीताराम खटीक, विमल शर्मा, बंजरग बजाड़, धनश्याम अलवरिया, अयूब गौड़, खाद्दीम हुसैन खान, सोयल खान डीके, साजिद गुर्जर, उस्मान चेजारा, अजीज गौरी, मोहम्मद रिजवान, अब्दुल्ल अजीज, अल्ताफ रंगरेज, इब्राहीम सिसोदिया, उस्मान अन्सारी, मुजस्सिम भाटी, अजू लुहार, खुर्शीद, कासम, जावेद, युसुफ, इमरान, नासीर हुसैन, मुस्ताक लुहार, फैसल, साहिल, अब्बु तालिब, समीर खान, शकील प्यारे, जहीर शेख, ईद मुबारिक, महेन्द्र कल्ला, मसहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जल सेवा कर पुण्य कमाओ : सुमन मीणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** शीतलाष्टमी के अवसर पर नायला में आयोजित शीतला माता के मेले में टीम सुमन मीणा टी एस एम कार्यकर्ताओं द्वारा दिनभर मेले में हज़ारों श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं भक्तों को ठंडा जल व शर्बत पिलाया गया। पंचायत समिति सदस्य सुमन मीणा ने बताया कि टीएसएम द्वारा प्रति वर्ष धार्मिक मेलों एवं अन्य आयोजनों में पेयजल एवं शर्बत की व्यवस्था की जाती रही है। इसी क्रम में टीएसएम कार्यकर्ताओं द्वारा आज सुबह 8:00 आठ बजे मेला प्रांगण में लगे टीम सुमन मीणा के जल सेवा टेन्ट में पहुचकर श्रद्धालुओं एवम दर्शनार्थियों को जल एवं शरबत पिलाना प्रारंभ कर दिया था, जो लगातार शाम 7 बजे तक चलता रहा है। इस दौरान हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं को जल एवं शरबत पिलाकर पुनीत कार्य किया गया। उन्होंने टीएसएम के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए शीतला माता से प्रार्थना की कि इस पुनीत कार्य में कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को शीतला माता आशीर्वाद प्रदान कर उनकी मनोवांछित इच्छापूर्ण करें। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस तरह के पुनीत कार्यों में अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान कर पुण्य में भागीदार बनते रहे। सभी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

## पुण्यतिथि पर सातवां वाटर कूलर लगाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती गांव लम्बोर बडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रमुख समाजसेवी एवं वन विभाग कर्मचारी नेता रहे महेश फगेडिया की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस दौरान विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यालय को एक वाटर कूलर भेंट किया गया। विद्यालय के स्टाफ ने भामाशाह का माल्यार्पण कर सम्मान किया। यह एक वार्षिक परंपरा बन चुकी है, जिसके तहत महेश फगेडिया की पुण्यतिथि पर हर साल विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर दान किए जाते हैं। अब तक बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बालिका महाविद्यालय समेत कई जगहों पर वाटर कूलर स्थापित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इनमें सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र फगेडिय़ा, धर्मिवर फगेडिया, धर्मवीर डीलर, रामसिंह झझड़िया, राकेश राहड़, सुनील राहड़ और सुरेंद्र जलेसिंह प्रमुख थे। इसके अलावा धन्नाराम शेखर पंडिया, करण स्वामी, सोनू सैनी, बलवान फगेडिया, विजय फगेडिय़ा रेंजर, कुलवीर फगेडिया, एडवोकेट अमित फगेडिया प्राचार्य मंजू इंदौरा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन, मदनमोहन आचार्य, विनोद गौतम, मनोज मल, आनन्द आचार्य ने वन श्रमिक नेता महेश फगेडिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक : चौधरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को टोंक जिला मुख्यालय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कृषि ऑडिटोरियम में विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है।

जलदाय मंत्री ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने जोर दिया। 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभियान को लेकर सरकार की मंशानुरूप चिकित्सकों व कार्मिकों को कार्य करने के निर्देश दिए। चौधरी ने वर्ष 2023 में टीबी से मुक्त हुई जिले की 16 ग्राम पंचायतों के प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए भी जिले की 51 ग्राम पंचायतों के नाम जिला स्तरीय टीम द्वारा चयन कर भारत सरकार को भिजवाया गया है। भारत सरकार के स्तर पर निर्णय लिए जाने पर इन्हें टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा। पूर्व विधायक अजीत मेहता और चंद्रवीर सिंह चौहान ने भी अभियान को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।

### विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

*जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में विकसित भारत युवा संसद-2025 के तहत एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। वर्तमान में भारत सबसे अधिक युवा आबादी का देश है। इसलिए युवा अपनी ऊर्जा देश निर्माण में लगाएं। चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में बड़ी पहल है। युवा इस विषय पर संवाद कर अपने विचार व्यक्त करें। इस दौरान पूर्व विधायक अजीत मेहता, चंद्रवीर सिंह चौहान, पूरण सिंह ने युवा शक्ति को देश के विकास एवं रचनात्मक कार्यों में अपनी भागीदारी निभाने की बात कही।*

## जेडीसी ने ली समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक, दिये अधिकारियों दिशा-निर्देश

# एक मुश्त लीज राशि जमा करवाने पर शत-प्रतिशत छूट का लाभ

**लीज वसूली पर फोकस, जल्दी की जायेंगी नई योजनाएं लांच, सेक्टर कॉमर्शियल संपत्तियों की होगी नीलामी**

## नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का किया जा रहा है त्वरित निस्तारण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में शनिवार को जेडीए के मंथन सभागार में जेडीए के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पिंक लेटर्स, डीटीएस, राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री महोदय जनसुनवाई मॉनिटरिंग सिस्टम, लोकायुक्त, मानव अधिकार आयोग, विधानसभा प्रश्नों के लम्बित प्रकरणो को गुणात्मक एवं संतोषप्रद रूप से निस्तारित करने के निर्देश दिये। लाईट्स (कोर्ट कैसेज) के संबंध में विभिन्न माननीय न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की तथ्यात्मक रिपोर्ट तथा एफआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। संयुक्त निदेशक विधि को एफआर की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिये।

बैठक में संबंधित ओआईसी को विभिन्न माननीय न्यायालयों में लंबित महत्वपूर्ण प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त एक ही प्रकृति के प्रकरणों को क्लब कर अधिवक्ता नियुक्त करने एवं जिन प्रकरणों में परिवादी से प्रकरण में समझौता किया जा सकता है, इस हेतु प्रयास करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जेडीए के जोन कार्यालयों द्वारा निरंतर ई-फाईल हेतु स्केनिंग का कार्य करवाया जा रहा है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मांग पत्र/डिमाण्ड लेटर जारी किये जाने हेतु जोनों में पदस्थापित लेखाकार की सहायता हेतु ऑटोमेटिक केलकुलेटर सिस्टम विकसित किया गया है, जिससे योजना एवं भू.सं. दर्ज करने पर स्वत: ही राशि की गणना की जा रही है। बैठक में विभिन्न प्रकरणों में भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की प्रगति की जानकारी दी गई एवं शीघ्र प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उपायुक्त जोनों द्वारा अतिक्रमण से संबंधित प्रोफार्मा रिपोर्ट प्रवर्तन शाखा को तत्काल भिजवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सीमा ज्ञान जोन तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा ईटीएस मशीन की सहायता से करवाया जाने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व अर्जन हेतु विभिन्न जोनों में व्यावसायिक, संस्थागत एवं ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों की लीज बकायादारों की सूची तैयार कर संबंधित को नोटिस जारी किये जाये। साथ ही निरंतर मॉनिटरिंग/समीक्षा की जाये। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 24.02.2025 को जारी आदेशानुसार एक मुश्त लीज राशि जमा करवाये जाने पर ब्याज में शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उक्त के अनुसार ब्याज राशि की कटौती पश्चात् लीज राशि जमा करवाये जाने हेतु नोटिस जारी किया जाने के निर्देश दिये। बैठक में समस्त जोन उपायुक्तों को भूखण्डों को नीलामी हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। इसके साथ ही समस्त जोनों में नीलामी में रखी जाने वाली सेक्टर कॉमर्शियल एवं अन्य संपत्तियों को चिन्हित कर नीलामी शाखा को प्रत्येक माह में अधिक से अधिक परिसंपत्तियों को ई-ऑक्शन में रखने के निर्देश दिये। बैठक में जोनों द्वारा नीलामी हेतु भेजे गये सेक्टर कॉमर्शियल एवं अन्य संपत्तियों की समीक्षा की गई। बैठक में जेडीए द्वारा सृजित की जाने वाली आवासीय/अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जेडीसी ने योजनाओं को शीघ्र लांच करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विभिन्न ज़ोनों में नवीन योजनाएं शीघ्र लांच करने हेतु प्लानिंग की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने समस्त जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन्स में नवीन योजनाएं सृजित करने हेतु भूमि चिन्हिकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में जोन-10 में बगराना, बीड उर्फ मुकुंदपुरा, जोन-11 में सिराणी वेयर हाउस योजना, नेवटा, चिरोटा वेयर हाउस योजना, जोन-12 में रोजदा, जयरामपुरा फार्म हाउस योजना, मंशारामपुरा आवासीय योजना, बैनाड मय दौलतपुरा आवासीय योजना, राजावास आवासीय योजना, जोन-13 में चिराड योजना, करधनी बस्सी योजना एवं जोन-14 में काठावाला झुझारपुरा योजना के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राईजिंग राजस्थान के तहत जेडीए द्वारा विभिन्न विकासकर्ताओं से किए गए एम.ओ.यू.ओ. की प्रगति रिपोर्ट सरकार को प्राथमिकता से भिजवाये जाने के निर्देश दिये एवं लंबित प्रकरणों में त्वरित एवं तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से जविप्रा के ऑनलाईन पोर्टल पर नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं (यथा लीजहोल्ड, नाम हस्तान्तरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र तथा उप विभाजन/पुनर्गठन) के प्रकरणों का निस्तारण समय-सीमा में करने पर संतोष व्यक्त किया एवं आगे भी इसी तरह से निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही 90ए के प्रकरणों में आवेदन के समय प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही जेडएलसी की प्लानिंग/कार्यवाही संपादित की जावें, जिससे भूमि की 90ए हो जोन पर प्रकरण जेडएलसी किया जाकर बीपीसी एल.पी. की बैठक में अनुमोदन हेतु भिजवाया जा सकें, जिससे समय की बचत एवं प्रकरण तय समयावधि में निस्तारित हो सकेगा।

# जयपुर शहर में सेक्टर रोड एवं मिसिंग लिंक रोड का कार्य किया जाएगा शीघ्र पूर्ण

## आमजन की राह होगी सुगम, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में सेक्टर रोड एवं मिसिंग लिंक रोड को बनाने में आ रही बाधाओं के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जयपुर विकास आयुक्त ने बताया कि जेडीए द्वारा सेक्टर रोड एवं मिसिंग लिंक रोड को पूर्ण करने के लिए सेक्टर रोड/ मिसिंग लिंक रोड को बनाने में आ रही समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करते हुए निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जयपुर के यातायात के सुगम संचालन हेतु व्यापक रोड नेटवर्क विकसित करना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की प्राथमिकता रही है परन्तु विभिन्न सेक्टर रोड/मिसिंग लिंक रोड का कार्य भूमि समर्पण/अवाप्ति से संबंधित विभिन्न प्रकार के विवादों की वजह से प्रभावित हो रहे है, जिनके निस्तारण हेतु जोन स्तर से प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जोन उपायुक्तों को निर्देश दिये गये है। बैठक में जोन-04 में 26 सेक्टर सडकों के संबंध में निर्देश दिये गये कि सडकों का वर्गीकरण किया जाकर सेक्टर सडक का निर्माण पूर्ण किया जाये। जोन-06 में लोहामण्डी से बोयतावाला तक 100 फीट सेक्टर सडक एवं लोहामण्डी से बैनाड तक 80 फीट सेक्टर सडक के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कर सडक निर्माण करने के निर्देश दिये। जोन-07 में सिरसी रोड से केशोपुरा तक 60 मीटर सेक्टर सडक एवं कनकपुरा रेलवे स्टेशन से निवारू रोड तक एवं जोन-08 में डिग्गी मालपुरा रोड से रेलवे लाईन के समानांतरण सेक्टर सडक निर्माण हेतु निर्देश दिये। बैठक में निर्देश दिये जहॉ भी सेक्टर सडकों हेतु भूमि की आवश्यकता है। वहॉ भूमि समर्पित करवाई जाये। इसके साथ ही जिन भी सेक्टर सडकों में सडक की उपलब्धता है वहॉ सडक निर्माण का कार्य तुरंत प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये एवं समस्त सेक्टर सडकों के डिमार्केशन हेतु साप्ताहिक मॉनिटरिंग/समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में सेक्टर सडकों/मिसिंग लिंक में भूमि उपलब्धता के अनुसार सडक निर्माण कर सडक पर आवागमन शुरू करने के निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न जोनों में बडी संख्या में अनियोजित सेक्टर सडकों/मिसिंग लिंक है। उक्त के निर्माण हेतु प्लानिंग कर तीन चरणों में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में जेडीए सचिव, समस्त निदेशकगण, समस्त अतिरिक्त आयुक्तगण, समस्त उपायुक्तगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

**टी बी पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं मल्टीसेक्ट्रल मीटिंग आयोजित**

# विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विश्व क्षय रोग दिवस आगामी 24 मार्च को आयोजित होगा। इसी को लेकर शनिवार को जयपुर के राज्य परिवार कल्याण संस्थान, शीफू में जिला स्तरीय टीबी कार्यशाला एवं मल्टीसेक्ट्रल मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक (शीफू) डॉ.एस.एस.अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत, जिला क्षय रोग अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ.रविन्द्र कुमार खत्री, जिला क्षय रोग अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ.रामावतार जायसवाल, विश्व स्वास्थ्य संगठन कंसल्टेंट डॉ.शिखा एवं अलग अलग विभाग के अधिकारी उपस्थित हुए। जिला क्षय रोग अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ.रामावतार जायसवाल ने इस अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर विस्तार से चर्चा की।



सीएमएचओ डॉ.रवि शेखावत ने कहा कि राजस्थान को टीबी मुक्त बनाना पहला लक्ष्य है। उन्होने बताया कि टीबी के प्रति जागरूकता फैलाकर इस रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ रविन्द्र कुमार खत्री ने बताया अभियान के दौरान निक्षय मित्र बनाने में विषेष ध्यान दिया जा रहा जिससे उनके द्वारा टीबी मरीजों को पोषण किट व अन्य तरह की सहायता अधिक से अधिक मिल सके। कार्यशाला में टीबी रोग की रोकथाम के लिए बेहतर कार्य करने वाले टी.बी. विजेता एवम् निश्चय मित्र को सम्मानित किया गया। समारोह में विभाग के विशेषज्ञ ने टीबी को लेकर व्याख्यान दिए। साथ ही गांव.गांव के अंतिम छोर तक पहुंचकर टीबी रोगियों की पहचान करके उन्हें इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचाने व भारत को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य के लक्ष्य को लेकर शपथ ली गई। इस दौरान पूर्व स्टेट टीबी ऑफिसर डॉ. विनोद गर्ग, निजी हॉस्पिटल से आए चिकित्सक, नोडल ऑफिसर, डीपीसी, पीपीएम, एसटीएस, टीबी चैम्पियंस आदि मौजूद थे।

# डिजिटल मीडिया के दौर में बढ़ी पत्रकारिता की चुनौतियां

## एचजेयू की ओर से मीडिया साक्षरता पर आयोजित की गई कार्यशाला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) की ओर से शनिवार को मीडिया साक्षरता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता वरिष्ठ टीवी पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रतीक त्रिवेदी ने कहा कि बाजार की बाध्यता हर तरह के मीडिया पर लागू है और टीआरपी के लिए टीवी की खबरें बाजार से प्रभावित होती हैं। टीवी पिछले 25-30 साल से बदल रहा है और अब बदलाव के दौर में टीवी मोबाइल पर देखा जा रहा है। डिजिटल मीडिया के दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है, लेकिन यह संभव नहीं है कि हर व्यक्ति पत्रकार के रूप में अपनी भूमिका निभा सके। बिना जांच-पड़ताल के खबरों को लोगों तक लेकर जाना खतरनाक है। त्रिवेदी ने कहा कि डिजिटल मीडिया के दौर में कोई भी खबर वायरल हो सकती है, ऐसे में तथ्यों की जांच किए बिना उनको लोगों तक जाने से रोकना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने डिजिटल मीडिया के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि लोगों ने खबरें टीवी पर शैक्षणिक परिसर देखना कम कर दिया है। मोबाइल ने यह चुनौती खड़ी की है। मोबाइल पर कौनसा डिजिटल कंटेंट वायरल होगा, यह तय करना चुनौतीपूर्ण है। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने कहा कि भावी पत्रकारों की यह जिम्मेदारी है कि यथास्थिति पर प्रश्न उठाएं और पूर्वाग्रह के साथ होने वाली पत्रकारिता पर सवाल खड़े करें। प्रो. सुधि ने कहा कि हम पोस्ट ट्रुथ के जमाने में हैं, जहां पर सच को सामने लाना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। मीडिया साक्षरता की हमारी मुहिम का यही उद्देश्य है कि सच्ची और पारदर्शी खबरें लोगों तक पहुंचें। मीडिया जिम्मेदार बने और मीडिया का उपयोग भी जिम्मेदारी के साथ हो। वरिष्ठ पत्रकार राजेश प्रियदर्शी ने 'रिपोर्टिंग में फेक्ट चेकिंग का महत्व' विषय पर बोलते हुए कहा कि बाजार के अपने नियम हैं और मीडिया का बिजनेस विश्वसनीयता पर टिका है। भरोसा खोना आसान है, लेकिन हासिल करना मुश्किल होता है। किसी विषय पर राय कुछ भी हो सकती है, लेकिन तथ्य सबसे महत्वूपर्ण होता है। उन्होंने फेक्ट चेक में उपयोग होने वाले प्रमुख टूल्स की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। दूसरे सत्र में गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की प्रो. तनु डांग ने डिजिटल मीडिया के दौर में फेक्ट चेक की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक गरिमा ने भी मीडिया साक्षरता पर चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव बी.एल.मेहरड़ा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।






# मौजमाबाद में फूड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डाक्टर हंसराज भदालिया के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा शुक्रवार को मौजमाबाद स्थित पंचायत समिति कार्यालय परिसर में फूड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 21 आवेदन रजिस्ट्रेशन के तथा एक लाईसेंस के लिये प्राप्त हुए। कैम्प में कुल राजस्व 11000 रुपये की प्राप्ति हुई।

इस शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

### 151 कुंडीय नव संवत्सरेष्टि यज्ञ महोत्सव 30 को,पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** आर्य वीर दल जयपुर,देव भूमि सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान व आर्य समाज वैषाली नगर व पतंजलि योग समिति जयपुर के सहयोग से आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस व नववर्ष के अवसर पर 151 कुंडीय नव संवत्सरेष्टि यज्ञ महोत्सव आगामी 30 मार्च को साम 3.30 बजे से साम 7.30 बजे तक वैशाली नगर,हनुमान नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित होगा। इस आयोजन के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन आज मुरली पुरा की पंतजलि योग शाखा में किया गया। इस मौके पर पतंजलि योग समिति के प्रभारी बजरंग सिंह शेखावत, हनुमान शर्मा, दीपक शास्त्री, उप प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान देवेन्द्र शास्त्री,मामराज व वेद प्रकाश आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक वेद पाल शास्त्री व उप प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान देवेन्द्र शास्त्री ने बताया कि इस मौके पर यज्ञ ब्रहमा गुरुकुल मलारना चैड़ के अध्यक्ष आचार्य सोमदेव आर्य व आषीर्वाद व मार्ग दर्शन पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती का प्राप्त होगा।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# 'विरासत को सेहजकर हों...विकास की ओर अग्रसर'

## सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रगतिरत परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** जयपुर सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जयपुर के परकोटा क्षेत्र में जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जारी विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौगान स्टेडियम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को विरासत को सहेजते हुए विकास कार्य करवाने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने, चौगान स्टेडियम में जारी निमार्ण कार्य 20 अप्रैल तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने क्रिड़ा परिषद के अधिकारियों को आमजन एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए फुटबॉल मैदान के आसपास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रेक निमार्ण करने, बास्केटबॉल कोर्ट के बेहतर रखरखाव एवं एसएमएस स्टेडियम की तर्ज पर पीपीपी मोड के माध्यम से संचालन करने के साथ-साथ स्वीमिंग पूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करवाने के निर्देश दिये। वहीं, जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को स्टेडियम के बाहर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था एवं वॉल पेंटिंग सौंदर्यीकरण के कार्य करने, लेंडस्केप गार्डन विकसित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला कलक्टर ने गणगौर अस्पताल के पास निर्माणाधीन नवीन अस्पताल परिसर के स्वागत परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भंवरलाल शर्मा जी की प्रतिमा को गरिमामय रूप से स्थापित करवाने, आपातकालीन ब्लॉक में प्रवेश एवं निकास के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करने, पोर्च एवं मुख्य द्वारा को जयपुर की सांस्कृतिक विरासत की थीम पर तैयार करने एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने किशनपोल राजकीय कन्या महाविद्यालय में जारी निमार्ण कार्य आगामी 20 अप्रैल तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने, महाविद्यालय परिसर के आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था माकूल रखने एवं सौंदर्यीकरण करवाने के साथ-साथ दरबार स्कूल के पास हेरिटेज परकोटा दीवार के जीर्णोद्धार का कार्य करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम जयपुर हैरिटेज के आयुक्त एवं जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, नगर निगम हैरिटेज, क्रिड़ा परिषद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**झुंझुनूं का लक्ष्मीनाथ मंदिर जल संरक्षण का अनूठा उदाहरण**

# 106 साल से मंदिर में सहेज रहे बारिश का पानी, इसी पानी से होता भगवान का अभिषेक और भोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सैंकड़ों वर्ष पहले शेखावाटी क्षेत्र की सूखी धरती पर, जहां पानी की किल्लत आम है। झुंझुनूं शहर का 106 साल पुराना श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर एक ऐसी विरासत का प्रतीक है। जहां आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा मेल देखने को मिलता है। यह मंदिर सदियों पुरानी जल संचयन की पारंपरिक तकनीकों को आज भी जीवित रखे हुए है। मंदिर परिसर में बने विशाल कुंड में एकत्र बारिश का पानी भगवान के अभिषेक, भोग तैयार करने और मंदिर के अन्य नित्य कर्म में इस्तेमाल किया जाता है। यह प्रथा न केवल पुरखों की दूरदर्शिता को दर्शाती है, बल्कि आज के जल संकट के दौर में एक सबक भी देती है। शेखावाटी में वर्षों पहले बने धार्मिक स्थलों में बनाए गए वाटर स्ट्रक्चर आज भी पानी बचा रहे हैं। इससे साबित होता है कि पानी के मोल को हमारे पुरखों ने बहुत अच्छे से जान लिया था। झुंझुनूं शहर में पुराना पोस्ट ऑफिस के पास स्थित 106 साल पुराने लक्ष्मीनाथ मंदिर में बरसात के पानी से ही भगवान का भोग लगाया जाता है। यहां छत के पानी को नालों से होते हुए मंदिर के नीचे बनाए कुंड में एकत्रित किया जाता है। इस पानी का उपयोग भगवान का भोग बनाने, भगवान को स्नान करवाने के काम में लेते हैं। इसके अलावा मंदिर पुजारी सभी धार्मिक प्रक्रिया, साफ-सफाई व



बागवानी में काम लेते हैं। इस मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण के साथ राम परिवार की प्रतिमाएं व शिव परिवार स्थापित है। मंदिर के व्यवस्थापक रघुनाथ प्रसाद शर्मा ने बताया कि हिंदी वर्ष 1972 मंदिर की नींव रखी गई थी। मंदिर का निर्माण पूरा होने में करीब चार साल लगे। मंदिर निर्माण के साथ ही लगभग 20 हजार लीटर क्षमता वाले भूमिगत कुंड का निर्माण भी करवाया गया। जो आज तक मानसून के पानी को संजोए हुए है। मंदिर के व्यवस्थापक रघुनाथ प्रसाद शर्मा बताते हैं की यह कुंड मंदिर की छत से बारिश का पानी नालियों के जरिए एकत्र करता है। इस पानी का इस्तेमाल केवल धार्मिक कार्यों में होता है, क्योंकि इसे शुद्ध और दैवीय माना जाता है।

**भगवान लक्ष्मीनाथ के स्नान, पूजा-अर्चना और भोग इसी पानी से :** श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में 106 साल पुराने कुंड का बारिश का जल आज भी भगवान की दिनचर्या का आधार बना हुआ है। मंदिर के पुजारी कृष्ण व्यास द्विवेदी ने बताया कि इस कुंड में संग्रहित वर्षा जल से ही भगवान लक्ष्मीनाथ के स्नान, पूजा-अर्चना और भोग तैयार किए जाते हैं। दिनभर में सात बार की जाने वाली आरती और प्रसाद की तैयारी भी इसी जल से होती है। सुबह भगवान के स्नान से रोजाना के नित्य कर्म की शुरुआत होती है। दिन में सात बार पूजा अर्चना सात बार भोग मंदिर में स्थापित कुंड के पानी से ही किया जाता है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को इसी पानी के पंचामृत दिया जाता है। पुजारी कृष्ण व्यास द्विवेदी ने बताया कि झुंझुनूं शहर के अन्य धार्मिक आयोजनों में भी यहाँ के कुंड से जल ले जाया जाता है। उन्होंने बताया कि सुबह भगवान के स्नान से दिन की शुरुआत होती है और संध्या आरती तक सभी रीति-रिवाज इसी जल से पूरे होते हैं।

**धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक मिसाल भी :** झुंझुनूं का लक्ष्मीनाथ मंदिर एक धार्मिक स्थल को नहीं, बल्कि जल संरक्षण के साथ पर्यावरण और संस्कृति के साथ सामंजस्य बिठाने की प्रेरणा है। यह परंपरा न केवल जल संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि शेखावाटी की जल संचयन की ऐतिहासिक विरासत को भी जीवित रखे हुए है।

# विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** नेहरू युवा केंद्र झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी मधु यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विक्रमसिंह ने विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर सेठ मोतीलाल आईटीआई कॉलेज झुंझुनूं में संगोष्ठी ओर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य सुभाष और अतिथि नरेंद्र सिंह भाटी चाइल्ड हेल्पलाइन आदि उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य सुभाष ने आने वाले समय में जल की आवश्यकता को बताया कि किस प्रकार जल की आवश्यकता हमारे जीवन में जरूरी है और नरेंद्र भाटी के द्वारा भी जल का महत्व कितना जरूरी है, आदि के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विक्रम सिंह ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कॉलेज स्टाफ संदीप, अक्षय, कल्पना, रेखा, दीपक, अंकुश ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में अशोकसिंह, अभिषेक, विशाल, अंकित, दीपक, सुनील, अजयपाल, नितीश कुमार, गणेश, भूपेंद्र, अनिल, अजय, आतिश सिंह, सोनू, नवीन, हिमांशु, दीपक खींचड़, निशांत, सचिन कुमार, विवेक, अमित, अनुज, निखिल, पवन कुमार, मोहित, सचिन मीणा आदि छात्र भी मौजूद रहे तथा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# स्काउट कार्यालय में विश्व जल दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में भारत सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की नेशनल ग्रीन कोर योजना के तहत इको क्लब गतिविधियों के अंतर्गत स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में विश्व जल दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स को संबोधित करते हुए सीओ कालावत ने कहा कि वर्तमान समय में जल का संरक्षण महती आवश्यकता है। यदि जल बचेगा तो ही हमारा जीवन बचेगा अर्थात जल है तो कल है कि धारणा पर जोर देते हुए कहा कि हमें वर्षा जल का संग्रहण करना चाहिए तथा आवश्यकता के अनुरूप ही जल का उपयोग करें ताकि भविष्य की पीढ़ी के लिए भी यह प्राकृतिक संसाधन सुरक्षित रह सके एवं उनके उपयोग में आ सके। हमें अपने जीवन में प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं करते हुए उन्हें सीमित मात्रा में ही उपयोग में लें। इस अवसर पर कालावत ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्काउट गाइड्स ने जल संरक्षण पर विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक, प्रतिज्ञा ली गई एवं कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीओ गाइड सुभिता महला, स्काउट प्रभारी राजकुमार सैनी, मनीषा सैनी, कपिल शर्मा, गाइड कैप्टन अंजू कुमारी, सुरेंद्र कुमार, अमरचंद, दिनेश कुमार, नवीन गौतम सहित राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे।

# ईशर गणगौर प्रतियोगिता को लेकर सर्वसमाज की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**कुचामन सिटी।** कुचामन भारतीय संगीत सदन संस्थान के तत्वावधान में विकास भवन सभागार में सर्वसमाज की महिलाओं की उपस्थिति में गणगौर श्रृंगार पर्व 30 मार्च रविवार को आयोजित करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम संयोजक मुरारीलाल गौड़ ने बताया कि यह आयोजन सायं 7 बजे भारतीय संगीत सदन संस्थान के ऑडिटोरियम में होगा। गणगौर 2025 प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 3100, उपविजेता प्रथम को 2100 व उपविजेता द्वितीय को 1100 नकद पुरस्कार, ताज पट्टीका व ट्रॉफी दी जाएगी। ईशर-गणगौर युगल में प्रथम विजेता को 2100, द्वितीय को 1100 व तृतीय विजेता को 500 नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह मिलेगा। गवरी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 1500, द्वितीय को 1000 व तृतीय विजेता को 500 नकद पुरस्कार व ताज पट्टीका प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर 7:00 से 7:30 बजे तक पहुंचने वालों को कूपन दिए जाएंगे, जिनके माध्यम से लॉटरी सिस्टम से 5 महिलाओं को चांदी के सिक्के दिए जाएंगे। सभागार में श्रृंगारित 10 महिलाओं को सर प्राइज पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी व संतोष चौधरी करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. पुलकित गुप्ता व साक्षी गुप्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजयकुमार गुप्ता, कल्पना गुप्ता व विनोदकुमार आचार्य होंगे। मीटिंग में उमा गौड़, श्रीदेवी दीक्षित, कृष्णा मंत्री, हेमा गट्टानी, मृदुला कोठारी, बरखा जैन, जिम्मी जैन, संगीत पहाड़िया, मंजू करवा, संजू जैन, रेखा जैन, किरण अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, सरिता कावरा, मधु अग्रवाल, मिंटू गौड़, घनश्याम गौड़ (अध्यक्ष), शिवकुमार अग्रवाल (सचिव), भानुप्रकाश औदिच्य (व्यवस्थापक), प्रदीप आचार्य (कोषाध्यक्ष), प्रकाश दाधीच, विमल पारीक, सत्यनारायण मोर व प्रभात प्रधान उपस्थित थे।

# विश्व जल दिवस पर जल व पर्यावरण को बचाने के लिए सेमीनार हुई



**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनूं द्वारा राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय बाकरा में विश्व जल दिवस पर 'जल है तो जीवन है' पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पानी बचाने के लिए सेमीनार आयोजित कर बरसात के पानी को घरों में एकत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। पर्यावरण बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार कर 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' कपड़े का थैला यूज करने के लिए समझाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में रीजन सेकेटरी एमआईएफ वीर महेश कुमार मूंड, संस्था चेयरपर्सन एमआईएफ वीरा आरती मूंड, सचिव वीरा सुधा पूनियां, डॉ. सोनिया शर्मा, वीरा बबिता, वीरा सुनिता, वीरा सरोज, वीरा सुनिला, वीरा सुलोचना, वीरा सविता, विकास शर्मा, श्रवण कुमार एवं काफी संख्या में स्कूल स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पुजारी सेवक महासंघ का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आज

**मंदिर के पुजारियों की मांगों व मंदिर माफी की जमीन को मुक्त करवाने को लेकर होगा मंथन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** पुजारी सेवक महासंघ के सीकर संभाग का होली स्नेह मिलन रविवार को बगड़ रोड स्थित नंदीशाला में दोपहर को सवा बजे होगा। इसको लेकर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है। आयोजन के उद्देश्यों को लेकर सम्मेलन कार्यक्रम के आयोजक व संघ के संरक्षक गुलझारीलाल शर्मा व कार्यक्रम संयोजक महेश बसावतिया ने एक संयुक्त बयान में बताया कि सीकर संभाग के प्रमुख मंदिरों के पुजारी इस सम्मेलन का हिस्सा होंगे। इस सम्मेलन में पुजारियों की आर्थिक दशा को लेकर मंथन करने के साथ ही मंदिर माफी की जमीन पर भूमाफियाओं के कब्जे को लेकर एक प्रस्ताव पास कर सरकार से मांग की जाएगी कि भगवान की सेवा में लगे पुजारियों की आर्थिक दशा के मध्य नजर हर महीने मानदेय देना व मंदिर माफी की जमीन पर भूमाफियाओं ने अतिक्रमण कर रखा है। उनको मुक्त करवा कर दुबारा भगवान के अधीन करवाई जाए। शेखावाटी के पुराने व ऐतिहासिक मंदिरों को जीर्णोद्धार कर सौंदर्यकरण व झुंझुनूं, जो संतों की पावन धरा होने के साथ ही विश्व पर्यटन के लिए, यहां पर विश्व प्रसिद्ध रानी सती मंदिर, नाथजी का टीला, पहाड़ी पर देवी मनसा माता मंदिर, बदरु की जोड़ी, खेमी सती माता का मंदिर, भित्ति चित्र से सुशोभित सेठ ईश्वरदास की ज़रोखों की हवेली, मेड़तिया बावड़ी, समस तलाब इत्यादि है धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता देने को लेकर भी सरकार से मांग की जाएगी। इस कार्यक्रम में संघ जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, उपाध्यक्ष पूर्व उप प्रधान अलसीसर विनोद पुजारी रीजाणी, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा, महासचिव सुरेंद्र शर्मा ढाणीवाला, विनोद हिसारिया आदि लगे हुए है।

## शहादत दिवस आज मनाएंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** खेतड़ी रोड लाल चौक पिचानवा स्टैंड पर चल रहा अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले साढ़े चार सौ दिनों से 1994 का यमुना जल समझौता लागू करवाने के लिए अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर रविवार को अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस 11 बजे लाल चौक पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिन क्रान्तिकारियों ने देश को आजाद कराने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके लिए हमारा भी फर्ज बनता है कि हम उनकी याद को चिरस्थाई बनाने के लिए कुछ समय निकालें तथा उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रयास करें।

# बौद्धगया महाबोधि विहार बौद्धों को सौंपने के लिए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** बौद्ध गया बौद्ध महा विहार अन्य धर्मावलंबियों के आधिपत्य से मुक्त कराने के लिए बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के बैनर तले महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेश बजाड़ को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राधेश्याम चिरानिया द्वारा विहार राज्य के बोद्ध गया स्थित बुद्धिस्ट टेंपल महाबोधी विहार को पुरोहितों से मुक्त करवाकर बुद्धिस्टों को सौंपे जाने की पुरजोर शब्दों में मांग की गई। भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सेवदा व भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकास आल्हा बताया कि ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक प्रमाणों के मध्य नजर बोद्ध गया महाबोधि विहार अन्य धर्मावलंबियों को दिया जाना कतई उचित नहीं है और बीपी एक्ट 1949 को हटाया जाकर पिछले छत्तीस दिनों से भंते एवं मॉन्क के शांतिपूर्ण आंदोलन पर अविलंब गौर कर महाबोधि महा विहार भौतिक रूप से बुद्धिस्ट



लोगों को सुपुर्द किया जाए। अगर इसमें बिहार की राज्य व केंद्र सरकार किसी प्रकार की लेट-लतीफी करती है अथवा बौद्धों की भावनाओं को नजरअंदाज करती है तो भारत ही नहीं विश्व स्तर पर इस प्रकरण को बामसेफ के सभी संगठनों द्वारा पूरे वेग और ताकत के साथ उठाया जाएगा। इस प्रकरण को लेकर देश में किसी प्रकार की अशांति फैलने की संपूर्ण जिम्मेवार राज्य एवं केंद्र सरकार होगी। समता सैनिक दल प्रदेश महासचिव बीएल बौद्ध, एडवोकेट बजरंगलाल, आसपा जिला महासचिव कपिल गोठवाल, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष विकास मेघवाल, तहसील अध्यक्ष संदीप गोठवाल सूरजगढ़, हरलाल सिंह, रुपाराम, नथमल पालीवाल, शेरसिंह महरमपुर, ओमप्रकाश पालीवाल, रविंद्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेवदा, ममता गर्वा, धर्मपाल देवठिया, बंशीधर भीमसरिया, कैप्टन मोहनलाल, गंगासिंह भोजासर, तोताराम, मनोज डिग्रवाल ने शामिल होकर ज्ञापन दिया।

# सिंघाना विकास अधिकारी दारासिंह डॉक्टरेट की उपाधि से विभूषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बुहाना।** शेखावाटी के जाने-माने शिक्षाविद व प्रमुख समाजसेवी दारासिंह बलौदा को उनकी पंचायती राज विभाग व समाजसेवा में उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के ब्रांड एंबेसडर डॉ. रामानंद शर्मा की अनुशंसा पर गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया है। उन्हें यह उपाधि शनिवार को ग्राम शिमला में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के ब्रांड एंबेसडर व संयोजक डॉ. रामानंद शर्मा व डॉ. ताराचंद शर्मा ने प्रदान की। सिंह पिछले 28 साल से पंचायती राज विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं तथा वर्तमान में पंचायत समिति सिंघाना में विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने समाजसेवा के माध्यम से भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में एक एनजीओ भी संचालित कर रहे हैं तथा पर्यावरण के क्षेत्र में भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने अब तक हजारों पेड़ लगाए हैं। उनकी पंचायतीराज विभाग एवं समाजसेवा तथा पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका को देखते हुए डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें उपाधि मिलने पर सिंघाना नगर पालिका चेयरमैन विजय पांडे, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, पूर्व प्रधान हरपाल सिंह, खेतड़ी विकास अधिकारी डॉ. महादेव सिंह काजला, सहायक विकास अधिकारी डॉ. ताराचंद शर्मा, बाबूलाल जोरासिया, पूर्व सरपंच छोटूराम, नरेश कुमार, घनश्याम सिंह, देशराज, महेश कुमार घायल, सुरेंद्र कुमार यादव, कृष्ण कुमार गुर्जर, सरपंच विकास कुमार, नरेंद्र डैला, उम्मेद सिंह, पवन कुमार जांगिड़, लालचंद कनवा एईएन, विश्वंभरदयाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुचामन सिटी में आज मनाया जाएगा शहादत दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** कुचामन शहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगतसिंह यूथ ब्रिगेड और एलबीएस शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आज 23 मार्च को पांचवा रोड़ पर नगर परिषद द्वारा घोषित भगतसिंह सर्किल पर शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया जाएगा इसकी जानकारी देते हुए भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया और एलबीएस शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर रामदेव खीचड़ ने बताया कि शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के सम्मान में हर बरस शहीद भगतसिंह सर्किल पर शहादत दिवस मनाया जाता है जो इस वर्ष भी आज 23 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें छात्र नौजवान, मजदूर एवं किसानों से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। साथ ही भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के सपनों का भारत बनाने में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की भी अपील की गई उनका कहना की है कि 23 मार्च 1931 को भगत सिंह और उनके दो साथियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी उनका बलिदान देश की स्वतंत्रता की दिशा में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ था इस शहादत दिवस के कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों को भाग लेने की और स्थानीय स्तर के प्रतिष्ठित सामाजिक हस्तियों के साथ ही स्थानीय शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, शिक्षा-प्रेमी और गणमान्य नागरिकों की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा है कि इस कार्यक्रम में छात्र-युवा वर्ग की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नई पीढ़ी को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा मिल सके।

### एसीआई स्कॉलरशिप के लिए आवेदन शुरू, छह अप्रेल को होगी परीक्षा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई ग्रुप ऑफ एज्युकेशन के तहत संचालित एसीआई उमावि एवं फाउंडेशन क्लासेज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली स्कॉलरशिप परीक्षा छह अप्रेल को आयोजित होगी। स्कॉलरशिप परीक्षा संयोजक व फाउंडेशन हैड विजय कुमार सैनी ने बताया कि स्कॉलर परीक्षा कक्षा आठ, नौ, 10, 11 और 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। जिसके लिए आवेदन शुरू हो गए है। आवेदन संस्थान में व्यक्तिगत उपस्थित होकर या संस्थान की वेबसाइट www.acijjn.com के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। अब तक इस स्कॉलरशिप के माध्यम से 250 से अधिक मैधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है।

### रामनवमी पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकलेगी, तैयारियां शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** हर साल की तरह इस वर्ष भी 40वां श्रीराम जन्मोत्सव छह अप्रेल रविवार पर भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक पार्षद विजय कुमार सैनी ने बताया कि शोभायात्रा रामलीला मैदान चूणा चौक से दोपहर 3.15 बजे से प्रारंभ होकर छावनी बाजार, जोशियों का गट्टा, कपड़ा बाजार, चबूतरा चौक, शहीदान चौक होते हुए गांधी चौक में रात्रि को विसर्जित होगी। उन्होंने सभी सनातनी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें एवं घर की छतों पर भगवा ध्वज भी लहराएं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर की अनेक संस्थाओं व समाजों की सुंदर झांकियां, बंजारा नृत्य, कच्छी घोड़ी व अखाड़ा व्यायाम शाला, रामगढ़ शेखावाटी की चंग पार्टी एवं डीजे द्वारा अनेक सुंदर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस बैठक में कार्यक्रम संयोजक पार्षद विजय कुमार सैनी, समिति के समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, भंवरलाल चौधरी, वासुदेव बसावतिया, राधाकिशन माथुर, राधेश्याम सैनी, गोपीराम पुरोहित, दयाराम सोनी, सुनिल मोरवाल, विनय मोरवाल, जयराज जांगिड़, एडवोकेट नीरज शर्मा, एडवोकेट अविनाश शर्मा, सुनिल पुरोहित, देवेंद्र छकड़, पवन हलकारा, अमित पांडे, भंवरलाल योगी, मुकेश दाधीच, पूनम पुरोहित, पार्षद विनोद जांगिड़, अविनाश पुरोहित एवं विशाल पुरोहित आदि समिति के सदस्य मौजूद थे। शोभा यात्रा निकालने की समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही है।

### प्रियंका ओला बनीं जय किसान आंदोलन की झुंझुनूं जिला महिला अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिरोड़।** कस्बे की रहने वाली प्रियंका ओला जय किसान आंदोलन की झुंझुनूं जिले की महिला अध्यक्ष मनोनीत हुई है। यह नियुक्ति जय किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव ने की है। प्रियंका ओला शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगी। प्रियंका ओला की यह नियुक्ति इनके द्वारा संगठन के प्रति की जा रही सकारात्मक को देखते हुए की गई है। इनके नियुक्त होने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

### हुक्का शोरूम बंद करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर को अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला व नहर यात्रा संयोजक रणधीर सिंह ओला ने जिले में खुल रहे हुक्का शो रूम को बन्द करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। छोटे छोटे बच्चों ने हुक्का पीने को एक फैशन का रूप दे दिया है। अकेले चिड़ावा शहर में 30-35 हुक्कों के शो रूम खुल चुके हैं। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य साथ खिलवाड़ है। हालत यह हो गई है कि घर में आस पास के चार पांच बच्चे हुक्का भर कर बैठ जाते हैं, धुआं के गुब्बारे छोड़ते हैं और बेबस माता पिता टुकर टुकर देखते रहते हैं। कानून के तहत तंबाकू व धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा रखा है। उस कानून की अवहेलना भी हो रही है। भविष्य में इन हुक्का शो रूम को बंद नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी तो बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद मदनलाल राठौड़ की अध्यक्षता में जयपुर के ईपी पैराडाइज सिने कैम्पस में विशाल और भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, झुंझुनूं लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद संतोष अहलावत, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, फिल्म सेंसर बोर्ड में सदस्य रहे रियाज फारुकी, मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, सांगानेर के सक्रिय भाजपा नेता कैलाश पारीक, उमेश पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने शिरकत की।

## न्यूज ब्रीफ

### भार वाहन का बकाया कर जमा नहीं कराने पर 99 वाहन सीज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सविता भारद्वाज ने बताया कि ऐसे वाहन जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कर जमा नहीं कराया है के विरूद्ध सीज कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए परिवहन विभाग के उडन दस्तों द्वारा 99 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई कर नियमानुसार शास्ति एवं प्रशमन राशि वसूली गई। आगामी दिवसों में ऐसे वाहनों पर और अधिक सघनता से जांच कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जावेगी। अत: वाहन स्वामी किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए 31 मार्च से पहले अविलम्ब बकाया वाले वाहनों का कर एवं शास्ति जमा कराएं। निर्धारित तिथि के बाद कर जमा करवाने पर शास्ति 3 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से वसूल की जावेगी। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के अतिरिक्त उडन दस्तों द्वारा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई कर ई-रवन्ना बकाया वाले 14 वाहनों को सीज किया जाकर नियमानुसार प्रशमन राशि वसूली गई। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा बकाया ई-रवन्ना वाले वाहनों के निस्तारण हेतु एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत 95 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। अत: वाहन स्वामी जिनके वाहनों पर ई-रवन्ना बकाया है वे ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों का निस्तारण एमनेस्टी योजना के अंतर्गत करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि खुर्दबुर्द/नष्ट हो चुके वाहनों हेतु भी एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत नष्टीकरण दिनांक तक का कर पूर्ण जमा की दशा में नष्टीकरण दिनांक के पश्चात का पूर्ण कर, ब्याज एवं पैनल्टी राशि में शत प्रतिशत छूट का प्रावधान है अत: वाहन स्वामी निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इस अवसर का लाभ उठाए।

### करेरुआ का पुरा के राजकीय विद्यालय से गेहूं के कट्टों की हुई चोरी, रिपोर्ट दर्ज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में कंचनपुर थाना क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करेरुआ का पुरा में गत रात्रि को ताला तोड़कर पोषाहार के गेंहू के कट्टों को अज्ञात लोग चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा चोरी की घटना को लेकर कंचनपुर पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुराज गुर्जर ने बताया कि आज सुबह जब वह विद्यालय पहुंचे तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और पोषाहार के गेहुं के कट्टे गायब थे। उन्होंने पुलिस और गांव वालों को सूचना दी तथा ब्लाक शिक्षा अधिकारी बाड़ी को विद्यालय में चोरी होने की घटना की जानकारी दी। तथा कंचनपुर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। वहीं कंचनपुर थाने पर तैनात हैंड कांस्टेबल श्याम बाबू ने बताया कि कंचनपुर थाना क्षेत्र के गांव करेरुआ का पुरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में गत रात्रि को चोरी होने की आज सुबह सूचना मिली थी। जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुराज गुर्जर द्वारा विद्यालय से गेहूं के कट्टो की चोरी होने पर रिपोर्ट दी है। जिस पर पुलिस ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

### जीपीएफ के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक जगदीशप्रसाद शर्मा गिरफ्तार

62 लाख का लोन उठाकर फर्जी तरीके से जमा कराने का मामला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** 62 लाख रुपए से अधिक का लोन लेकर फर्जी तरीके से उठाने के फर्जीवाड़ा करने के मामले में झुंझुनूं की कोतवाली पुलिस ने राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक जगदीशप्रसाद शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी जगदीशप्रसाद शर्मा के खिलाफ 3 दिसंबर 2024 को राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की निदेशक योगबाला सुंडा ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। जिसमें कूट रचित दस्तावेज व लोन उठाकर फर्जी तरीके से भुगतान दिखाकर सरकारी राशि का गबन किया। आरोपी को पकड़ने के लिए कोतवाली पुलिस कई दिनों से प्रयास कर रही थी। कोतवाल हरजिंद्र सिंह के सुपरविजन में जगदीश प्रसाद से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि संयुक्त निदेशक जगदीश प्रसाद ने 62 लाख रुपए का लोन उठाया। इसमें से उसने फर्जी तरीके से लोन को कूट रचित दस्तावेज के तहत जमा कर स्वयं का राज्य बीमा क्लेम उठाया। इस तरह सरकारी राशि का गबन किया। आपको बता दें कि धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हुए जगदीश प्रसाद ने राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग में अक्टूबर 2022 में सहायक निदेशक के पद पर जॉइन किया था। 31 जुलाई 2023 में झुंझुनूं से रिटायर हुए। जगदीश प्रसाद शर्मा ने लोन पहले ही ले रखा था, लेकिन सेवानिवृत्ति से पहले उसने कूट रचित दस्तावेज के आधार पर लोन को जमा कर अपना बीमा क्लेम उठा लिया। मामले का खुलासा होने पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग की संयुक्त निदेशक ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस गिरफ्तार जगदीशप्रसाद शर्मा से पूछताछ कर रही है।

### परंपरागत गीतों के साथ गणगौर पर्व की धूम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाने वाले गणगौर पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। नव विवाहिताएं व युवतियां पूरी श्रद्धा के साथ गणगौर पूजन में जुटी हैं। शुक्रवार को वार्ड नंबर 25 में लक्ष्मी नारायण सोसायटी की महिलाओं और युवतियों ने गणगौर पूजन के लिए गणगौर माता की बिंदोरी धूमधाम से निकाली। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं और युवतियों ने गणगौर माता को सुहाग की निशानी कांच की चूडि़यां, महावर, सिंदूर, रोली, मेहंदी, टीका, बिंदी, कंघा, सीसा, काजल, लाल चुनरी, प्रसाद आदि चढ़ाया इस अवसर पर महिलाओं ने बांटो बांटो आज बधाई गणगौर मैया म्हार घर आई, चुंदड़ी रो सर्व सुहाग, आज सवेरे उठास्या म्हे तोबाड़ी वाला बाड़ीखोल बाड़ी की किवाड़ी खोल, हां जी म्हारी गौरा बाईने चुंदड़ी रो चाव, म्हारी गौर तीसाई ओ राज, धूपियो देर धूपाइयो, उदियापुर स्यूं आई गणगौर आदि लोकगीत गाए। इसके अलावा भी कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों में गणगौर की पूजा धूमधाम से की जा रही है। महिलाओं और युवतियों द्वारा घर-घर जाकर गणगौर का पूजन किया जा रहा है । गणगौर के कर्णप्रिय पारपंरिक लोकगीत पूरे कस्बे में गूंज रहे हैं। गणगौर की सवारी ढोल-बाजे व गीतों के साथ निकाली जा रही है। राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाते इस पर्व पर राजस्थानी संस्कृति पूरी झलक रही है। गणगौर की बिंदोरी के अवसर पर विशाखा व्यास , सुशीला देवी व्यास, प्रेम देवी, कोशल्या देवी, दीपिका व्यास,कोमल,निमिया देवी, सुनीता व्यास, मीरा देवी, विनीता शर्मा, सुमन हिसारिया, रेणु बंसल, सीमा हिसारिया,देविका गोयनका,मीरा देवी, विनोद व्यास,लक्ष्मी पारीक, ज्योति पारीक,ममता सोनी,मानवी व्यास,डेजी, राशि, श्रेया समेत अनेक महिलाए और युवतियां उपस्थित रही।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस को समर्पित पिपली अनाज मंडी में 539 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 174 बार रक्तदान एवं 85 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया।

# वन मंत्री ने राष्ट्रीय सेवा योजना के पैनोरमा व आई स्टार्ट लॉन्च पैड कक्ष का किया उद्घाटन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शिरकत की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के पैनोरमा व आई स्टार्ट लॉन्च पैड कक्ष का उद्घाटन किया। मंत्री शर्मा ने महाविद्यालय में राज्य के पहले राष्ट्रीय सेवा योजना पैनोरमा की स्थापना की विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का विशिष्ट स्थान है। इसी सेवाभाव को विद्यार्थियों को आत्मसात करने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार शुक्रवार को ही देश में पहली बार वन विभाग के द्वारा विकसित 'डीजी-वन-फॉरेस्ट स्टैक' ऐप का शुभारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया है। उन्होंने पैनोरमा निर्माण में एनएसएस सेवा के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार के साथ मिली राशि के 2 लाख रूपये समर्पित करने वाली महाविद्यालय की प्रो. डॉ. सरोज मीणा को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि आई स्टार्ट लॉन्च पैड कक्ष की स्थापना से महाविद्यालय में विद्यार्थियों को स्टार्टअप के आइडिया मिल सकेगा जो कि एक बेहतर प्लेटफार्म साबित होगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ रोजगार प्रदाता भी बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार समन्वित भाव से कार्य कर रही है, जिसमें शिक्षा का विषय अग्रिम पंक्ति में है।

**ये की घोषणाएं :** उन्होंने महाविद्यालय में विधायक निधि कोष से एक बोरिंग, आंतरिक सडक व रोड लाइट तथा विधि महाविद्यालय में 14 लाख रूपये की लागत से कक्षा-कक्ष बनवाने की घोषणा की तथा अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से आग्रह कर उनके महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी बनवाई जावेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रदेश के वन्य अभयारण्यों में निःशुल्क भ्रमण की व्यवस्था कराई जावेगी ताकि प्रकृति को समझने व सीखने का अवसर विद्यार्थियों को मिल सकेगा।

**विद्यार्थी हित में समर्पित सरकार :** उन्होंने कहा कि जिले व आसपास के विद्यार्थियों को देखकर सीखने का अवसर मिल सके इसी उद्देश्य से अलवर के विज्ञान नगर में 25 करोड रूपये की लागत से विज्ञान केंद्र तथा 15 करोड रूपये की लागत से तारामंडल बनवाने की बजट घोषणा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आग्रह कर कराई गई है। इसी प्रकार एनसीआर के सबसे बडे चिडिया घर के रूप में कटी घाटी के पास बायोलॉजिकल पार्क विकसित कराया जा रहा है जिसमें बच्चों को वन व वन्य जीवों के बारे में देखने व समझने का अवसर मिल सकेगा।

# विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित



**झुंझुनूं।** विश्व हिंदू परिषद झुंझुनूं की दो दिवसीय जिला बैठक एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन केशव आदर्श विद्या मंदिर में भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर प्रथम दिवस की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख एवं जिला पालक देवी सहाय का उद्बोधन रहा। धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव का सानिध्य एवं जिलाध्यक्ष विनोद सिंघानिया की अध्यक्षता रही। देवीसहाय ने जिले में हर प्रखंड एवं खंड समितियां बनाने के लिए आग्रह किया गया तथा हर प्रखंड पर रामोत्सव के कार्यक्रम करने पर ज्यादा जोर दिया गया। बैठक में जिला मंत्री जयराज जांगिड़, सह मंत्री मनोज सैनी, जिला उपाध्य गिरधारी राठी, बजरंग दल संयोजक सुशील प्रजापति, सह संयोजक राहुल जांगिड़, मातृशक्ति जिला सह संयोजिका संजू कंवर, दुर्गावाहिनी जिला सह संयोजिका मोनिका जांगिड़, प्रांत धर्म प्रसार टोली सदस्य योगेंद्र कुंडलवाल, नगर अध्यक्ष श्यामसुंदर पाटोदिया, उपाध्यक्ष नितेश केजड़ीवाल, नगर संयोजक पिंटू कुमावत, मिलन केंद्र प्रमुख सोनू कुमावत, अशोक सैनी, उदयपुरवाटी प्रखंड उपाध्यक्ष ब्रजलाल शर्मा, नवलगढ़ प्रखंड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया, समरसता प्रमुख सुरेश कुमावत, सत्संग प्रमुख कृष्ण कुमार सेकसरिया, गुढ़ागौड़जी जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमावत, मलसीसर प्रखंड मंत्री विष्णु शर्मा, रतनलाल शर्मा, व्यवस्थापक प्रांत धर्माचार्य सह संपर्क प्रमुख रामानंद पाठक, अशोक प्रजापति, रोहन सैनी रहे।

# कटेवा के डॉक्टर बनने पर झुंझुनूं नागरिक मंच ने किया अभिनंदन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं नागरिक मंच द्वारा झुंझुनूं निवासी डॉक्टर सार्थक कटेवा के जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी से 15 मार्च को एमडी रेडियो डायगनोसिस डॉक्टर बनने पर जयपुर स्थित उनके निवास पर जाकर राजस्थानी परम्परा के अनुसार साफा, माला व दुपट्टा पहनाकर व भगवान राम का प्रतीक चिह्न देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्वागत अभिनंदन किया गया। नागरिक मंच के संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया डॉक्टर सार्थक कटेवा झुंझुनूं के जाने माने दंत विशेषज्ञ डॉ. संजय कटेवा पुत्र है जो सामाजिक सरोकार तहत मंच से जुड़कर कर समय-समय पर जनहित के कार्य करते रहते हैं। इस अवसर पर जयपुर एडिशनल एसपी ममता सारस्वत, डॉ. शीशराम डूडी, डॉ. पवित्रा कटेवा, स्टार एकेडमी के सचिव अख्तर अली गहलोत, समाजसेवी अनिल जांगिड़, पवन टेलर आदि गणमान्य लोगों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया।

# बाबा साहेब की जयंती शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आगामी जयंती 14 अप्रैल 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर डॉ बीआर अंबेडकर शोभायात्रा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक रामबाबू सेवानिवृत्त आईआरए ने की। बैठक के दौरान पूर्व कार्यकारिणी के कार्यों की समीक्षा की गई और नवीन कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई,साथ ही शोभायात्रा की संपूर्ण रूपरेखा तैयार करने को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। जानकारी देते हुए समिति के सचिव राजवीर सिंह ने बताया कि अगली बैठक आगामी 24 मार्च सोमवार को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक स्थानीय अंबेडकर पार्क में होगी। इस दौरान पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और शोभायात्रा की अंतिम रूपरेखा पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में बाड़ी परिक्षेत्र सहित आसपास के गांवों और शहरों के जनसामान्य को भी आमंत्रित किया गया है। समिति ने सामाजिक समरसता और बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भव्य शोभायात्रा निकालने का संकल्प लिया है। बैठक के दौरान समिति के सचिव राजवीर सिंह, धम्म भूमि टीम बाड़ी के अध्यक्ष बदन सिंह बौद्ध,एससी एसटी ओबीसी संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह बौद्ध,अजाक के ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल दुर्य,बादशाह, अमर सिंह मीणा बीझौली, नेत्रपाल,शंभू सिंह,योगेश अजर, महेश नर्सिंग ऑफिसर,नरेंद्र सिंह नर्सिंग ऑफिसर,मानसिंह बौद्ध सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**नवलगढ़।** रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी के लिए हिंदू जागरण मंच नवलगढ़ की एक बैठक शोभायात्रा संयोजक रामकुमार सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जीवराज का गेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता हिंदू जागरण मंच के नवलगढ़ के अध्यक्ष मोहनलाल चूड़ीवाल ने की। मुख्य अतिथि विवेकानंद हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय प्रचारक रहेद्य मुख्य अतिथि ने विस्तार से भगवान राम के आचरण से यह सीखने की बात बताई कि हमें अपने परिवार की सुरक्षा स्वयं को करनी है। साथ ही यह भी बताया कि हमें अपने परिवार के सदस्यों की संख्या की दृष्टि से मजबूत बनाना है। लोकतंत्र में संख्या बल महत्वपूर्ण रहता है। बैठक में आनंदसिंह शेखावत, महेश मिश्रा, मेजर डीपी शर्मा, मुरली मनोहर चोबदार, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया, गोवर्धन सिंह मारवाड़, गौ रक्षा दल के भैरव सिंह, सुरेश जांगिड़, ओमप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश सराफ आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका की टीम द्वारा लिया जा रहा डोर टू डोर स्वच्छता फीडबैक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर नगर पालिका द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के फीडबैक के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। जानकारी देते हुए बाड़ी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के फीडबैक के लिए नगर पालिका बाड़ी की टीमों द्वारा घर-घर,दुकान प्रतिष्ठान पर जाकर लोगों से फीडबैक लिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि आमजन से फीडबैक लेने के लिए उन्होंने यह https://sbmurban.org/feedback लिंक जारी की है। जिस पर आमजन स्वच्छता अभियान में अपना फीडबैक दें और साथ ही आस-पास और अपने परिवारजनों का फीडबैक देवें। उन्होंने बताया कि उक्त फीडबैक में 10 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिनके जबाव अपने विवेक से अवलोकन करके ही दर्ज करें। आपके द्वारा दिया गया फीडबैक आपके निवास स्थान को फीडबैक



रैंकिंग में एक अच्छे स्थान पर लेके जाएगा। जिसके फलस्वरूप आपके निवास स्थान पर स्वच्छता में आई कमियों को दूर किया जा सकेगा। इस दौरान पालिका के सहायक प्रशासनिक अधिकारी निश्चल बैनर्जी,वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर त्यागी, यादवेंद्र सिंह तोमर, तपेश बिधूडी,शिवशंकर पचौरी, मनु बिधूडी ,गोविंद सिंह यादव, रामकुमार कोली, सुमित तिवारी, गजेन्द्र गुर्जर, अमित कुमार शुक्ला,पुनीत कपरेला, अंकित कुमार,जोगेन्दर मीणा, राहुल कुमार,धर्मेंद्र शिवहरे, चौथमल सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# मारिगसर गांव में जर्दैबाज 'पुड़िया गैंग' ने तीन मकानों में चोरी की वारदात को दिया अंजाम

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** सदर थाना इलाके के मारिगसर गांव में बीती रात एक पुड़िया गैंग की दहशत देखने को मिली। एक ही रात में चोरों ने तीन मकानों में चोरी की। इनमें से दो मकान बंद थे। तो एक में परिवार को ही बंधक बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। तीनों में से सबसे बड़ी चोरी पंचायत समिति सदस्य सुमन राहड़ के जेठ के घर पर हुई। जहां से चोर 50 लाख रूपए से भी ज्यादा के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी ले गए। वहीं अन्य दो मकानों में भी नगदी और गहना चुराया गया। इन तीन जगहों के अलावा तीन अन्य जगहों पर भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया। लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। चोरों ने पंचायत समिति सदस्य सुमन राहड़ के जेठ सुरेंद्र के घर में पीछे से घुसे और बंद पड़े चार कमरों के ताले तोड़कर करीब आधी किलो सोने के जेवर, 20 चांदी के सिक्के समेत चांदी के जेवर तथा 20 हजार रूपए नगदी चुराई। पंचायत समिति सदस्य के पति राकेश राहड़ ने बताया कि उनके ताऊ का बेटा सुरेंद्र राहड़ विदेश में रहता है। खेतों में फसल कटाई के कारण सुरेंद्र का पूरा परिवार रात को खेत में ही रूक गया। कल दोपहर तक सब ठीक था। चोरों ने रात को ही वारदात की है। इसी तरह झुंझुनूं की निजी आईटीआई में अनुदेशक के पद पर कार्यरत मनोज पारीक के घर पर वारदात हुई। मनोज की बहन के सात—आठ साल बाद बेटा पैदा हुआ है। इसलिए अपनी बहन को देने के लिए उसने गहने रख रखे थे। रात को चोरों ने मनोज पारीक के कमरे के आगे कूंदा लगाकर उसे तोलिए से बांध दिया। जिसके बाद घर में रखे करीब ढाई—तीन लाख के गहने और नगदी चुराकर ले गए। सुबह मनोज उठा तो उसके कमरे का गेट नहीं खुला। तो पड़ौसियों को फोन करके बुलाया। तब जाकर वारदात का पता चला। इसी तरह मनोज पारीक के पड़ौसी सुरेश पूनियां के बंद मकान से भी चोरों ने गहने और नगदी चुराए है। सुरेश पूनियां जयपुर में बच्चों के साथ रहता है। तो उसकी पत्नी सुधा चाहर प्रतापगढ़ में टीचर है। सुरेश पूनियां ने बताया कि वे होली पर घर आए थे। 16 मार्च को घर को ताला लगाकर गए थे। बीती रात चोरों ने घर के ताले तोड़कर नगदी और जेवरात चुरा लिए।

# 21 साल के युवक की पुलिस ने निकाली 'हीरोगिरी'

### मोडिफाइड बाइक से कर रहा था स्टंटबाजी

**नवलगढ़।** स्थानीय पुलिस ने कस्बे के ही 21 साल के युवक की हीरोगिरी निकाली है। उसे शांतिभंग के आरोप में हीरोगिरी के लिए काम ली जा रही मोडिफाइड बाइक को जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि कस्बे का एक युवक काले कपड़े और काले रंग का हेलमेट लगाकर अपनी बिना नंबर की मोडिफाइड बाइक से स्टंटबाजी करने के अलावा राह चलती महिलाओं औ युवतियों के सामने हीरोगिरी दिखा रहा है और रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहा है। ऐसी ही कई रील पुलिस के सामने आई। जिसमें यह युवक मोडिफाइड कर बाइक में लगाए गए तेज आवाज के सिस्टम से राह चलती लड़कियों और महिलाओं को ना केवल डरा रहा था। बल्कि ऐसे स्टंट कर रहा था। जिससे वह लाइमलाइट में आ जाए। बाइक पर इसने रजिस्ट्रेशन नंबर की बजाय आगे अपनी इंस्टाग्राम आईडी और पीछे वीआईपी जैसे स्लोगन लिखवा रखे थे। पुलिस ने शिकात पर जब युवक की तलाश की तो सामने आया है कि यह युवक नदीपुरा मोहल्ले निवासी 21 साल का समीर निकला। जिसे पुलिस ने साइंस पार्क के पास पकड़ा। जब बाइक के कागज मांगे तो पुलिस से उलझ पड़ा। जिस पर पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया। वहीं समीर को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने इस युवक की कई रील सामने आए है। जिसमें यह मुख्य मार्गों से स्कूल, कॉलेज व मार्केट जा रही महिलाओं और युवतियों को फोकस रखते हुए हीरोगिरी दिखाते हुए दिख रहा है। एक रील में तो उसने दो महिलाओं को डराने के लिए उनकी तरफ तेज आवाज में बाइक ले जाते हुए दिख रहा है।

# आपकी स्किन टोन क्या है? जानें और फिर चुनें लिपिस्टिक

**लिपस्टिक मेकप नहीं है बल्कि सिर्फ एक जरूरत है। अगर ऐसी बात आप काफी समय से लोगों से कहती आ रही हैं तो शायद आप एक लिपस्टिक जंकी हैं। अगर आप अपने लिए लिपस्टिक का चुनाव सिर्फ अपने पसंद के हिसाब से करती हैं तो हम आपको बताएंगे इसे चुनने का सही तरीका। आपकी स्किन टोन के अनुसार आपकी लिपस्टिक का शेड्स कैसा होना चाहिए, जानने के लिए ये पढ़ें।**



## अगर आपका स्किन टोन फेयर है

**ओह,** तो आप उन औरतों में से हैं जो अपनी फेयरनेस को बरकरार रखने के लिए घर से निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना नहीं भूलती। फेयर स्किन वाली औरतों के लिए फ्रूटी शेड्स बेस्ट ऑप्शन हैं। प्लम, ज्वेल पिंक, कॉरेल (मूंगा) और रूबी रेड्स आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है। अगर आपका गोरापन गुलाबी ना होकर, पीलेपन की तरफ ज़्यादा है तो आप फंकी शेड्स जैसे लाइट ब्राउन, कैरेमल्स या ब्रॉन्च शिमर के शेड्स ट्राय करें। वैसे आपको सभी शेड्स सूट करेंगे, फिर भी आप अल्ट्रा ब्राइट शेड्स - नियॉन पिंक और ऑरेंज़ को अवॉइड करें। इसके अलावा आप फ्रॉस्टेड शेड्स (जो कलर के ऊपर एक सफेद परत की तरह दिखता है) को भी अवॉइड करें क्योंकि आपको गोरा दिखाने की जगह बीमार दिखाएगा। ये आपके कॉम्पलेक्शन (रूप-रंग) को पूरी तरह से कम कर देगा और आप ऐसा तो बिल्कुल नहीं चाहेंगी, है

## व्हाइटिश स्किन टोन

अगर आप इस कॉम्प्लेक्शन की हैं तो आप ऐसे शेड्स चुनें जो आपकी स्किन से अच्छी तरीके से कॉन्ट्रास्ट करें। ऐसा कोई भी शेड्स न चुनें जो कि पेस्टेल की कैटेगरी में आता हो।

ये आपके लुक को और खराब ही करेगा। ये आपको कॉन्ट्रास्ट देने की जगह, आपकी स्किन से मिल जाएगा जो कि इस मामले में बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। ब्राउन टच वाले रेड, बेरी पिंक और ओल्ड रोज़ शेड्स आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। जब आप पिंक शेड्स चुनें तो कभी भी हल्के शेड्स वाले पिंक ना चुनें।

## डार्क स्किन टोन

आप बेशक डार्क और डीप शेड्स चुनें। रेड आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है।

इसके अलावा आप मोहगनी (भूरा रंग), डीप कॉरेल, वाइन रेड, कॉफी ब्राउन, डीप प्लम और रोज़ शेड्स भी ट्राय कर सकती हैं। ज्वेल पिंक भी अच्छा ऑप्शन है, ये आपके चेहरे पर रौनक लाएगा। आप ग्लॉसी न्यूड्स और पिचेज़ भी ट्रय करें। आप ऑरेंज़ या पेल पिंक को अवॉइड करें।

सच तो ये है कि पेस्टल आपके लिए नहीं है और हां, पाउटिंग करते हुए अपनी ढेर सारी सेल्फी लेना ना भूलें।

# कुंदन और पोल्की जूलरी में क्या है फर्क?



इंडियन विमिन को जूलरी से बेहद लगाव होता है और इन्हें पहनकर वो इठलाने का शायद ही कोई मौका छोड़ती होंगी। दादी-नानी से लेकर पति और बॉयफ्रेंड तक हमें जूलरी गिफ्ट करते हैं, जिसका मतलब होता है कि वो हमें प्यार करते हैं। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है कि हम खुद के लिए जूलरी खरीदने जाते हैं और यहीं से शुरू होती है परेशानियां। जूलरी के बारे में हम बहुत कम जानते हैं - उसकी बनावट, क्वालिटी, टाइप और उसकी खासियत। खासकर अगर वो दुल्हन की जूलरी हो या उससे भी ज़्यादा - शाही दिखने की आपकी चाहत। इसीलिए हम आपको जूलरी से जुड़े कुछ बेसिक बातें - जैसे कि कुंदन और पोल्की में कैसे अंतर करें, जो आने वाले वेडिंग सीज़न का हमारा पसंदीदा है, के बारे में बताएंगे।

1. कुंदन और पोल्की, दोनो ही इंडिया की भव्य विरासत और शिल्पकारी को दर्शाते हैं। इसीलिए एक कम्प्लीट ट्रेडिशनल लुक के लिए इनसे बेहतर कोई ऑप्शन नहीं होता। कुंदन, शिल्पकारिता का सबसे पुराना रूप है, यहां तक की इसके वर्क पोल्की से भी पुराने हैं, खासकर इंडिया में।
2. इनके डिज़ाइन से लेकर इन्हें तैयार करने की पूरी प्रकिया को काफी सावधानी से किया जाता है, क्योंकि इन्हें तैयार करने में काफी समय लगता है और साथ ही इन्हें काफी बारीकी से तैयार किया जाता है।
3. **पोल्की और कुंदन, दोनों ही स्टोन होते हैं:** न ही मेटल और ना ही डिज़ाइन। जहां पोल्की में अनकट डायमंड का तो वहीं कुंदन में ग्लास imitations का इस्तेमाल होता है।
4. **पोल्की में अनफिनिश्ड नैचुरल डायमंडः** जो नैचुरल शेप्स में मिलते हैं और जिन्हें पॉलिशिंग या फिनिशिंग की ज़रूरत नहीं होती, का इस्तेमाल होता है। इन्हें जमीन से इनके नेचुरल स्टेट में खुदाई करके निकाला जाता है और जूलरी में इस्तेमाल किया जाता है।
5. दूसरी तरफ, कुंदन प्रेशियस या सेमी-प्रेशियस ग्लास होता है, डिपेंड करता है कि किस तरह के स्टोन का इस्तेमाल किया गया है। इसे पॉलिश करके इसके लुक को और भी बारीक बनाया जाता है। इसमें मुख्य काम, गोल्ड जूलरी में पत्थर बिठाने का होता है।
6. इंडिया में पोल्की मुग़लों द्वारा लाई गई था जिन्हें डायमंड का नैचुरल फॉर्म बेहद पसंद था।
7. कुंदन, अपनी कारीगरी और डीटेलिंग के साथ, एक ऐसा आर्ट फॉर्म है जो राजस्थानी कारीगरी के लिए मशहूर है।
8. पोल्की पीछे की तरफ, गोल्ड फॉयल से बना होता है ताकि सारे स्टोन एक जगह पर आ जाए। वहीं, कुंदन जूलरी में पीछे की तरफ, इनैमल वर्क के साथ-साथ स्टोन्स के बीच कई लेयरिंग रहती है।
9. कुंदन और पोल्की, दोनों ही प्रिशियस और सेमी प्रिशियस स्टोनस जैसे रूबी, नीलम और पन्ना का इस्तमेमाल करके तैयार किया जाता है।
10. पोल्की को जिस तरह की लाजवाब कारीगरी से तैयार किया जाता है और इसमें डायमंड का इस्तेमाल होने की वजह से ये कुंदन से ज्यादा कीमती होता है।

# लाइट्स, कैमरा, मेक-अप-शादी की फोटोज के लिए कैसे हों तैयार

**इंडिया की चकाचौंध भरी और धूम-धड़ाके वाली शादियां असल में ढेर सारे इंतज़ामों का परिणाम है। इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि इस दिन छोटी से छोटी चीज़ में भी किसी तरह की कमी ना रह जाए और सबकुछ बिल्कुल शाही अंदाज़ में पूरा किया जाए। सजावट से लेकर खाने तक और यहां तक की उसे परोसने वाले वेटर के कपड़ों पर भी खास ध्यान दिया जाता है। पर एक चीज़ जो शादी वाले दिन(और उसके बाद भी) पर खास प्रभाव डालती है, वो हैं शादी की फोटोज़ और विडियो। एक ऐसा देश जो फोटोज़ और शादियों का दीवाना है, हम उन्हें बता रहे हैं कि इस खास ऐल्बम में कैसे अच्छा दिखें-**



## प्राईमर है ज़रूरी

हाई डेफिनिशन विडियोज़ और कैमरों के साथ कुछ भी छुपा नहीं रह सकता। ऐसे में प्राइमर बेहद ज़रूरी हो जाता है। ये आपके चेहरे की खामियों को हल्का करने और चेहरे और मेकप के बीच आई बारीक लकीरों को छुपाता है। हालांकि ये कोई बहुत बड़ी समस्या नहीं है पर ये बेशक आपकी पिक्चर्स और वीडियोज़ में बेशक बहुत बुरी लग सकती हैं।

## बस और कुछ नहीं

जिस भी फोटोग्राफर को आपने अपने इस खास दिन के लिए चुना हो वो अपने स्किल्स आपके चेहरे पर फ्लैश चमका के ज़रूर दिखाएगा। और याद रखें कि फ्लैश किसी भी शाइनी चीज़ को बेहद भड़कीला और शिमरी दिखाता है। इस डिज़ास्टर से बचने के दो आसान तरीके हैं। पहला ये कि दिन के समय आउटडोर वेडिंग चुनना और दूसरा मैट मेकप लगाना। ये ना सिर्फ शिमर से ज़्यादा बेहतर लगता है बल्कि फ्लैश की चमक को सोखकर आपकी त्वचा को नैचुरली खूबसूरत दिखाता है।

## कॉनट्योर

एक ही तरह के पारंपरिक बैकग्राउंड के आगे फोटो खिंचवाना ना सिर्फ बोरिंग है बल्कि खतरनाक भी है। परेशान मत होइए, खतरनाक से हमारा मतलब है की कभी-कभी आपका चेहरा और इसके ऐंगल, बैकग्राउंड या किसी के कपड़ों या यहां तक की आपकी खुद की स्किन के बीच कहीं खो से जाते हैं। ये आपके चेहरे के शेप को धुंधला कर देता है जिससे आपका चेहरा हकीकत से ज़्यादा बड़ा और गोल लग सकता है। ऐसे में contouring काम आती है। आपके नाक, चीकबोन्स या जॉलाइन की contouring करके आप अपने चेहरे की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं। इससे ये होगा की आपकी फोटोज़ और विडियोज़ में आपके चेहरे का आकार बरकरार रहेगा।

## बैलेंस

जो आखिरी चीज़ आप अपने मेकप के साथ करना चाहेंगी वो है बिना सोचे-समझे मेकप की परतें लगाते जाना। इससे होगा ये कि अपनी फोटोज़ और विडियोज़ में आप खून की कमी से ग्रसित किसी वैंप की तरह दिखेंगी। इसका सबसे अच्छा तरीका है अपने सबसे अच्छे फीचर्स को उभारना पर एक बैलेंस के साथ। एक फीचर बहुत ज़्यादा उभरा और बाकी सारे नज़रअंदाज़ किए हुए नहीं लगने चाहिए।

## लास्ट मिनट चेक्स पर दें ध्यान

अपना पूरा मेकप हो जाने के बाद एक सेल्फी खींचे और अपने पति को भेजें। हालांकि वो बेशक यही कहेंगे कि आप कमाल लग रही हैं पर आप खुद भी एकबार इस पर नज़र डालें। खुद पर एक फाइनल नज़र डालें। देखें कि क्या आपके फोन का कैमरा कुछ अजीब चीज़ दिखा रहा है? भले ही ये कोई छोटी सी चीज़ हो पर ये फोटो में बहुत बड़ी लग सकती है। ध्यान दें कि लाइट्स या फ्लैश सीधे आपके चेहरे पर ना पड़ रही हों, वरना ये आपकी सारी मेहनत खराब कर देगा। और जब फोटोग्राफर आपकी फोटो खींचने लगे तो उससे कहें की वो आपको एक्सपोज़र दिखाए। पूरा ध्यान रखें की आपके चेहरे में कोई कमी ना रह गई हो। और आखिर में अपने पति को वरमाला पहनाने से पहले एक खूबसूरत सी मुस्कान पहन लीजिए।

# Chanel से Burberry तक, वो रिज़ॉर्ट 2016 कलेक्शन



**हालांकि दुनिया के सभी प्रमुख कलेक्शन्स को रिजॉर्ट से इन्सपायर्ड ही माना है, सभी प्रमुख ब्रैंड्स अभी भी इसमें इंवेस्ट कर, बड़े धूमधाम से अपने शोज कर रहे हैं। कभी हाई प्रोफाइल वुमन जिन्हें घूमने के लिए खास आउटफिट्स की जरूरत होती थी, को ध्यान में रखकर बनाया गया ये कलेक्शन आज फैशन साइकल का अहम हिस्सा है। वहीं, Karl Lagerfeld दुबई में अपने वेन्यू या Dior जो Monte Carlo को टेक ओवर कर उनके लिए एक पूरा आयरलैंड बना रहे हैं, रिजॉर्ट कलेक्शन आज पूरी दुनिया के फैशन पसंद लोगों की जरूरत बन गया है। आने वालों साल में ये हमारे कुछ फेवरेट रिजॉर्ट कलेक्शन हैं-**



## LVMH Resort 2016

Bob Hope के प्रति Nicolas Ghesquière के अट्रैक्शन ने तब नया मोड़ लिया जब उन्होंने USA में Bobe Hope's Palm Spring एस्टेट में अपना लेटेस्ट शो ऑर्गनाइज किया। आउटडोर लोकेशन पर सभी बड़े ब्रैंड्स के ट्रेंड्स को फॉलो करते इस रिजॉर्ट शोकेस में LV ने वाकई में फैशन पसंद लोगों की भीड़ जुटाई, न कि भीड़ इकट्ठा की। Charlotte Gainsburg,Kanye West और Catherine Deneuve वहां सबसे सामने की सीट पर बैठे थे। ये कलेक्शन शार्प, थोड़ा भारी लेकिन फिर भी हल्का और शहरी आर्किटेक्चर से इन्सपायर्ड था। उसमें मैक्सी स्कर्ट, बाइकर जैकेट, क्रॉप किए टॉप्स, डेजर्ट बूट्स और कट वर्क का सबसे डीसेंट यूज देखने को मिले।

## Burberry


जब बात Burberry की आती है, तो हमें पता होता है कि हम एक विजुअल ट्रीट के लिए जा रहे हैं। यहां सब कुछ सिम्पल, एलिगेंट और शालीन है लेकिन फिर भी इनमें लग्जरी की एक झलक है। जियोमेट्रिक वीव्स, सॉफ्ट पेस्टल, ब्लैक और ग्रे कलर्स में पैनल और कट-आउट वर्क हमें बहुत पसंद आए। कुछ ईवनिज वेयर ड्रेसेस के साथ लेस का यूज़ उनके लुक्स को स्टनिंग बनाते हैं और साथ ही पोंचोज के साथ इनका पेयर और जेब्रा प्रिंट्स की ओवरकोट्स के साथ पेयरिंग इसे आम लुक से हटकर बनाती है।



## Chanel Resort 2016



Karl Lagerfeld ने ईस्ट के लिए इस बार Chanel को लिया। दुबई और सिंगापुर घूमने के बाद अब इसने Seoul में अपने पैर जमाए हैं और इसके शोमैन, जो जहिर तौर पर Karl ही हैं, ने इसे इम्प्रेसिव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह एक प्रकार का इंडिकेशन भी है जो साफ जाहिर करता है कि टाइटन के Chanel जैसे ब्रैंड्स के लिए एशियन मार्केट कितने महत्त्वपूर्ण हैं। कलेक्शन में जियोमेट्रिक पैटर्न और पैच वर्क के साथ गॉर्जियस ट्वीड जैकेट्स में ढेरों रंग प्रयोग किए गए थे। जैसा कि वे हमेशा कहते हैं कि उनके कलेक्शन में हर किसी के लिए कुछ-न-कुछ जरूर होता है, इस बार भी इसकी झलक दिखी। चाहे अप अमेरिकन हों और पार्शियन फैशन को ट्राई करने की सोच रहे हों या इंडियन बैंकर से ब्लॉगर बनने की कोशिश कर रहे हों, Chanel के रिजॉर्ट में हर किसी के लिए कुछ न कुछ जरूर है।



# सुरक्षा की नई पहल

## पुलिस का सराहनीय कदम

### बस स्टैंड पर स्थापित होगी पुलिस चौकी

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

*जसवंतपुरा। उपखंड मुख्यालय पर पिछले कुछ महीनों से चोरी, नकबजनी और देर रात होने वाली असामाजिक गतिविधियों के चलते बने भय व चिंता के माहौल के बीच ग्रामीणों की मांग पर बस स्टैंड पर पुलिस चौकी स्थापित करने की स्वीकृति लोगों के लिए राहत व सुकूनभरी खबर है। कस्बे के वाशिंदों व व्यापारियों की ओर से पुलिस प्रशासन से कानून व शांति व्यवस्था की स्थापना की मांग के अनुरूप जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने त्वरित निर्णय लेते हुए मुख्य बस स्टैंड पर एक नई पुलिस चौकी स्थापित करने का निर्देश दिए। यह चौकी ना केवल क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण रखने का कार्य करेगी, बल्कि चोरी, लूटपाट, नकबजनी और असामाजिक गतिविधियों पर भी लगाम लगाने में सहायक साबित होगी। स्थानीय बाजार, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की सतर्कता बढ़ने से अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा होगा और जनता अधिक सुरक्षित महसूस करेगी।*

#### ››› लोगों को मिलेगी राहत

पुलिस चौकी खुलने से गांव और कस्बे के लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। पहले, छोटी-मोटी घटनाओं के लिए भी ग्रामीणों को मुख्य पुलिस थाने तक जाना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती थी। अब, यह चौकी न केवल आम जनता के लिए सुविधाजनक होगी, बल्कि पुलिस प्रशासन भी घटनाओं पर तेजी से कार्रवाई कर सकेगा। नकबजनी और चोरी जैसी घटनाओं में सबसे ज्यादा परेशानी यह होती थी कि रिपोर्ट दर्ज कराने और कार्रवाई में देर होने से अपराधी बच निकलते थे, लेकिन अब चौकी से पुलिस की त्वरित प्रतिं या संभव होगी, जिससे अपराधियों के हौसले पस्त होंगे और आमजन को राहत मिलेगी।

#### सुरक्षित माहौल प्रदान करने का रहेगा प्रयास

क्षेत्र में बढ़ती चोरी और नकबजनी की घटनाओं को देखते हुए यह चौकी स्थापित की गई है। हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि स्थानीय व्यापारियों, ग्रामीणों और यात्रियों को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जाए। पुलिस की चौबीसों घंटे सतर्कता बनी रहेगी, जिससे असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी।

**गुमानसिंह भाटी, थानाधिकारी जसवंतपुरा।**

#### असामाजिक तत्वों पर लगेगी लगाम

इस चौकी के बनने से रात में घूमने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा सकेगी। कई बार बाजार और बस स्टैंड के पास असामाजिक तत्व जमा होते थे, लेकिन अब पुलिस की मौजूदगी से यह सब रुकेगा।

**धर्मेन्द्र धवल, समाज सेवी जसवंतपुरा**

#### चौकी स्थापित करना सराहनीय कदम

जालोर पुलिस प्रशासन का यह कदम न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि एक सशक्त और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। जसवंतपुरा और आसपास के इलाकों में नकबजनी, चोरी, अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए यह चौकी एक मजबूत हथियार साबित होगी।

**मोडाराम प्रजापत**
**समाजसेवी जसवंतपुरा**

#### व्यापारियों और यात्रियों के लिए राहतभरी पहल

मुख्य बस स्टैंड पर स्थित होने के कारण यह पुलिस चौकी व्यापारियों और यात्रियों के लिए भी एक बड़ा सुरक्षा कवच साबित होगी। बाजार क्षेत्र में अक्सर अवैध गतिविधियां, जुआ-सट्टा, संदिग्ध लोगों की आवाजाही और असामाजिक तत्वों की हरकतें देखने को मिलती थीं, जिससे दुकानदार और ग्राहक असुरक्षित महसूस करते थे। कई बार रात के समय नकबजनी की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। अब पुलिस की सं य उपस्थिति से न केवल बाजार का माहौल सुरक्षित रहेगा, बल्कि यात्रियों को भी बेफिं होकर सफर करने का अवसर मिलेगा।

#### पुलिस प्रशासन की पहल की सराहना

जालोर पुलिस प्रशासन का यह कदम न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि एक सशक्त और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। यह पहल दिखाती है कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जसवंतपुरा और आसपास के इलाकों में नकबजनी, चोरी, अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए यह चौकी एक मजबूत हथियार साबित होगी।

#### सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

इस कदम से स्पष्ट है कि प्रशासन क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर गंभीर और सं य है। इस नई चौकी से पुलिस की गश्त बढ़ेगी, अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग होगी और पुलिस व जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा। जसवंतपुरा और आसपास के नागरिकों के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है, जिससे वे अब खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर सकेंगे।



## शीतला सप्तमी पर निभाई परंपरा, मेले में उमड़ी भीड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुड़तरा सिली।** कस्बे में शीतला सप्तमी पर एक दिवसीय मेला उत्साह व उमंग के बीच आयोजित किया गया।मेला ट्रस्टी दिलीपभाई पुरोहित के अनुसार मेले में सभी प्रकार की माकूल व्यवस्था की गई। कार्यकर्ता जवेरचंद पुरोहित, भीमसिंह पुरोहित, शंकरलाल पुरोहित, वागाराम पुरोहित, उनाराम पुरोहित, हरचंद पुरोहित, प्रकाश पुरोहित, जीतु पुरोहित, निकूल पुरोहित, भावाराम पुरोहित, नेनसिंह पुरोहित, केशाराम पुरोहित, कल्पेश गांधी, जोगाराम सुथार, राजु सुथार, भैरु राव, केसाराम चौधरी, अमरदास महाराज, पुजारी कन्हैयालाल रावल का सहयोग रहा। मेले को लेकर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रही। महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में बास्योड़े का भोग लगाकर परिवार में खुशहाली की कामना की। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया वहीं महिलाओं ने मेले में खरीदारी की। गुरुवार रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। शीतला माता मंदिर परिसर में थानाधिकारी तेजूसिंह के निर्देश पर अस्थाई पुलिस चौकी लगाई गई। रामसीन, भीनमाल रोड बस स्टैंड पर मेले को लेकर ओवर लोडिंग सवारी वाहनों पर पाबंदी लगाई गई। एएसआइ मेला प्रभारी लादाराम, अमरसिंह, उम्मेदाराम, कमला पटेल, भूराराम, हैडकांस्टेबल मनरुपाराम, महेन्द्रसिंह, कांस्टेबल नरपतसिंह, मफतलाल, कुलदीपसिंह, गंगा चौधरी, भैरूसिंह, जयंतीलाल, ओमप्रकाश एवं हरीराम तैनात रहे।



## भारतीय किसान संघ का धरना 25 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भारतीय किसान संघ का एक दिन का धरना मंगलवार को साकड़ 132 जीएसएस के आगे दिया जाएगा।संघ के जिलाध्यक्ष छोगाराम चौधरी ने बताया कि साकड़ खंड में जबरन विद्युत मीटर लगाना और बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी की है। उसको लेकर सभी किसानों को अपने-अपने बिल लेकर आने को कहा गया है। जिसका मौके पर समाधान करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

## सम्मान परीक्षा के समय परिवर्तन की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की ओर से शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन देकर राज्य स्तरीय सम्मान परीक्षा का समय परिवर्तन की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि राज्य स्तरीय समान परीक्षा कक्षा 9 व 11 के जारी हुए परीक्षा समय को परिवर्तन किया जाए। शिविरा पंचांग के अनुसार विद्यालय समय भी अप्रैल 2025 से परिवर्तन हो रहा है। वार्षिक परीक्षा सुबह 7.30 से शुरू की जाए ताकि विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

### अभिभावक सम्मेलन आयोजित

## एवीएम में होता है बालक का सर्वांगीण विकास : अजयकुमार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।
इस दौरान स्मार्ट बोर्ड का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार हनवंतसिंह ने की तथा बतौर अतिथि अशोककुमार बंसल ने भाग लिया। प्रधानाचार्य विष्णुदान चारण ने कार्यक्रम की रूपरेखा और विद्यालय की उपलब्धियां बताई।मुख्यवक्ता अजयकुमार गुप्ता ने कहा कि विद्या भारती विद्यालय में बालक का सर्वांगीण विकास होता है। इसमें शिक्षक के साथ अभिभावक की भी सहभागिता बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा तंत्र को खत्म करने का प्रयास अंग्रेजों ने किया। लेकिन, गुरुकुल पद्धति के आधार पर विद्या भारती ने शिक्षा में भारतीय संस्कृति में नई जागृति प्रदान की। विद्यालय अध्यक्ष अमृतलाल चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन कांतिलाल चौधरी ने किया। प्राथमिक के प्रधानाचार्य अमृतलाल देवासी, जयंतीलाल पुरोहित, प्रेमचंद गोयल, रमेश कुमार चौधरी, चंदनसिंह व छैलसिंह सोलंकी समेत अभिभावक मौजूद थे।

## शिविर में किसानों ने करवाया पंजीयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** रानीवाडा खुर्द ग्राम पंचायत में एग्रीस्टैक योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री के लिए पंजीयन करवाया। आरआइ रमेशकुमार ने बताया कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा किसानों ने पंजीयन करवाया। ग्राम विकास अधिकारी चूंडाराम ने बताया कि वर्तमान में शिविरों में फ्री पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही है। इस दौरान पटवारी सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पशुपालक संघ की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राष्ट्रीय पशुपालक संघ की बैठक देवासी समाज छात्रावास में आयोजित की गई। बैठक में बताया कि संघ के अध्यक्ष लालजी राईका सोमवार को सांचौर स्थित देवासी समाज छात्रावास में बहिष्कार आंदोलन के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। राष्ट्रीय पशुपालक संघ के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में घुमंतू, अर्ध घुमंतू एवं विमुक्त समाजों के हक व अधिकारों के लिए लालजी देसाई की ओर से प्रदेशस्तर पर महा बहिष्कार आंदोलन चलाया जा रहा है। रविवार को देसाई आंदोलन के सिलसिले में सांचौर पहुंचेंगे। इस दौरान सांचौर विधानसभा क्षेत्र सहित जालोर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के देवासी समाज के बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

## सातवें दिव्यांग यात्रा संघ का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा की ओर से आयोजित सातवें दिव्यांग यात्रा संघ का शनिवार को सांचौर पहुंचने पर स्वागत किया गया। सांचौर नगर सत्यपुर तीर्थ में प्रवेश महावीर स्वामी एवं तपागच्छ महावीर स्वामी मंदिर में पूजा कर दर्शन का लाभ लिया। दोपहर में दरबार चौक आराधना भवन भोजनशाला में स्वामीवात्सल्य कर शाह पुखराज पीरचंद कोटीसा परमार परिवार की ओर से सभी का संघ पूजन किया गया। भारत महामंडल दक्षिण शाखा के अध्यक्ष रमेश सी जैन एवं सचिव मंगलचंद सेठ ने बताया कि 100 दिव्यांग यात्री व 60 श्रावक-श्राविकाओं के साथ संघ मुंबई से रवाना होकर पार्श्व शांति धाम सत्यपुर तीर्थ नगर एवं हाडेचा कीर्ति स्तंभ के दर्शन कर वापस 24 को मुंबई पहुंचेगा। सातवां दिव्यांग संघ यात्रा प्रवास के लाभार्थी कंचनबेन हुकमीचंद पारख, मोहिनीदेवी छौगालाल मरडिया, अरणाया फाउंडेशन, मातुश्री भुरीदेवी भुदरमल शाह, सावित्री देवी भूरमल संघवी रामीणा, सुवालाल प्रेमबाई कांकरीया, सविता देवी, भंवरलाल कानुनगों बोथरा परिवार सहित सभी लाभार्थी परिवारों की अनुमोदना कर अभिनंदन किया गया। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याण महोत्सव में लड्डू के लाभार्थी मीनादेवी प्रकाशचंद गादीया परिवार रहे।

### यह भी रहे मौजूद

कार्यक्रम के संयोजक धनपत बी, अशोक अरणाया, भरत ललवानी, पुखराज पीराजी, महेश संघवी, हरेश जैन, राकेश सोलंकी, दीपिका शाह, राजमल मरडिया, विनोद गोकलानी, घेवरचंद देसाई, भंवरलाल घोड़ा, सतीश मेहता, दिनेशभाई शाह, लाखाराम देवासी, तपागच्छ व्यवस्थापक सज्जन शर्मा, चौका इंचार्ज मांगीलाल, दिलीप, सुर्या, दिनेश पुरोहित आदि मौजूद थे।



## जल अंजुली महोत्सव का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भारतीय जैन संघटना सांचौर चैप्टर एवं लेडीज विंग के संयुक्त तत्वावधान में जल अंजुली महोत्सव का प्रेरणादायक आयोजन किया गया। विश्व जल दिवस के इस विशेष अवसर पर जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया गया। लेडीज विंग की टीम ने जैन समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचकर जल छानने की किट का वितरण किया और सभी से जल संरक्षण का संकल्प दिलवाया। बीजेएस के संभागीय उपाध्यक्ष दिनेश बोहरा, चैप्टर अध्यक्ष श्रीपाल लूणिया, महासचिव मूलचंद छाजेड़, फाउंडेशन प्रोग्राम हेड संजय मालू, विजय नाहटा, सीए. नरेन्द्र मालू, दुर्गादास भंसाली, हेमराज भंसाली, सुनील बोथरा, लेडीज विंग अध्यक्षा मीना बोहरा, ममता एस. मालू, शिल्पा मालू, ममता एम. मालू, लीला नाहटा, उषा मालू, कंचन मालू, लीला जैन, कविता जैन एवं बीजेस के सदस्य मौजूद रहे।

## ऑक्सफोर्ड कॉलेज में 'शोध पत्र लेखन' पर कार्यक्रम आयोजित



### जुटे कई शिक्षाविद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि बदामिया महाविद्यालय रानी के प्राचार्य डॉ.सचेन्द्र बोहरा, मुख्यवक्ता जय नारायण व्यास विवि के प्रो अशोककुमार पटेल, कालाडेरा जयपुर के सहायक आचार्य डॉ.जितेन्द्र लोढ़ा, महाविद्यालय निदेशक डॉ. भागीरथ विश्नोई एवं समन्वयक डॉ. सुनीता प्राचार्य व निदेशक आइक्युएसी ने किया। रिसोर्स पर्सन प्रो.(डॉ.) अशोककुमार पटेल ने अपने शोध पत्र लेखन प्रक्रिया विषय पर बताया कि शोध पत्र लेखन एक व्यवस्थित और विस्तृत प्रं या है जिसमें कई चरण शामिल होते है। पटेल एवं डॉ.जितेन्द्र लोढ़ा ने स्वागत कर उनके अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि डॉ. बोहरा ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम में सदस्यों एवं विद्यार्थियों के व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास में सहायता मिलती है। द्वितीय सत्र में रिसोर्स पर्सन डॉ.जितेन्द्र लोढ़ा ने शिक्षण में नवाचार के की जानकारी साझा की। चेयर पर्सन डॉ.मधु चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार प्रयाग में महाकुंभ का आयोजन किया गया। उसी प्रकार महाविद्यालय में ज्ञान के कुंभ का आयोजित हो रहा है। रमेश धायल ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन सहायक आचार्य शिवसिंह व लालाराम ने किया। प्रतिभागी डॉ.धर्माराम सहारण, पोपटलाल, सुरेश कुमार, नारायणसिंह, रमेश कुमार, राकेश कुमार, अंकित शर्मा, लोकेश कुमार, शैतान मोदी भवंरलाल, ओमप्रकाश एवं श्रवण का सहयोग रहा।

## दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर, विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर, विकलांग कल्याण समिति जालोर, हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन जुंजाणी के संयुक्त तत्वाधान में जुंजाणी में चल रहे चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का समापन शनिवार किया गया।
समापन समारोह में समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक भगवानराम चौधरी, दानदाता श्यामलाल अग्रवाल, समाजसेवी ठाकराराम देवासी व प्रिंसिपल शांतिलाल जीनगर का सान्निध्य रहा। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शांतिलाल जीनगर ने सहयोग के लिए भामाशाहों व सामाजिक संस्थाओं की प्रशंसा की। चार दिवसीय शिविर में दिव्यांग व्यक्ति व महिला रोजगार के लिए सिलाई मशीन से लाभान्वित किया गया। दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार के लिए चाय ढाबा व कैंटीन का सामान दिया गया। डॉ बीके गीता, जिला विकलांग कल्याण समिति के जिला महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष वागसिंह राव भीनमाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जयंतीलाल जीनगर, प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र पी राठी, हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ ओखाराम बोस, सचिव रेवाराम सेन, समाजसेवी एडवोकेट दीपक राजपुरोहित जुंजाणी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद। महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित ने बताया कि दिव्यांगों को राज्य व केंद्र सरकार की योजना की जानकारी दी गई।



### 691 लोग हुए लाभान्वित

शिविर के दौरान ट्राइ साइकिल 100, व्हीलचेयर 90, बैसाखी 50, कैलीपर्स 36, हाथ पैर 55, कान की मशीन 290 ,नेत्रहीन के लिए सड़ी 30, दिव्यांग महिला सिलाई मशीन 25 व दिव्यांग पुरुष के लिए चाय ढाबा कैंटीन 15 सहित कूल 691 लोग लाभान्वित हुए।

## पावटी से गाजे-बाजे के साथ आज रवाना होगा पैदल यात्रा संघ

### फैदाणी में आज होगी भजन संध्या व रात्रि विश्राम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** समीपवर्ती पावटी गांव के गोलुआ से दसवीं बार कुलदेवी आशापुरा माता नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी धाम सारंगवास के दर्शनार्थ के लिए पैदल यात्रा संघ ढोल ढमाकों के साथ रविवार अल सवेरे रवाना होगा। संघ गांव में स्थित आशापुरा माताजी मंदिर में दर्शन कर हालीवाड़ा मार्ग से होते हुए दोपहर में कलापुरा के भीमेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचेगा। यहां पर महादेव के दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण करने के बाद पहले दिन रात्रि विश्राम फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से संघ का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भक्ति संध्या एवं रात्रि जागरण कार्यं म का आयोजन होगा। भजन संध्या में प्रवीण माली एंड पार्टी उड़ की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं नृत्य कलाकार भरत प्रजापत द्वारा नृत्य पेश किया जाएगा। पैदल यात्रा संघ दूसरे दिन सोमवार को सवेरे रवाना होकर रात्रि विश्राम नवमीं की सेरी रामसीन, मंगलवार को जावाल, बुधवार को महाकाली माता मंदिर पालड़ी एम, गुरुवार को ब्राह्मणी माता मंदिर पेरवा, शुं वार को चामुंडा माताजी मंदिर मुंडारा, शनिवार को सोनाणा खेतलाजी मंदिर नवाधाम सारंगवास तथा रविवार को आशापुरा माता मंदिर नाडोल धाम पहुंचकर पैदल यात्रा संपन्न होगी।

# खाप पंचायतों पर हाईकोर्ट की सख्ती

**▶▶ चार वकील और एक सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** ग्रामीण इलाकों में खाप पंचायतों के हस्तक्षेप को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने पांच सदस्यीय आयोग (कमीशन) का गठन किया है। ये कमीशन ग्राउंड जीरो पर जाकर खाप पंचायतों के मुद्दे पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा। इस कमेटी में चार वकील और एक सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। कमीशन के सदस्य कोर्ट कमिश्नर के रूप में काम करते हुए पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करेंगे और 14 मई तक हाईकोर्ट को सौंपेंगे। हाईकोर्ट ने जालोर और नागौर के याचिकाकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई की थी। याचिकाकर्ता के वकील अर्जुन सिंह ने कोर्ट को बताया कि पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में खाप पंचायतों का हस्तक्षेप देखने को मिल रहा है।

जो अपने स्तर पर ही सामाजिक बहिष्कार और जुर्माना लगाने का फैसला सुना रहे हैं। वहीं एक सामाजिक कार्यकर्ता महावीर कांकरिया को जोड़ा गया है। साथ ही संबंधित जिलों के एसपी को भी इन कोर्ट कमिश्नर को हरसंभव सहयोग करने और उनके दौरे के दौरान पुलिस सुरक्षा भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कमीशन के सदस्य विभिन्न थानों का निरीक्षण, गांव के सरपंच, ग्रामसेवक, सरकारी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भी बात करके गांवों के रीति-रिवाजों के बारे में भी जानकारी जुटाएंगे। बता दें कि जस्टिस फरजंद अली की कोर्ट में याचिकाकर्ता जालोर के भाकाराम, नागौर के जेठाराम, गोटन की पानी देवी की याचिकाओं पर सात मार्च को संयुक्त सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई के बाद कमीशन बनाने का आदेश दिया गया।

### ग्राउंड पर जाकर काम करेगा कमीशन

इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने जोधपुर, पाली, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर और जालोर जिलों में सच्चाई जानने के उद्देश्य से कमेटी का गठन किया है। कमेटी का उद्देश्य खाप पंचायतों और अन्य सामाजिक बुराइयों को खत्म करने जमीनी सच्चाई जाने और समाधान करने का काम रहेगा। कमीशन सदस्य, एडवोकेट देवकीनंदन व्यास ने बताया कि हाईकोर्ट ने खाप पंचायतों के तुगलकी फरमान और ऐसी समस्या को जड़ से खत्म करने के मकसद से कमीशन का गठन किया। इसमें मेरे समेत तीन और रामावतार सिंह चौधरी, भागीरथ राय, शोभा प्रभाकर को शामिल किया गया है।

## युवक ने गर्लफ्रेंड पर किया वार

**जोधपुर।** जोधपुर में युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड पर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए आए पिता पर भी वार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के बासनी थाना क्षेत्र की श्रमिक कॉलोनी की है। आरोपी फ़ोदार कुमार (28) निवासी हरपुर पुलिस थाना ईटाड़ी को गिरफ्तार किया गया है। बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी की गांव में रहने के दौरान दो महीने पहले फोदार कुमार नाम के युवक से जान-पहचान हो गई थी। यह दोनों में इसी बात को लेकर विवाद हो गया। सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने लड़की के पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार कर दिया।

**विशेष : विश्व जल दिवस**

# बाड़मेर : थार रेगिस्तान की गोद में सहेजी जा रही रजत बूंदें

**बाड़मेर।** तपती धूप और मीलों तक फैले रेतीले विस्तार के बीच थार रेगिस्तान में पीने के पानी को अमूल्य माना जाता है। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक स्थित बाड़मेर के रोहिड़ी गांव में रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी जुटाना एक कठिन चुनौती थी। लेकिन नवाचारों और सामूहिक प्रयासों के चलते अब यहां मानव और पशुओं को पेयजल सहज रूप से उपलब्ध हो रहा है। वेदांता की नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रिया अग्रवाल ने दो साल पहले बाड़मेर प्रवास के दौरान रोहिडी गांव का दौरा किया। उन्होंने देखा कि यहां की महिलाएं हर दिन दो से चार किलोमीटर पैदल चलकर सैकड़ों फीट गहरे कुएं से पानी



खींचती हैं। यह उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका था। इस समस्या के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान सरकार और केयर्न ऑयल एंड गैस ने मिलकर प्रयास किए। जल उपस्थिति की मैपिंग कर नवीन तकनीक के माध्यम से गांव के निकट तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। अब इन प्रयासों से न केवल ग्रामीणों को, बल्कि पशुओं को भी आसानी से पानी मिल रहा है। बाड़मेर जिले में अब तक 16 बोरवेल बनाए जा चुके हैं, जिससे 3,200 से अधिक घरों को जलापूर्ति हो रही है। काउ का खेड़ा, बांदरा, नेहरो का वास, निम्बलकोट और दौलतपुरा जैसे गांवों में स्थायी जल स्रोतों की स्थापना से महिलाओं का श्रम भी कम हुआ है। इसके अतिरिक्त, केयर्न ने 25 खडीनों का निर्माण कर पारंपरिक जल संरक्षण प्रणाली को पुनर्जीवित किया है। इससे भूमि की नमी बरकरार रहती है और भूजल स्तर में भी सुधार हो रहा है। इससे किसानों को अधिक उपजाऊ मिट्टी और बेहतर फसल उगाने के अवसर मिल रहे हैं।

वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020

# एसओजी ने कांग्रेस नेता नरेश देव सारण को दबोचा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक मामले में जांच एजेंसी एसओजी आरोपियों की ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां करने में जुटी है। इसी कड़ी में एसओजी ने अब बाड़मेर से पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और कांग्रेस के युवा नेता नरेश देव सारण को गिरफ्तार किया है। उसे बाड़मेर से जयपुर ले जाया गया है। वहां उससे पूछताछ की जाएगी। सारण





पर इससे पहले 2018 में सैकेंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा का भी पेपर लीक करने का आरोप लग चुका है। एसओजी की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 साल 2022 में आयोजित हुई थी। इस परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया था। इसका मामला बांसवाड़ा में दर्ज हुआ था। बाद में इस केस की जांच एसओजी के पास आ गई थी। एसओजी ने इस केस में बीते करीब 10 दिनों में ताबड़तोड़ आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू किया था। इसके चार आरोपी हाल ही में उदयपुर में पकड़े गए थे। उससे पहले पेपर लीक करने वाले माफिया को इंदौर से पकड़ा गया था। वह माफिया भी बाड़मेर के गुढामालानी का रहने वाला है। अब बाड़मेर पुलिस और डीएसटी ने एसओजी के इशारे पर शुक्रवार रात को कांग्रेस नेता नरेश देव सारण को गिरफ्तार किया है। नरेश वर्ष 2004-05 में बाड़मेर राजकीय पीजी कॉलेज में छात्रसंघ का अध्यक्ष रह चुका है। नरेश ने यह चुनाव एनएसयूआई के टिकट पर लड़ा था। यहीं से नरेश ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की।

### दो बार नगर परिषद में पार्षद बना था नरेश

उसके बाद नरेश ने बाड़मेर नगर परिषद का चुनाव लड़ा और पार्षद बना। अगली बार वह नगर परिषद का चुनाव हार गया। उसके बाद फिर कांग्रेस सरकार ने वह मनोनीत पार्षद रहा। नरेश बाड़मेर का ही रहने वाला है। उसका नाम पूर्व में 2018 में हुई सैकेंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा के लीक हुए पेपर में भी आ चुका है। नरेश से पूछताछ में वन रक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# जैसलमेर शहर से हटेंगी अवैध मीट की दुकानें



**जैसलमेर।** जैसलमेर नगर परिषद द्वारा अवैध मीट की दुकानों व बुचड़खानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगरपरिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढा ने तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। नगरपरिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढ़ा ने बताया- संज्ञान में आया है कि नगरपरिषद क्षेत्र में अवैध मीट की दुकानें एवं बूचड़खाने संचालित हो रहे है। हमने तीन दिन का अल्टीमेटम देकर उनको हटाने के लिए कहा है। अगर वे नहीं हटाते हैं तो नगरपरिषद उनको हटाने की कार्रवाई करेगा।

### ▶▶ केवल लाइसेंस धारी को परमिशन

नगरपरिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढ़ा ने नगरपरिषद क्षेत्र के समस्त अवैध मीट की दुकानों और बुचड़खानों के मालिकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि आगामी तीन दिन में इन अवैध मीट की दुकानें व बूचड़खाने स्वयं के स्तर से तत्काल हटवा लें। सोढा ने बताया- मीट की दुकान और बूचड़खाने के लाइसेंस या वैद्य दस्तावेज हो तो आगामी तीन दिन में नगरपरिषद में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला**

# कोरोनाकाल में बंद रोडवेज बसों का संचालन फिर होगा शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** राजस्थान विधानसभा के प्रश्न काल के दौरान ओसियां विधायक भैराराम सियोल ने क्षेत्र की रोडवेज बस सेवाओं से जुड़ी समस्या को सदन में प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जोधपुर-भेड़-खेतासर मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बस सेवा कोरोना काल के दौरान बंद कर दी गई थी, जो आज दिन तक पुनः शुरू नहीं की हैं। ओसियां क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां आज भी रोडवेज बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर उप मुख्यमंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा ने जवाब देते हुए यह आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बस सेवाओं को पुनः संचालित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 800 नई बसों की निविदा आमंत्रित की गई है, जिसमें 300 इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक से डेढ़ महीने में निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ ओसियां क्षेत्र में भी रोडवेज बसों का संचालन पुनः शुरू किया जाएगा। विधायक सियोल ने मांग की कि इस ओसियां क्षेत्र की वंचित ग्राम पंचायतों में बस सेवा बहाल की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।





# बालोतरा में बदमाशों का आतंक, लूट का किया प्रयास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। सिवाना थाना इलाके के मोकलसर गांव में बुधवार रात चार से पांच बदमाशों ने एक युवक की कार को जबरन रुकवाकर उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक की कनपटी पर पिस्तौल तान दी और लूटपाट का प्रयास किया। पीड़ित ने विरोध किया तो बदमाशों ने लोहे की सरियों से गाड़ी पर हमला कर दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। बालोतरा जिले के सिवाना लुदराडा निवासी राजूसिंह पुत्र कालूसिंह ने 20 मार्च को सिवाना थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार, 19 मार्च की रात लगभग 9:20 बजे



वह अपने चचेरे भाई जितेंद्र सिंह (पुत्र चुन्नीलाल) और कमलेश (पुत्र गेनजी) के साथ अपने गांव से मोकलसर सर्किल स्थित मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गया था। वहां से दवाई लेने के बाद तीनों एक चाय की दुकान पर चाय पीने रुके और फिर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक स्विफ्ट कार उनकी गाड़ी के सामने आकर रुक गई, जिससे उनकी कार को भी रुकना पड़ा। उस कार से चार अनजान लोग बाहर निकले, जिनके हाथों में लोहे की सरिया और पिस्तौल थी।

### जान से मारने की धमकी

पीड़ित राजू सिंह ने बताया कि जैसे ही उनकी कार रुकी, बदमाशों ने गाड़ी की खिड़कियों पर जोर से वार करना शुरू कर दिया। बदमाश ने पिस्तौल निकालकर उसकी कनपटी पर तान दी और खिड़की का शीशा नीचे करने को कहा। जैसे ही उसने कांच नीचे किया, बदमाशों ने उसका कॉलर पकड़कर उसे बाहर खींचने की कोशिश की और उसकी सोने की चेन खींचने लगे।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच शुरू

घटना की जानकारी मिलने के बाद सिवाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पूरे मामले की जांच एसआई दुर्गाराम को सौंपी गई है। पुलिस टीम आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। इस घटना के बाद से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

# बाड़मेर : राजस्व वसूली के लिए गई डिस्कॉम टीम पर जानलेवा हमला

**बाड़मेर।** बाड़मेर डिस्कॉम बिजली के बिलों की बकाया राशि जमा नहीं करने पर वसूली अभियान चला रही है। शुक्रवार को शिव थानान्तर्गत बालासर गांव में राजस्व वसूली के लिए गई डिस्कॉम की टीम असमाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। मामले को लेकर कनिष्ठ अभियंता की ओर से शिव थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना को लेकर जिले भर के डिस्कॉम अधिकारियों व कर्मचारियों में आक्रोश है। पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। डिस्कॉम के अनुसार शिव उपखण्ड के कनिष्ठ अभियंता ललित बाकोलिया, तकनीकी कर्मचारी कन्हैयालाल, पदमसिंह सहित अन्य कर्मचारी निगम के वाहन से बालासर गांव पहुंचे थे जहां लाइट



बिलो की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले कंज्यूमर के कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रहे थे। इस दौरान करीब दो दर्जन से अधिक लोगो ने समुह बनाकर षड़यंत्र पूर्वक डिस्कॉम की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डण्डों से डिस्कॉम अभियंता ओर कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के साथ ही गाड़ी को पूरी तरह से तोड़ दिया।

## व्यापार जगत

# 10,000 रुपए का एक आम

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के भोकर तालुका के भासी गांव की सुमनबाई गायकवाड़ के लिए महामारी के दौरान मिला एक अनोखा तोहफा सुनहरा अवसर बन गया है। दुनिया के सबसे महंगे आम के सिर्फ 10 पौधों से उनका छोटा सा खेत अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। यह भविष्य में फलों का एक बड़ा कारोबार बन सकता है। 17 मार्च को सुमनबाई जिला कृषि और अनाज महोत्सव में मियाजाकी आमों की एक टोकरी लेकर पहुंची थीं। उनकी टोकरी ने तुरंत सबका ध्यान खींचा। अपने खास स्वाद और चमकीले लाल रंग के लिए जाने जाने वाले ये विदेशी आम 10,000 प्रति पीस तक बिकते हैं। सुमनबाई की यात्रा उनके बेटे नंदकिशोर गायकवाड़ के साथ शुरू हुई। नंदकिशोर यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। लेकिन, कोरोना लॉकडाउन के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो गई। पुणे से घर लौटने पर उन्होंने ऑनलाइन ब्राउज करते समय



मियाजाकी किस्म के बारे में जाना। नंदकिशोर ने उत्सुक होकर फिलीपींस से 10 पौधे आयात किए। उन्होंने एक पौधे के लिए 6,500 रुपए का भुगतान किया। एक रिपोर्ट के अनुसार, दो साल पहले लगाए गए इन पौधों में इस मौसम में 11 से 12 फल लगे हैं।

### ▶▶ क्यों खास यह आम

मेले में 82 स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें जैविक उत्पादों से लेकर हर्बल सप्लीमेंट्स तक सब कुछ प्रदर्शित किया गया था। मियाजाकी आमों में बीटा-कैरोटीन, फोलिक एसिड, विटामिन सी और विटामिन ए भरपूर मात्रा में होते हैं। यह उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर, प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाला और त्वचा के लिए अच्छा बनाता है। अपनी मिठास के बावजूद वे संतुलित शुगर लेवल बनाए रखते हैं। इससे वे तुरंत ऊर्जा देने वाले फल बन जाते हैं। बेटे के प्रयोग के रूप में जो शुरू हुआ था, सुमनबाई के लिए अब वह एक सफल व्यवसाय है।

### 29 प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

नंदकिशोर ने फसल की सही कीमत पता करने के लिए परभणी के मियाजाकी के प्रसिद्ध किसान वारपुडकर से सलाह ली। उन्होंने 10,000 रुपए प्रति आम का मूल्यांकन करने की सलाह दी। मेले में इस आम की चर्चा से स्थानीय किसानों में भी इस प्रीमियम फल के कारोबार को लेकर दिलचस्पी पैदा हुई है। नांदेड़ में आयोजित कृषि मेले को कलेक्टर कार्यालय, जिला परिषद और कृषि विभाग का समर्थन मिला था। इस मेले में आधुनिक और टिकाऊ तकनीकों का उपयोग करने वाले 29 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर राहुल कार्डिले ने कहा, 'कृषि उन लोगों के लिए अपार अवसर प्रदान करती है जो नवाचार करने को तैयार हैं।'

# 2000 रुपए सस्ता गोल्ड

**मुंबई।** गोल्ड की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स गोल्ड हाल ही में 89,796 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन उसके बाद से यह प्रॉफिट बुकिंग का शिकार हो गया। जिसकी वजह से कीमतों में करीब 2000 रुपए गिरावट देखने को मिली। जिसके बाद एमसीएक्स गोल्ड का रेट 87,785 रुपए प्रति 10 ग्राम के लेवल पर आ गया। बता दें, इस एमसीएक्स गोल्ड की कीमतों में 14 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इंटरनेशनल मार्केट में इस साल सोने की कीमतों में 15 प्रतिशत की उछाल देखने को मिल चुकी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार गोल्ड की कीमतों में तेजी के पीछे की वजह रिटर्न की गारंटी है। साथ ही गाजा में बढ़ते टेंशन और अमेरिका में मंदी की संभावनाओं ने गोल्ड की कीमतों में इजाफा करने में मदद की है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिकी फेड की मीटिंग ने भी कीमतों में बढ़ोतरी में मदद की है। अमेरिकी फेड रिजर्व का कहना है कि इकनॉमिक ग्रोथ स्लो रहेगी साथ इंफ्लेशन बढ़ेगा। जिसका असर अर्थव्यवस्था पर दिखेगा। एक्सपर्ट्स ने सोने की कीमतों में गिरावट के दौरान दांव लगाने की सलाह दी है। एसएस वेल्थस्ट्रीट की फाउंडर सुंगधा सचदेवा कहती हैं, "गोल्ड की कीमतों में तेजी के पीछे सुरक्षित निवेश के साथ-साथ गाजा में बढ़ा टेंशन भी है। इसके अलावा अमेरिका में मंदी की चिंता और टैरिफ की वजह से महंगाई बढ़ने की संभावना ने सोने का भाव को बढ़ा दिया है। इसके अलावा डॉलर इंडेक्स में गिरावट ने भी गोल्ड की चमक को बढ़ाई है।" कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि गोल्ड अब भी दबाव में रहेगा। इसके पीछे की वजह वो रुपए का मजबूत होना बताते हैं। उनका कहना है रुपए के मजबूत होने पर गोल्ड की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है। उनका मानना है कि सोने की कीमतों के लिए 88000 रुपए का लेवल काफी अहम हो जाता है।



## आप का राशिफल 23 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

# कोटक की छोटी एसआईपी में निवेश का मौका

**मुंबई।** अगर आप सिस्टैमिटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश करने की सोच रहे हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) ने 'छोटी एसआईपी' शुरू करने की घोषणा की है। यह कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। इस पहल के साथ कोटक म्यूचुअल फंड ने भारतीय निवेशकों को एक आसान और सुलभ इन्वेस्टमेंट ऑप्शन प्रोवाइड करने का लक्ष्य रखा है। सेबी और एएमएफआई द्वारा हाल ही में शुरू की गई छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत के साथ यह पहल और भी अहम हो जाती है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। छोटी सिप के तहत कोई भी नया निवेशक केवल 250 की न्यूनतम राशि से निवेश की शुरुआत कर सकता है। छोटे भारतीय निवेशकों के लिए यह पहल एक वरदान साबित हो सकती है। अब बिना बड़ी राशि की आवश्यकता के निवेशक सपनों को साकार करने के लिए निवेश करना शुरू कर सकते हैं। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड किसी भी रिटर्न/भविष्य के रिटर्न की गारंटी या वादा नहीं करता है। इससे पहले एसबीआई म्यूचुअल फंड ने फरवरी महीने में 250 रुपए मासिक निवेश वाली एसआईपी शुरू की।



# गर्मी ढंग से शुरू भी नहीं हुई, Drink की डिंमांड पूरी करने में छूट रहे पसीने!

**नई दिल्ली।** इस साल गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। इस वजह से अपने यहां शर्बत, ठंडे पेय पदार्थ और इंस्टेंट ड्रिंक्स की डिमांड बढ़ गई है। शहरों और गांवों दोनों जगह लोग खूब इंस्टेंट ड्रिंक्स पी रहे हैं। इसलिए शर्बत, कोला और इंस्टेंट ड्रिंक्स प्रोडक्ट्स की डिमांड भी बढ़ी है। दरअसल, इन कंपनियों को भी अंदाजा नहीं था कि होली बीतते ही ऐसी डिमांड निकलेगी। तभी तो इसे पूरा करने में इन कंपनियों के पसीने छूट रहे हैं। इंस्टेंट ड्रिक में रसना एक बड़ा नाम है। इसे बनाने वाली कंपनी का नाम है रसना इंटरनेशनल। इसके चेयरमैन पाइरज खंबाटा का कहना है कि मार्च में ही डिमांड खूब बढ़ रही है। उनका कहना है कि डिमांड ऐसी बढ़ी है कि उसे पूरा करने में दिक्कत आ रही है। खंबाटा ने बताया, गर्मी इस साल जल्दी आ गई। यह हमारे जैसे इंडस्ट्री के लिए अच्छी बात है। लेकिन इससे लॉजिस्टिक्स की दिक्कतें भी आ रही हैं। हमें डिलीवरी में परेशानी हो रही है। हमारी चुनौती यह है कि हम अपने प्रोडक्ट्स को आउटलेट्स तक कितनी जल्दी पहुंचा सकते हैं। गर्मी बढ़ने से पूरे बेवरेज मार्केट को फायदा हो रहा है। लेकिन गांवों में डिमांड को लेकर स्थिति थोड़ी मिली-जुली है। खंबाटा ने कहा कि गांवों में लोग ज्यादा ड्रिंक्स पीना तो चाहते हैं, लेकिन उनकी खरीदने की क्षमता उतनी नहीं बढ़ी है जितनी उम्मीद थी। उन्होंने कहा, हमें गांवों में जितनी डिमांड बढ़ने की उम्मीद थी, उतनी नहीं बढ़ रही है। गांवों के लोगों की डिस्पोजेबल इनकम (खर्च करने के लिए बची हुई आय) उतनी नहीं बढ़ी है जितनी उम्मीद थी।





### सप्लाई चेन को कर रहे मजबूत

रसना अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। कंपनी 2026 तक अपने रिटेल नेटवर्क को 1,00,000 आउटलेट्स तक बढ़ाने की योजना बना रही है। पटना में एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट भी लगा रही है। इस प्लांट में लीची के कंसंट्रेट बनेंगे, जिनकी सालाना कैपेसिटी दो मिलियन केस होगी। कंसंट्रेट का मतलब है फलों का रस निकालकर उसे गाढ़ा करना। ग्लोबल फ्रूट कंसंट्रेट मार्केट की बात करें तो साल 2023 में 2.46 बिलियन डॉलर का था।

# किवरली में गंदगी का आलम

## टूटी नलियां, गंदे पानी के भराव से लोग परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** किवरली में ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते चहुंओर गंदगी व बदइंतजामी का आलम है। जगह-जगह टूटी पड़ी नालियां, गंदे पानी के भराव से लोगों को जीना मुहाल हो चुका है। खेतेश्वर चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग जाने वाली सड़क पर नालियां नहीं है। इससे घरों का दूषित पानी आम रास्ते पर बह रहा है। कृष्णगली में पानी की पाइपलाइन डालने के लिए तोड़ी गई नालियों को दुरुस्त नहीं किया गया। नालिया मिट्टी से अटी पड़ी है। आम रास्तो की सफाई व्यवस्था के लिए स्वच्छ भारत के तहत टेंडर प्रक्रिया के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। सफाई के नाम पर मात्र औपचारिकता की जारी है। उपसरपंच मती मंजू देवासी ने बताया कि गांव में सफाई व्यवस्था के लिए 6 लाख रुपए के आस पास टेंडर निकालने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव में कचरा उठाने के लिए ट्रैक्टर लगाया गया है, जिसमें सूखा व गीला कचरा साथ में ही परिवहन किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़क के ऊपर आज तक सीमेंट नहीं किया गया है। पन्नालाल पुरोहित के मकान के आगे मुख्य सड़क पर गडढा बना हुआ है। इससे वाहन चालकों के गिरने का खतरा बना हुआ है। वहीं नालियों पर लगाई गई जालिया चोरी हो गई है। भंवरलाल पुरोहित ने बताया कि गांव में सीसी रोड बनाए गए। लेकिन, दोनों तरफ नालिया नहीं बनाने से गंदा पानी आम रास्ते पर बहता है।

# डांडियों की शानदार 'प्रस्तुति', साकार हुई 'संस्कृति'

## सांतपुर गांव में आयोजित किया गया गैर नृत्य कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** ढोल की थाप... थाली की खनखनाहट... पारम्परिक वेश धरे हाथों में डांडिया थामे गेरिए... ढोल की थाप पर थिरकते कदम... खनकते डांडिया..., डांडियों की खनक के मोहपाश में बंधे दर्शक...तालियों की गड़गड़ाहट..., लोक संस्कृति को साकार करता गैर नृत्य...। कुछ ऐसा ही नजारा शुक्रवार शाम को सांतपुर में दौरान देखने को मिला। मौका था शीतला सप्तमी पर्व के तहत आयोजित गैर नृत्य का। गैर नृत्य के आयोजन में गेरियों ने समां बांध दिया। पारम्परिक वाद्य यंत्र ढोल व थाली के साथ गेरिए ने आकर्षक नृत्य किया। ढोल की थाप व थाली की खनखनाहट पर गेरियों ने गैर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। विभिन्न वेशभूषा में गैर नृत्य करते गेरिए लोगों में आकर्षण का केंद्र रही। देर शाम तक चले गैर नृत्य की प्रस्तुतियों के मोहपॉश में दर्शक बंधे रहे। इस दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए।



पोसालिया। कस्बे के शक्ति माता मंदिर चौक पर शुक्रवार को गैर नृत्य किया गया। चुन्नीलाल हकमाराम रावल परिवार की ओर से गैर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे समेत आस-पास के गांवों के गेरियों ने शिरकत की। इससे पहले महिलाओं ने शीतला माता की पूजा अर्चना की।

### मेले का उठाया लुत्फ

गैर नृत्य के दौरान आयोजित मेले में मेलार्थियों ने जमकर लुत्फ उठाया। खानपाल की विभिन्न स्टॉलों पर पकवानों का रस लिया। साथ ही विभिन्न झूलों का आनंद लिया। मेले के दौरान जल व मीठे पेय की व्यवस्था की गई। लोगों को प्रसादी का वितरण किया गया।



# गांव में बिजली बनी परेशानी का सबब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेथीपुरा के बाहर पोल लगा होने के कारण गांव समेत विद्यालय में सप्ताह में एक बार लाइट आती है बाकी के दिनों में लाइट नहीं आने से विद्यार्थी एवं ग्रामीणों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी समाज के लोग होने के कारण विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। यहां के लोग ज्यादातर लोग खेती बाड़ी पर निर्भर है।



### जमीन से दो फीट ऊपर है तार

हनुमान चौक की तरफ जाने वाला रास्ते पर विद्युत तार बिल्कुल ही नीचे पड़ा हुआ है। जो जमीन से करीब 2 फिट ऊपर तार है। इस रास्ते से विद्यार्थी और ग्रामीण आवागमन करते हैं। ये मार्ग मेथीपुरा ग्राम में जाने का एक मात्र रास्ता है। तार बबूल की झाड़ियों में होकर जाता है। कभी भी शॉर्ट सर्किट हो सकता है। गांव के पिंट्राम ने बताया कि करीब 6 दिनों से लाइट बंद पड़ी हुई है। डिस्कॉम को शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सीसीए को बताया तो उन्होंने कहा कि लोगों को एकत्रित करके एक अलग से ट्रांसफर की व्यवस्था कर सकते हैं। जिसके कारण आपको पैसे एकत्रिक करने होगें। प्रधानाचार्य चेनगिरी ने बताया कि मैने विभाग को कई बार अवगत कराया। लेकिन निगम की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनपतसिंह देवडा ने बताया की विभाग जल्द ही पोल को दुरस्त नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### जुगाड़ के सहारे लटक रहे विद्युत तार

मेथीपुरा में पोल की दूरी होने के कारण ग्रामीणों ने एक लकड़ी का पोल बनाकर विद्युत तार को ऊपर की रखा हुआ है। ऐसा नहीं किया जाए तो बिजली के तार जमीन के पास लटकते रहते है। ऐसे में कोई बच्चा इसके चपेट आ जाता है। निगम को इस गंभीर समस्या समाधान के लिए कई बार लिखा गया। लेकिन, आज दिन तक समस्या का समाधान नहीं किया गया।

# एवीएम में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रचार प्रमुख प्रकाश माली ने बताया कि प्रधानाचार्य प्रकाशचंद्र पुरोहित प्रभारी अचलाराम देवासी, मुख्य अतिथि मनोहरदास वैष्णव, विशिष्ट अतिथि लुम्बाराम कलबी, मुख्य वक्ता लकाराम चौधरी ने कार्यक्रम का आगाज किया। प्रधानाचार्य ने अतिथि परिचय एवं स्वागत किया। मुख्य वक्ता लखाराम ने विद्यार्थियों के विकास में अभिभावकों की भूमिका विद्या भारती का परिचय शिक्षा एवं संस्कारों का महत्व आचरण के बिंदुओं एवं पांच नागरिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। आभार व्यवस्थापक मनमोहन शर्मा ने व्यक्त किया। विद्या मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य थानाराम पुरोहित, लक्ष्मणलाल पटेल, महेंद्र कुमार पुरोहित, पिंडवाड़ा प्रधानाचार्य मदनलाल रावल, राजेंद्र कुमार विद्या मंदिर के आचार्य, आचार्यों एवं अभिभावक बंधु एवं माताएं उपस्थित रही।



# दिल्ली नगर समिति के कार्यकताओं ने किया वन भ्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** वनांचल शिक्षा समिति उदयपुर द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में दिल्ली नगर समिति कार्यकताओं का तीन दिवसीय वन भ्रमण के निमित्त आए अतिथि तथा विद्यार्थियों का स्वागत किया। अतिथियों का परिचय प्रदेश सह मंत्री शंकर पटेल ने करवाया। विद्या मंदिर पिण्डवाड़ा की उपलब्धियों एवं श्रेष्ठ परिणाम् के बारे में अतिथियों को अवगत करवाया गया। महिला प्रमुख भारती ने सभी आगन्तुक बहिनों का परिचय करवाया। स्थानीय विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुतियां दी। प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश कुलमी, विभाग संगठन मंत्री नवलराम, तहसील संगठन मंत्री अशोक , प्रांतीय सह-शिक्षा आयाम प्रमुख सुरेश परिहार, विद्या मंदिर समिति के अध्यक्ष धनराज पुरोहित, प्रवीण भाई जैन, पिढ़ा मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेन्द्रसिंह भाटी, कुसुम गुर्जर शिशुवाटिका प्रभारी एवं समस्त आचार्य एवं आचार्या उपस्थित थे। अतिथियों का आभार प्रधानाचार्य सुरेन्द्रसिंह भाटी ने किया। कार्यक्रम का संचालन नरेश गोस्वामी ने किया।





# शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर दी श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गोयली।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राष्ट्रीय सेवा समिति की ओर से बरलूट विश्वकर्मा कौशल केन्द्र पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर शहादत दिवस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नेताजी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अधयक्ष लुम्बाराम मेघवाल, प्राचार्य भरत परमार एवं विशिष्ट प्रधानाचार्य विवेक रावल रहे। सभी अतिथियों ने शहीदें आजम भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली अर्पित की। निदेशक डॉ. सुनिता जैन, दिलीप कुमार, अर्जुन कुमार, कृष्ण कुमार, दारमाराम, मनीषा रानी, रेखा सुथार, मदनपालसिंह, दिनेश रांगी, अनिल कुमार सैनी, नरेश कुमार दवे आदि मौजूद थे।



# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** उथमण में सिरोही पिंडवाड़ा फोरलेन पर शुक्रवार देर रात को अलग अलग हादसों में दो जने घायल हो गए। पहला हादसा वागसीन के पास हरियाणा हाईवे होटल के सामने हुआ। सड़क किनारे जा रहे किन्नर लीला को एक कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद कार करीब एक किलोमीटर आगे जाकर पलट गई। घायल किन्नर को एनएचएआई की एंबुलेंस ने सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पाली रेफर कर दिया गया। जबकी दूसरा हादसा रात करीब 2:30 बजे उथमण गेट के पास हुआ। जिसमें सरगा माता सरूपगंज निवासी राजिया पुत्र बाबू गरासिया को किसी वाहन चालक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे भी एनएचएआई की एंबुलेंस ने सिरोही के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। घायल के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई।



# भजन संध्या में बही भक्ति सरिता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** कुम्हार मोहल्ला नवयुवक मंडल की ओर से मोहल्ले में शीतला सप्तमी पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। पाली के राकेश प्रजापत, रेखा परमार ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। गणेश वंदना से भजन संध्या आ आगाज हुआ। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..., चोसट जोगनी...,भेरूजी लटिया रा... खादू श्यामजी..., सांवरिया सेठ... आदि भजनों की चित्ताकर्षक प्रस्तुतियां दी। झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही।

# विश्व डाउन सिडोम दिवस शिविर मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** ग्राम पंचायत उड़ के मंडवाड़ा में शनिवार को एसबीआई फाउंडेशन व आंचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से विश्व डाउन सिडोम दिवस मनाया गया। जिसमें डॉ. सौरभ राठौड़ द्वारा ग्रामीणों को बताया कि गुणसूत्र निशेषण के समय गुण सूत्रों के गड़बड़ी के कारण होता है। डाउन सिडोम मनुष्य में सबसे आम गुणसूत्र असामान्यताओं में से एक है। यह हर साल पैदा हुए प्रति एक हजार बच्चों में से एक में होता है। इसके होने की संभावनाएं एवं लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान परियोजना समन्वयक गजेंद्रसिंह, ग्रामीण शंकरलाल, खुशी कुमारी आदि मौजूद थे।



# रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को घर घर किया संपर्क

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर समिति के कार्यकर्ताओं ने शहर में जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत की। कार्यकर्ताओं ने शहर के सभी वर्गो के लोगों से मिलकर उन्हे 6 अप्रेल को शोभायात्रा में शामिल होने का न्योता दिया। रामनवमी महोत्सव समिति के प्रसार प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित राम नवमी आयोजन को वृहत रूप से आयोजित करने के लिए बनी महोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने घर घर संपर्क करना शुरू किया। वर्मा ने बताया कि समिति ने सभी कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सोपी है। जिसमें प्रांत धर्माचार्य प्रमुख शिवलाल सुथार, मोटूसिंह को समर्पण राशि कार्यक्रम, संयोजक मांगूसिंह बावली को नगर की सजावट, नगर सह प्रचार प्रमुख बाबूसिंह माकरोड़ा, दिनेश वेष्णव, जब्बरसिंह को घर पीले चावल देने, होर्डिंग प्रमुख अनिल सगरवंशी, झांकी प्रमुख सुनील गुप्ता सहित कई कार्यकर्ताओ व्यवस्था करने का कार्य दिया है। शनिवार को विहिप नगर अध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी, पुखराज सुथार, हिमांश राजपुरोहित, राजेंद्रसिंह शिवलाल जिनगर, कपिल त्रिवेदी, माधुसिंह अकुना, हीरालाल माली, रामलाल मेघवाल, जसवंत माली, प्रकाश सेन ने संपर्क कर निमत्रण दिया।





# न्यूज ब्रीफ

## भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारियों को दिए वसूली के आदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर एवं जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने एक आदेश जारी कर भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारियों को बकाया वसूली के आदेश जारी किए है। जिसमें बताया गया है कि वित्तिय वर्ष समाप्ति की ओर होने से बकाया का 65 प्रतिशत एवं चालू का 95 प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप मद भू-राजस्व, सिंचाई कर, व्यवसाय कर, नामातरकरण शुल्क, पंचायत समिति कर, एलआरएक्ट आदि मदों की शत प्रतिशत वसूली करनी है।

## वसूली आदेश पारित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय की ओर से बाकीदार के खिलाफ वसूली का आदेश पारित किया है। तहसीलदार ने बताया कि बाकीदार मनोरा निवासी अर्जुनसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह के पास से 5 लाख 51 हजार 700 तथा फूंगणी निवासी जीवनसिंह पुत्र जोगसिंह के पास से 1 लाख 73 हजार 438 की वसूली के लिए गणपतसिंह आढा को निर्देशित किया है। तहसीलदार ने बताया कि बकाया राशि जमा नही कराने पर नियमानुसार चल अचल सम्पति कुर्क करने के आदेश दिए है।

## भक्तों को पिलाया शरबत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर में शीतला सप्तमी पर मंदिर में आने वाले भक्तों को सिद्धवीर हनुमान मंडल के कार्यकर्ताओं ने शीतल जल व शरबत पिलाया। रतनराजसिंह ने बताया कि मेले में भक्तों ने शीतला माता के दर्शन कर सुख शांति की मनोकामना की। सिद्धवीर हनुमान मंडल की ओर से सवेरे आठ से रात आठ बजे तक शरबत पिलाकर भक्तों की सेवा का आनन्द लिया। बाबूलाल सोनी, सुरेश कुमार सोनी, संदीप सोनी, महेश कुमार छिपा, पूरण सोनी, खुशी सोनी, नरपतसिंह, मनोज कुमार सोनी, नरेश कुमार सोनी, गुड्डू सोनी समेत अन्य सदस्यों ने सेवा दी।

## परीक्षा से पूर्व कलम भेंट कर बालिकाओं का बढ़ाया हौंसला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पीएम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में सभी बोर्ड स्तरीय परीक्षा की बालिकाओं को परीक्षा से पूर्व कलम भेंट कर हौसला बढ़ाया। भामाशाह प्रेक्ष गोपाल सिंह राव ने बताया कि बालिकाओं को परीक्षा फोबिया से उपर उठाना हमारी जिम्मेदारी है। बारहवीं, दसवीं, आठवीं, पांचवीं की सभी बालिकाओं को परीक्षा प्रवेश पत्रों के साथ कलम भेंट कर हौसला बढ़ाया की मुहिम शुरू की है। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री, नरेंद्रसिंह आढ़ा, बोर्ड परीक्षा प्रभारी सुमन कुमारी, आठवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेंद्र कुमार प्रजापत, पांचवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा सोनल राठौड़ ने परीक्षा में सफलता के गुर सिखाए।

## पर्यावरण संरक्षणः बालिकाओं ने लगाई मधुनाशनी की बेल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में नेशनल ग्रीन कोर ईको क्लब गतिविधि के तहत पौधारोपण किया। गाइडर श्रीमती शर्मिला डाबी व स्काउटर गोपालसिंह राव के अनुसार विद्यालय में मधुनाशनी की बेल लगाई गई। विभिन्न चिन्हित स्थलों यथा मंदिर, गोशाला, बगीचा, धर्मशाला आदि स्थलों पर 11 मधुनाशनी की बेले लगाई जाएगी। विद्यालय में तुलसी, एलोवेरा, अश्वगंधा, कालमेघ, सहजन सहित अनेकोनेक औषधीय गुणों से भरपूर पौधे वृक्ष बन रहे है। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री, नरेन्द्रसिंह आढ़ा, व्याख्याता महेंद्र कुमार प्रजापत, भगवतसिंह देवड़ा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार मीणा, रमेश कुमार मेघवाल, कीर्ति सोलंकी, कामिनी रावल ने मधुनाशनी की बेल लगाई। पौधारोपण में पोशीदेवी नोपाजी प्रजापत सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीयध्यक्ष भूपेश प्रजापति का सहयोग लिया जाएगा।

## एक दिवसीय निःशुल्क रैबीज टीकाकरण शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** वॉयस फॉर एनिमल्स की ओर से रविवार को राजकीय महाविद्यालय के सामने एक दिवसीय निःशुल्क रैबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शहर के अधिक से अधिक स्ट्रीट डॉग्स को वैक्सीनेट कर सिरोही को रैबीज मुक्त बनाना है। वॉयस फॉर एनिमल्स की तृप्ति जैन ने बताया कि अब तक उनकी टीम ने सैकड़ों बेसहारा जानवरों का निःशुल्क उपचार किया है। अशोक विरनोई एवं वॉइस फॉर एनिमल्स ने अब तक कांगटाणी लाइन, सामली सेरी, मोचीवाड़ा, महल के पास, चौधरी लाइन सहित कई इलाकों के सभी श्वानों का टीकाकरण कर दिया है।

# आईपीएल का शानदार आगाज

## दिशा की आदाएं व श्रेया के सुर ने लूटी महफिल







नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें जन्मदिन के मौके पर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में सितारों का जमावड़ा लगा और फैंस इन सितारों को देख जमकर झूमे। इसी के साथ आईपीएल-2025 की औपचारिक शुरुआत भी हो गई। हमेशा की तरह आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी शानदार रही। जहां फैंस ने गानों का मजा लिया और ठुमके भी लगाए। साल 2008 में शुरू हुई आईपीएल लीग 18 सालों में क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी लीग बनी है। इस लीग ने कई खिलाड़ियों के करियर बनाए और उन्हें मंच दिया। इसी के दम पर कई खिलाड़ियों ने नेशनल टीमों में जगह बनाई।

### रिंकू और विराट का डांस

▪ शाहरुख खान ने स्टेज संभाला तो उन्होंने 18 साल से लगातार एक ही टीम में खेलते आ रहे विराट कोहली को स्टेज पर बुलाया और कुछ बातें कीं। फिर शाहरुख ने अपनी ही टीम के रिंकू सिंह को बुलाया। रिंकू सिंह के साथ शाहरुख ने अपने गाने लुट-पुट गया पर परफॉर्म किया और फिर कोहली को पठान के गाने पर झूमने को मजबूर कर दिया।

### विराट का सम्मान

▪ फिर शाहरुख ने बीसीसीआई अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के अधिकारियों को स्टेज पर बुलाया। इसी के साथ सभी परफॉर्मर को भी स्टेज पर बुलाया। इसके बाद विराट का सम्मान किया गया और फिर आईपीएल ट्रॉफी लगाई गई। ट्रॉफी को इस सीजन का पहला मैच खेलने वाली टीमों के कप्तान लेकर आए।

### सितारों ने जमाई महफिल

बता दें कि ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान ने अपनी स्पीच के साथ की। उन्होंने कहा की पूरा देश और क्रिकेट फैंस इस लीग के लिए तैयार हैं। इसके बाद श्रेया घोषाल ने परफॉर्म किया। उन्होंने 15 मिनट में 10 से ज्यादा गाने गाए। शुरुआत भूल भुलैया के मशहूर गाने आमी जे तोमार से की। इसके बाद उन्होंने पद्मावत का गाना घूमर-घूमर, घायल परिंदा, कर हर मैदान फतेह पर परफॉर्म किया। अंत में श्रेया ने वंदे मातरम गाकर अपने परफॉर्मेंस का अंत किया।

▪ इसके बाद दिशा पाटनी ने परफॉर्म किया। दिशा कुछ ही देर स्टेज पर दिखीं और उनके बाद आए करण औजला। इस पॉप गायक ने पूरे स्टेडियम को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने हुसन तेरा-तेरा तौबा-तौबा गया और इसी समय दिशा पाटनी की भी एंट्री हुई। दोनों ने जमकर डांस किया। उन्होंने चुन्नी मेरी रंग दे ललारिया, मेरे यार दी गड्डी दे नाल पर भी परफॉर्म किया।

# पर्सनल कार और फैमिली 'ना बाबा ना'

## इस बार आईपीएल में दिखेंगे टीम इंडिया जैसे कड़े नियम

**नई दिल्ली. पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टीम इंडिया के लिए कई सख्त नियम बनाए थे. वहीं, अब आईपीएल भी उसी राह पर चल पड़ा है. दरअसल, इस बार आईपीएल में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (SOPs) के कुछ नियम देखने को मिलेंगे. इन नियमों की जानकारी बीसीसीआई टीमों को हो चुका है. लेकिन क्या आप जानते हैं बीसीसीआई का स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर नियम क्या है? इसके बाद आईपीएल में क्या-क्या बदलाव देखने को मिलेंगे?**



### खिलाड़ियों की फैमली और दोस्तों पर गिरेगी गाज!

इन नियमों के बाद आईपीएल के दौरान केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही मैदान पर जाने और ड्रेसिंग रूम में प्रवेश करने की अनुमति होगी. लिहाजा, किसी खिलाड़ी के परिवार का सदस्य मैदान पर एंट्री नहीं कर सकेगा. इसके अलावा ड्रेसिंग रूम में जाने की अनुमति नहीं होगी. बहरहाल, बीसीसीआई ने आईपीएल मैचों से पहले और उसके दौरान खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के क्षेत्रों (पीएमओए) के आसपास परिवार के सदस्यों की मौजूदगी के बारे में नियमों को सख्त बना दिया है. साथ ही अगर खिलाड़ी प्रैक्टिस के लिए जा रहा है तो टीम को बस का इस्तेमाल करना होगा. इस तरह कोई खिलाड़ी अपनी पर्सनल कार से प्रैक्टिस के लिए नहीं जाएगा.

### नेट बॉलर्स के नियम बदले

▪ हालांकि, खिलाड़ी के फैमली मेंबर और फ्रेंड्स अलग गाड़ी में यात्रा कर सकते हैं. साथ ही हॉस्पिटैलिटी जोन से टीम का प्रैक्टिस देख सकते हैं. दरअसल, इन नियमों से पहले खिलाड़ी के परिवार के सदस्य साथ में टीम बस में यात्रा कर सकते थे. इसके अलावा आईपीएल में थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट और नेट गेंदबाजों के नियमों में बदलाव किया गया है. अब टीमों को थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट और नेट गेंदबाज जैसे अतिरिक्त सपोर्ट स्टाफ के लिए लिस्ट बीसीसीआई को मंजूरी के लिए देनी होगी.

# सुपरओवर के रोमांच पर ब्रेक

## बीसीसीआई ने बदला नियम



नई दिल्ली. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन की शुरुआत से पहले सुपरओवर का नियम भी बदल गया है. आईपीएल 2025 में सुपरओवर का ऐसा नियम आया है जो क्रिकेट फैंस के रोमांच पर ब्रेक भी लगा सकता है. बीसीसीआई ने इसके पूरा होने के लिए समयसीमा तय कर दी है. बोर्ड ने इसके अलावा भी आईपीएल में कई नियम बदले हैं, जिनमें लार के इस्तेमाल की इजाजत से लेकर स्लो ओवर रेट होने पर कप्तान पर लगने वाला बैन हटाना शामिल है.इस नियम के तहत सुपर ओवर पूरा करने के लिए दोनों टीमों को अधिकतम एक घंटा दिया जाएगा. अगर तब तक नतीजा नहीं निकला तो मैच का रिजल्ट टाई दर्ज किया जाएगा. सुपर ओवर की इस एक घंटे की शर्त के साथ कई और चीजें भी जोड़ी गई हैं.

बीसीसीआई को उम्मीद है कि एक घंटे के भीतर टाई मैच का नतीजा आ जाएगा. क्रिकबज के मुताबिक बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'मैच टाई होने पर विजेता का फैसला होने तक जितने चाहें उतने सुपर ओवर खेले जा सकते हैं. लेकिन पहला सुपर ओवर मैच खत्म होने के 10 मिनट के भीतर शुरू हो जाना चाहिए. यदि पहला सुपर ओवर टाई होता है, तो अगला सुपर ओवर पांच मिनट बाद शुरू होना चाहिए.' सुपर ओवर का नया नियम ग्रुप मैचों में ही लागू होगा. फाइनल समेत ऐसे मैच जहां विजेता तय होना जरूरी है, उसमें एक घंटे की बाध्यता नहीं होगी. सुपर ओवर के इस नियम में अंपायरों और मैच रेफरी की भूमिका बढ़ गई है. एक घंटे की बाध्यता वाले मैच में रेफरी तय करेगा कि आखिरी सुपर ओवर कौन सा होगा. अगर अंपायरों और मैच रेफरी को लगता है कि कोई टीम या खिलाड़ी इस दौरान समय खराब कर रहा है तो वह उस पर कार्रवाई भी कर सकेगा.


# दादा ने बताया कौन होगा आईपीएल का किंग !



**नई दिल्ली.** सौरव गांगुली से एक इंटरव्यू के दौरान यह पूछा गया कि इस साल आईपीएल कौन जीतेगा. इसपर उन्होंने जवाब दिया कि सभी टीमें बैलेंस नजर आ रही है. गांगुली ने कहा, "यह कहना काफी जल्दी होगा कि इस साल कौन सी टीम जीतेगी. यह टूर्नामेंट काफी लंबा और कंपटीटिव होने वाला है. वरुण चक्रवर्ती टी20 फॉर्मेट में बेहतरीन गेंदबाजी करेंगे." गांगुली ने कोलकाता नाइट को लेकर कहा कि ये टीम मजबूत नजर आ रही है. उन्होंने कहा कि सभी टीम बैलेंस है. सौरव गांगुली ने इशारों इशारों में यह कह दिया है कि हो सकता है कि कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम इस साल आईपीएल का खिताब जीत ले. केकेआर ने साल 2024 में भी आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था. पिछली बार केकेआर की कप्तानी श्रेयस अय्यर ने की थी. लेकिन वह इस साल पंजाब किंग्स के साथ जुड़ गए हैं. केकेआर की कप्तानी इस साल अजिंक्य रहाणे करेंगे. केकेआर के पास क्विंटन डिकॉक, रिंकू सिंह, आंद्रे रसल जैसे धाकड़ खिलाड़ी शामिल ह ". देखना होगा कि वे इस साल कैसा परफॉर्म करते हैं. केकेआर की टीम अब तक 3 बार खिताब अपने नाम कर चुकी हैं.

# नहीं रहे मशहूर बॉक्सर जॉर्ज फोरमैन

## 19 साल की उम्र में गोल्ड जीतकर बनाया था रिकॉर्ड



नई दिल्ली. अमेरिकी बॉक्सर और हेवीवेट चैंपियन जॉर्ज फोरमेन ने दुनिया को अलविदा कह दिया है. जॉर्ज फोरमेन ने 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. इस बॉक्सर ने मैक्सिको ओलंपिक 1968 में गोल्ड मेडल जीता था. साथ ही महज 19 साल की उम्र में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया था. इसके अलावा जॉर्ज फोरमेन ने रंबल इन द जंगल में मुहम्मद अली का सामना किया था. जॉर्ज फोरमेन ने प्रोफेशनल बॉक्सर बनने के बाद मौजूदा चैंपियन जो फ्रेजियर के खिलाफ मैच से पहले लगातार 37 जीत दर्ज की थी. बहरहाल, सोशल मीडिया पर जॉर्ज फोरमेन की फैमली ने मौत की पुष्टि की है.

### मुहम्मद अली को हराया

▪ जॉर्ज फोरमेन ने दो राउंड के बाद तकनीकि नॉकआउट से जो फ्रेजियर को हरा दिया था. जॉर्ज फोरमेन को 'रंबल इन द जंगल' के लिए याद किया जाता है. इस दौरान जॉर्ज फोरमेन के पास टाइटल जीतने का मौका था, लेकिन मुहम्मद अली के खिलाफ हार गए थे. फोरमेन ने जैरे में मुहम्मद अली के खिलाफ 2 बार अपने खिताब का बचाव किया था, इसे बॉक्सिंग इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित मैचों में गिना जाता है.फोरमेन की फैमली ने लिखा- हमारा दिल टूट गया है. भारी मन के साथ हम अपने चहेते जॉर्ज फोरमैन सीनियर के निधन की घोषणा करते हैं.

# मनोरंजन

## राहुल गांधी को डेट करना चाहती थीं करीना



करीना कपूर खान, बॉलीवुड की मोस्ट सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं. एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ की बात करे तो करीना ने सैफ अली खान से शादी की है और उनके दो बेटे तैमूर और जेह हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि करीना कपूर, जब इंडस्ट्री में नई थीं जो उनका एक पॉलिटिशियन पर दिल आ गया था और वे उन्हें डेट करना चाहती थीं. सिमी गरेवाल के साथ रेंडेज़वस के एक पुराने एपिसोड में करीना कपूर से जब पूछा गया कि अगर उन्हें दुनिया में किसी को डेट करने का मौका मिले, तो वह किसे चुनेंगी, तो करीना ने कहा, "क्या मुझे कहना चाहिए, मुझे नहीं पता कि यह कहना चाहिए या नहीं, यह थोड़ा कॉन्ट्रोवर्शियल है लेकिन मैं राहुल गांधी को जानना चाहूंगी. मैं उनकी तस्वीरें देखती रहती हूं और सोचती हूं कि उन्हें जानना दिलचस्प होगा. मैं एक फिल्मी परिवार से आती हूं, और वह राजनेताओं के परिवार से आते हैं. इसलिए, शायद यह एक दिलचस्प बातचीत होगी।"

## तलाक बेअसर, खिलखिलाती नजर आई धनश्री

धनश्री वर्मा और यूजी चहल का तलाक क्या हुआ कि दोनों ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गए। इस बीच अब तलाक के बाद यूजी की एक्स वाइफ पहली बार कैमरे के सामने आईं, लेकिन इस दौरान उनके चेहरे पर जरा भी शिकन देखने को नहीं मिली। जी हां, यूजी चहल से तलाक के बाद धनश्री जब पहली बार पैप्स के कैमरे के सामने आईं, तो इस दौरान को बेहद खुश लग रही थीं और स्माइल कर रही थी। धनश्री को देखकर लोगों ने यही कहा कि इन्हें चहल से तलाक लेने का जरा भी दुख या पछतावा नहीं है। जब धनश्री तलाक के लिए कोर्ट के बाहर नजर आई थीं, तो उस दौरान उन्होंने अपना चेहरा छुपाया हुआ था, लेकिन जब वो पहली बार कैमरे के सामने स्पॉट हुईं, तो खिली-खिलीं नजर आईं।



## 'अकेले रहना बुरा नहीं'



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा का ब्रेकअप कुछ समय पहले ही चर्चा में था। अब शोशा रील अवॉर्ड्स के दौरान अर्जुन ने मजाकिया अंदाज में अकेले रहने के फायदों पर बात की। शोशा रील अवॉर्ड्स में होस्ट की भूमिका निभाते हुए अर्जुन कपूर ने अपने सिंगल स्टेटस को लेकर चुटकी लेते हुए कहा, 'आज मैं अकेला ही सही, लेकिन अकेले रहने में कोई बुराई नहीं है। ये सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि आप सबके लिए भी फायदेमंद है।' उन्होंने कहा कि एक होस्ट के तौर पर उन्हें ज्यादा पैसे मिलेंगे और दर्शकों को कम बकवास सुननी पड़ेगी। बता दें अर्जुन और मलाइका ने साल 2018 से अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियां बटोरना शुरू किया था दोनों को कई बार वेकेशन और इवेंट्स में साथ देखा गया था। लगभग आठ साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2024 में दोनों के अलग होने की खबरें आईं। हालांकि ब्रेकअप के बावजूद अर्जुन और मलाइका ने एक-दूसरे के लिए दोस्ती वाला रिश्ता बनाए रखा है। इसी साल फरवरी में अर्जुन 'इंडियाज बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसर' शो में गेस्ट के तौर पर पहुंचे थे, जहां मलाइका जज की भूमिका निभा रही थीं। मंच पर जब मलाइका ने अपने लोकप्रिय गानों पर परफॉर्म किया, तो अर्जुन उनके डांस से हैरान रह गए।

## 19 दिनों तक चली थी 'दीदी तेरा देवर दीवाना' की शूटिंग



बदली गई थी फिल्म की कहानी

सलमान खान और माधुरी दीक्षित की 'हम आपके हैं कौन' सूरज बड़जात्या के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म बॉलीवुड की तस्वीर बदल दी. इस फिल्म ने उस दौर में बंपर कमाई का रिकॉर्ड बनाया था.साल 1994 में रिलीज राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह ऐसी फिल्म है, जो हर भारतीय परिवार की फेवरेट है. हाल ही में सूरज बड़जात्या ने इस फिल्म से जुड़े वो राज बयां किए, जिनके बारे में शायद ही कोई जानता होगा. 'हम आपके हैं कौन' वो फिल्म है, जिसने बॉलीवुड को हमेशा के लिए बदल दिया. भारतीय शादी की परंपराओं को मनाने वाली इस फिल्म में शादीशुदा जोड़े और उनके परिवारों के बीच के रिश्ते की कहानी को दिखाया गया है.फिल्म में माधुरी ने निशा का किरदार निभाया था, जो सलमान के किरदार प्रेम के साथ रोमांटिक रूप से जुड़ी हुई थी. मिड-डे के साथ एक बातचीत में सूरज बड़जात्या ने इस पारिवारिक मनोरंजन पर काम करने के बारे में खुलकर बात की, जिसने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था.सूरज ने याद करते हुए कहा, 'हमने 'दीदी तेरा देवर दीवाना' के लिए 19 दिनों तक रिहर्सल की थी. हमने माधुरी दीक्षित के पेट पर (जो गर्भवती होने का नाटक कर रही थीं) कप रखने में पूरा दिन बिता दिया था. उन्होंने कहा, 'क्या आप कल्पना कर सकते हैं? 5 दिनों तक सेट पर माधुरी सिर्फ पीछे ताली बजा रही थीं.'

## ऐश्वर्या की इस हरकत से घबरा जाते हैं अभिषेक

**अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड के पावर कपल्स में से एक हैं. हालांकि पिछले साल इस जोड़ी के तलाक के रूमर्स भी फैले थे लेकिन इस साल ऐश और अभिषेक ने अपनी साथ में कई पब्लिक अपीयरेंस से अलग होने के रूमर्स को खारिज कर दिया, इन सबके बीत ये जोड़ी अक्सर अपनी मैरिड लाइफ की मजेदार कहानियां भी शेयर करता है. हाल ही में एक अवार्ड शो में, अभिषेक ने खुलासा किया कि जब उनकी पत्नी ऐश्वर्या उन्हें फोन करती हैं तो वे नर्वस हो जाते हैं. बी हैप्पी एक्टर ने इसकी वजह भी बताई.**

### फोन कॉल से लगता है डर

अभिषेक बच्चन हाल ही में एक अवार्ड फंक्शन में में शामिल हुए थे. इस दौरान उन्होंने शूजित सरकार की आई वांट टू टॉक में अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट एक्टर का (जूरी) का अवॉर्ड जीता था. फिल्म में, अभिषेक ने एक लाइलाज बीमारी से जूझ रहे एक इमोशनल पिता की भूमिका निभाया। जब अभिनेता अपने प्रदर्शन के लिए पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए, तो होस्ट अर्जुन कपूर ने उनसे पूछा, "वह इंसान कौन हैं जो कहता है 'अभिषेक, मैं बात करना चाहता हूं' तो आपको घबराहट होती है?" इसका मजेदार जवाब देते हुए अभिषेक ने कहा, "जब आपकी पत्नी फोन करके कहती है मैं बात करना चाहती हूं,' तो आपको तुरंत पता चल जाता है कि आप परेशानी में हैं!"

### तलाक की अफवाहों पर विराम

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय अपनी लव स्टोरी को लेकर बात करते आए हैं. वे एक-दूसरे की तारीफ करने और ग्रेटिट्यूड जताने से भी कभी नहीं कतराते हैं. लेकिन, पिछले कुछ सालों से, उन्हें एक साथ नहीं देखा गया है और उन्होंने एक-दूसरे के बारे में कुछ बात भी नहीं कि जिससे 2024 में शादी के 17 साल बाद उनके अलग होने की अफवाहों फैल गई थीं. लेकिन, उन्होंने फिर उन्होंने कई इवेंटस्ट में एक कपल के तौर पर शिरकत कर सारी अफवाहों पर विराम लगा दिया. वे आखिरी बार ऐश्वर्या स्टारर जोधा अकबर फेम फिल्म निर्माता, आशुतोष गोवारिकर के बेटे कोणार्क की शादी में शामिल हुए थे, जहाँ दोनों ने सबको चौंका दिया था.





सामूहिक गांवशाही डांडिया गेर नृत्य का आयोजन

# शीतला माता की पूजा-अर्चना कर लगाया ठंडे का भोग, की मंगलकामना





**खिवाड़ा।** कस्बे सहित क्षेत्र में शनिवार को महिलाओं ने शीतला माता का पूजा-अर्चना कर बासोड़ा का भोग लगाकर मंगलकामना की। कस्बे के आराध्य देव बालाजी मंदिर स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण मेंअल सुबह महिलाओं व कन्याओं ने मंगल गीत के साथ पूजा-अर्चना कर बासोड़ा का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। घरों में चूल्हे नहीं जलाए गए व एक दिन पहले बनाए गए भोजन को बगैर गर्म किए ग्रहण किया गया।

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** निकटवर्ती दुजाना गांव में शुक्रवार देर शाम को शीतला सप्तमी पर मीणा चौक में मीणा समाज आयोजक कमेटी के तत्वावधान में सामूहिक गांवशाही डांडिया गेर नृत्य का आयोजन किया गया। सेवाड़ी गेर टीम का माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्थानीय गेर दल में शरीक छत्तीस कौम के लोगों एवं सेवाड़ी खेतलाजी गेर दल द्वारा पारंपरिक रंग-बिरंगे परिधानों धोती, कुर्ता सिर पर राजस्थानी पगड़ी, हाथ में रुमाल लिए।

पैरों में घुंघुरू कमर में दुपट्टा व साफे पर कलंगी लगाकर सेवाड़ी के गेर दल व स्थानीय गेर ने गोल घेरे के बीच में ढोल वादक और चारों ओर गेरिये ढोल की धमक व चंग की थाप पर डांडिया बजाते हुए थिरकते कदमों से पारंपरिक लोक नृत्य गेर का अनूठा प्रदर्शन कर संस्कृति को साकार कर दिया। सेवाड़ी के गेरियो की वेशभूषा ओर गेर नृत्य की प्रस्तुति पर मौजूद लोगों ने भुरिया बाबा के जयकारे लगाते हुए तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। अंत में मीणा आयोजक कमेटी द्वारा मेहमानो का साफा व माला से स्वागत किया गया। मीणा समाज के पुरखो द्वारा शुरू दशकों पुरानी गेर नृत्य की परंपरा आज भी कायम है। जिसमें गांव के छत्तीस कौम के लोग बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एडवोकेट पूर्व सरपंच नागेश देवासी, सरपंच कंकूदेवी मीणा, कस्तुराराम मीणा, कूपाराम मीणा, हिम्मताराम मीणा, गुलाबराम मीणा, पकाराम मीणा, अकाराम मीणा, गुणराज मीणा, घीसाराम मीणा, दोलतसिंह राठौड़, मांगीलाल राजपुरोहित सहित मीणा युवा मित्र मंडल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

**नाडोल।** कस्बे समेत क्षेत्र में शीतला अष्ठमी का पर्व परंपरानुसार मनाया गया। शनिवार सवेरे महिलाएं ढोल ढमाकों के साथ मंगल गीत गाते गंवाई मलोप तलाब की पाल स्थित शीतला माता मंदिर पहुंची। शीतला पूजन कर ठंडे भोजन का भोग लगाकर मंगल कामनाएं की। शीतला माता कमेटी के तत्वावधान में पूर्व संध्या पर शु' वार रात्रि एक शाम शीतला माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे गायक वेलाराम सिरवी, अशोककुमार सेणचा, नगाराम चौधरी, किरणपुरी, प्रकाशसिंह द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इस मौकै पर मोहनलाल सरगरा, बाबूलाल घांची, मेघाराम भटनागर, मोतीलाल मालवीय, रमेश मेवाड़ा, खरताराम जणवा, बंशीलाल, रामलाल सिरवी, किस्तुरचंद सिरवी, मदनलाल, प्रकाश माली सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



**नारलाई।** कस्बे में शीतला सप्तमी का पर्व परंपरानुसार मनाया गया। मेला संयोजक कन्हैयालाल मेघवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन के पास स्थित शीतला माता मन्दिर में भजन संध्या के साथ शीतला माताजी के मेले का आगाज हुआ। समारोह में बतौर अतिथि सुमेरसिंह डोडिया राजपूत, श्रीमती काशीकंवर गहलोत, अशोक जैन, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति जिलाध्यक्ष डॉ. रामलाल मोबारसा, शांतिलाल मालवीय, खरताराम मोबारसा, लाबूराम देवासी, लालाराम भोपाजी बावरी, किरण थावलेसा, रमेशकुमार मीणा, मदनलाल राठौड़, मांगीलाल सोलंकी नारलाई, श्रीमती कन्यादेवी जणवा चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभुदास वैष्णव, शोभाराम चौधरी, ताराचंद सोलंकी, वार्डपंच दिनेश मेघवाल, अमृत मालवीय, रमेश चौधरी शरीक हुए। भजन संध्या में भजन गायक श्याम आचार्य, ने गणपति व गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। जितेन्द्र राव एंड पार्टी, विनोद गोमती एंड पार्टी ने चालो रे शीतला माता के दरबार में शानदार प्रस्तुत दी। भामाशाहों व अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच संचालन राजेन्द्रसिंह गहलोत ने किया। उधर शीतला माता मंदिर में महिलाओं व युवतियों की भारी भीड़ हाथ में पूजा का थाल लिए नजर आई। सभी ने परंपरानुसार माता को बासोड़ा ठंडे का भोग लगाया एवं परिवार के उत्तम स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की कामना की।



## ग्रामीणों ने बंदूकों से मटकों पर साधा निशाना

शीतला सप्तमी पर निभाई परंपरा

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पनोता गांव में शीतला सप्तमी के मौके पर ग्रामीणों ने बंदूकों से मटकों पर निशाना साधा। इसके पश्चात गेर नृत्य किया गया। इससे पूर्व गांव में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए शीतला माता के दरबार में पहुंची। जहां माता को शीश नवाकर बासोड़ा का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर परबतसिंह, मनोहरसिंह, चंपालाल जाट, नेपालसिंह, भगाराम, तेजाराम विनोद सेन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बैद्यनाथ महादेव मंदिर का मेला 29 को



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** कस्बे के बड़ा तालाब के निकट स्थित बैद्यनाथ महादेव मंदिर का भव्य मेला, गैर एवं प्रसादी का आयोजन शनिवार को होगा। महादेव मंडल के दिनेश वैष्णव ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन किया जा र हा है। प्रातः 9 बजे महाआरती होगी। 10 बजे के बाद महा प्रसादी का आयोजन होगा। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक भव्य गैर नृत्य होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से गैर दल भाग लेंगे।

## निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** क्रान्ति मंच की प्रेरणा से रविवार को प्रातः 11 बजे बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। ' क्रांति मंच के संयोजक प्रवीण प्रजापति ने बताया कि यह सेवाकार्य देश के अमर ' ांतिकारी भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में शुरू किया जाएगा। इस मौके पर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पिछले तीन वर्षों से यह



सेवा कार्य बाली रंजन सराय बस स्टैंड पर किया जा रहा है। आगामी गर्मियों में लोगो को यहां निःशुल्क ठंडा जल मिलेगा।

## बोर्ड परीक्षा केंद्र का उड़न दस्ते ने किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के तत्वावधान में जारी बारहवीं बोर्ड व पंजीयक शिक्षा विभाग बीकानेर के तत्वावधान में प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाणपत्र परीक्षा का पीएम धनराज बदामिया राबाउमावि सादड़ी स्थित परीक्षा केंद्र का उड़न दस्तों ने औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षाओं को नियमानुसार, सुव्यवस्थित शांतिपूर्ण संचालित पाया। परीक्षा केंद्र अधीक्षक विजयसिंह माली ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय पाली राहुल राजपुरोहित के नेतृत्व वाले उड़नदस्ते ने सुबह बारहवीं बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण किया तथा केंद्र को सुव्यवस्थित संचालित होता पाया। आज इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, रसायन विज्ञान व कृषि रसायन विज्ञान के 172विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे व 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान अतिरिक्त केंद्राधीक्षक स्नेह लता गोस्वामी व परीक्षा प्रभारी मधु कुमारी गोस्वामी समेत समस्त वीक्षक व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बगड़ी नगर के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ भैराराम प्रजापत के नेतृत्व में उड़नदस्ते ने परीक्षा केंद्र पर हो रही आठवीं कक्षा की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षाओं को सुव्यवस्थित संचालित होना पाया। इस परीक्षा में हिंदी विषय के 134 विद्यार्थी उपस्थित व 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त केंद्राधीक्षक रमेशकुमार वछेटा समेत समस्त वीक्षक पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर बने टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषाहार के किट वितरित किए। भारतीय रेड'ॉस सोसायटी पाली एवं नायरा एनर्जी के संयुक्त तत्वावधान में जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय पर संचालित हो रहे जिला क्षय निवारण केन्द्र (टीबी अस्पताल) पर 25 मरीजों को पौष्टिक पोषाहार किट जिला कलेक्टर द्वारा वितरित किए गए व सभी टीबी मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व टीबी मरीजों के साथ भेदभाव न कर जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच व उपचार



करवाने के लिए कहा गया। जिन मरीजों द्वारा टीबी का ईलाज सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिया है उन्हें टीबी चैंपियन के रूप में जागरूकता फैलाने के लिए कहा गया है। कार्य' म में उपस्थित सभी को जिला कलेक्टर द्वारा टीबी फ्री इण्डिया की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने टीबी रोग के लक्षण व उपचार, जांचे तथा निक्षय पोषण योजना के संबंध में जानकारी दी गई। कार्य' म में भारतीय रेड' ास सोसायटी पाली तथा नायरा एनर्जी के समस्त पदाधिकारी व भामाशाह कार्य' म में उपस्थत थे। अंत में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ उजमा जबीन ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया ।

# सुमेर झूंपी में हजरत उमर शाह के उर्स में उमड़े अकीदतमंद

## सजदा कर मांगी मुरादें

जारूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** सुमेर झुंपी में सूफी हजरत उमर शाह आबाद रहमतुल्लाह अलैह का 24वां सालाना उर्स शानो-शौकत से मनाया गया। गद्दीनशीन हजरत अय्यूब शाह हुसैनी के सानिध्य में हुए मुबारक जलसे में प्रशासनिक अधिकारी समेत आमजन शामिल हुए। उर्स की शुरुआत जुम्मे की चादर पेश करने की रस्म के साथ हुई। इस दौरान जायरीनों की आधा किलोमीटर लंबी कतार देखी गई। ढोल-ताशों और बैंड-बाजों के साथ चादर शरीफ पेश की गई। जिसमें गद्दीनशीन अय्यूब शाह समेत उर्स कमेटी के लोग मौजूद रहे। इस उर्स की खास बात यह रही कि इसमें हिंदू-मुस्लिम सभी अकीदतमंदों ने भाग लिया। उर्स के मौके पर रोशनी से नहाया सुमेर झुंपी का इलाका बेहद दिलकश नजर आया। विशाल झूले, हाट बाजार और खाद्य सामग्री की स्टॉल्स ने अकीदतमंदों का दिल जीत लिया।



### कव्वाली महफिल में छाया सूफियाना रंग

रात को सूफियाना महफिल का शानदार आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश के मशहुर फनकार मोईन निजामी और तौफीक रोशन आस्ताना पार्टी जोधपुर ने प्रस्तुति दी। सुबह तक चलने वाली इस महफिल में हजारों अकीदतमंद सूफियाना कलाम सुनकर झूम उठे। इस दौरान गद्दीनशीन अय्यूब शाह, पीर साहब, डॉ राजेश राठौड़, काणा तालाब दरगाह के नायब सदर अल्लारक खां आदि मौजूद थे। उर्स के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष जीवाराम परिहार, ट्रस्टी हरीसिंह व्यास, गोपालकृष्ण श्रीमाली, रमन जैन, जहीर अहमद, मनोजकुमार, भगवतसिंह, भंवरसिंह मादा, कासम खान और व्यवस्थापक जसाराम चौधरी ने अतिथियों का सम्मान किया।

### महाप्रसादी का इंतजाम

तीन दिन तक लगातार महाप्रसादी का इंतजाम किया गया, जिससें हजारों जायरीनों ने भाग लिया। भामाशाह लालाराम, पूनाराम चौधरी वारा सोलंकियान, गफूर खान पाथेड़ी (जालोर), जीवाराम परिहार (देसूरी) का सहयोग रहा। उर्स में शिरकत करने वाले अकीदतमंदों की सहूलियत के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था की गई।

### रोजेदारों के लिए खास इंतजाम

रमजान के मुबारक महीने में रोजेदारों के लिए सहरी और इफ्तार की यवस्था की गई। उर्स कमेटी ने रोजेदारों की खिदमत में कोई कसर नहीं छोड़ी। सुरक्षा के लिहाज से उर्स के दौरान पुलिस और प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाई। उर्स कमेटी ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### कौमी एकता की मिसाल

हजरत उमर शाह का यह उर्स शुरुआत से ही कौमी एकता का पैगाम देता आ रहा है। यहां हर साल हिंदू-मुस्लिम अकीदतमंद बड़ी तादाद में शिरकत करते हैं और अपनी मोहब्बत और भाईचारे की रौशन मिसाल कायम करते हैं। समाज के तमाम तबकों से आर्थिक सहयोग भी मिलता है, जिससे यह उर्स हर साल और भी शानदार तरीके से मनाया जाता है। शनिवार की सुबह कुल की फातेहा के बाद इस मुबारक उर्स का समापन हुआ।

प्लास्टिक रिसाइकलिंग के महत्व को जाना

# विद्यावाड़ी की छात्राओं ने किया बीसलपुर-जवाई क्षेत्र का भ्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** लीलादेवी पारसमल संचेती कन्या महाविद्यालय विद्यावाड़ी की 70 छात्राओं का एक दल शनिवार को बिसलपुर-जवाई क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचा। जहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक रिसाइकलिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्राओं ने प्रख्यात पर्यावरणविद कानजी मेवाड़ा से मुलाकात की। जिन्होंने उन्हें प्लास्टिक कचरे को पुनः उपयोग में लाने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के तरीके सिखाए। हाल ही में मेवाड़ा के सानिध्य में पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित कार्य' म में प्रसिद्ध पर्यावरणविद सोनम वांगचुक एवं अभिनेत्री दिया मिर्जा ने बिसलपुर पहुंच पर्यावरण



संरक्षण को लेकर कार्यक्रम में उपस्थिति दी थी। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने जवाई क्षेत्र में प्लास्टिक एकत्र कर उसे सही तरीके से निपटाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्होंने जल और भूमि संरक्षण के महत्व को समझते हुए पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने की प्रतिज्ञा ली। कार्य' म के तहत छात्राओं को न केवल प्लास्टिक प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए, बल्कि उन्हें अपने स्थानीय क्षेत्र में इस ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने के लिए भी प्रेरित किया गया। छात्राओं ने इस पहल को एक नई सीख बताते हुए कहा कि वे अपने कॉलेज और समुदाय में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। इस प्रकार की पहल समाज में प्लास्टिक कचरे की समस्या को कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। इस अध्ययन यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य' म अधिकारी लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित एवं गीतांजलि शर्मा के साथ महाविद्यालय के अन्य व्याख्याता भी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं का होली स्नेहमिलन समारोह आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** शहर में सरगरा समाज के अधिवक्ताओं द्वारा होली स्नेह मिलन कार्य' म का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने चंग की धुन पर फूलों की होली खेली और पारंपरिक होली की गीतों का आनंद लिया। कार्य' म में बड़ी संख्या में सरगरा समाज वकील उपस्थित रहे, जिन्होंने उमंग और उत्साह के साथ पर्व का स्वागत किया। कार्य' म संयोजक एडवोकेट प्रदीप चौहान ने बताया कि कार्य' म में सरगरा समाज के वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता शामिल हुए। शहर की होटल नाकोड़ा फूड विला में अधिवक्ताओं ने पारंपरिक चंग की थाप पर गीत गाए और फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पारंपरिक होली गीतों और धमालों की प्रस्तुति दी। सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक भी है। इस दौरान शंकरलाल गहलोत, प्रतापचंद चौहान, राजूराम परमार, मांगीलाल सुंदेलाव, रणजीत सागर, भागीरथ राठौड़, राजूराम हरियाल, चेतन चौहान, शेषाराम, नवरत्न चौहान, इंदरकुमार, कालूराम चौहान, नरेश देवड़ा, राकेश पंवार, गजेंद्र चौहान, अशोक



राठौड़, वरुण गहलोत, धर्मेन्द्र, राकेश पंवार, देवेन्द्र गहलोत, मनीष चौहान, सूरज राठौड़, रमेश चौहान, कल्पेश परमार सहित सरगरा समाज के कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सहकारिता मंत्री गौतम दक का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** सहकारिता मंत्री गौतम दक शनिवार दोपहर देसूरी पहुंचे। यहां हरिओम आश्रम के निकट एक रेस्तरां में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान घाणेराव सहकारी समिति सोसाइटी अध्यक्ष महेंद्र लोंगेसा ने स्वागत कर किसानों की मौजूदगी में सहकारिता मंत्री गौतम दक से घाणेराव जीएसएस के लिए कस्टमर हीयरिंग सेंटर व किसानों को पिछले दो वर्षों के दौरान फसल खराबे के उचित मुआवजे की मांग की। इस दौरान व्यवस्थापक सुमेरसिंह राठौड़, सरपंच दौलत राईका, नारलाई सोसाइटी अध्यक्ष मगनाराम चौधरी घाणेराव समेत कई किसान मौजूद रहे।



## एक शाम कुंभेश्वर महादेव के नाम... भजन संध्या आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती बागोल गांव स्थित कुंभेश्वर महादेव मंदिर का एक दिवसीय मेला सोमवार को भरेगा। बागोल कुंभेश्वर महादेव मेला कमेटी के भगवतसिंह सोलकी व मानवेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि पूनमसिंह माधूसिंह सोंलकीं परिवार की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मेले की पूर्व संध्या पर एक शाम कुंभेश्वर महादेव के नाम भजन कार्यक्रम होगा। जिसमें संदीप सेजू, कंचन वैष्णव एंड पार्टी सहित एक दर्जन भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

### अवैध खनन के खिलाफ खान विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 70 करोड़ 37 लाख के जुर्माने के साथ ही 3 एफआईआर दर्ज

## अवैध खनन और रवन्नाओं का दुरुपयोग पाया गया





**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ नागौर में एक साथ अलग अलग स्थानों पर अब तक की सबसे बड़ी और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध खननकर्ताओं पर 70 करोड़ 37 लाख का जुर्माना लगाने के साथ ही संबंधित थानों में 3 एफआईआर दर्ज करवाई है। विभाग को गोपनीय तरीके से प्राप्त सूचना के आधार पर निदेशक खान दीपक तंवर ने मुख्यालय उदयपुर से गोपनीय तरीके से अधिकारियों की अलग अलग टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर एक साथ कार्रवाई के लिए भेजी। खासबात यह कि टीम के सदस्यों को भी कार्रवाई स्थल की पूर्व में जानकारी नहीं दी गई और इसका परिणाम यह रहा कि अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई।

गौरतलब है कि राज्य सरकार अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की पक्षधर रही है और फील्ड अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं।

विभाग द्वारा बनाई गई विशेष टीम द्वारा पूर्ण गोपनीयता बरतते हुये नागौर जिले में अवैध खनन के विरूद्ध आकस्मिक कार्यवाई करते हुए राम केमिकल्स के लाईमस्टोन के खनन पट्टा संख्या 67/2001 की जांच करने पर लीज क्षेत्र के अन्दर क्रेशर मिला जिसके द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग कर लगभग 3,32,177 टन खनिज का निर्गमन पाया जाने पर 48 करोड 16 लाख की शास्ती आरोपित की गई। इसी प्रकार भावण्डा के समीप एक अवैध खनन पिट में लगभग 19,900 टन खनिज चूना पत्थर का अवैध खनन कर निर्गमित किया हुआ पाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि यह अवैध खनन राम किशोर दातोड द्वारा करवाया जा रहा है एवं यह अवैध पिट उनके मकान के सम्मुख ही लगभग 5 से 15 मीटर की दूरी पर पाया गया। विशेष जांच दल द्वारा अवैध खनन का पंचनामा बनाया जाकर 14.48 करोड रुपए की शास्ती लगाई गई। अवैध खननकर्त्ता रामकिशोर दोतड एवं खातेदार रामजीवन के विरूद्ध भावण्डा पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 30/2025 दर्ज करवाई गई।

खान विभाग के एक अन्य दल द्वारा गंगवाना क्षेत्र में एक चूने के भट्टा शिवम लाईम प्रोडक्ट प्रो. सुमेर सिंह उदावत के भट्टा क्षेत्र में लगभग 550 टन खनिज लाईमस्टोन मिलने पर रेकार्ड मांगने पर खनिज स्वयं के खनन पट्टा संख्या 31/2002 एवं एक अन्य खनन पट्टा 30/2002 से खनिज प्राप्त किया जाना बतलाया गया जिस पर जांच दल द्वारा उक्त दोनों खनन पट्टों का निरीक्षण करने पर खनन पट्टा संख्या 31/2002 में लगभग 16,632 टन खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जाना प्रमाणित होने पर अवैध खनन की शास्ती राशि 2.41 करोड रुपए आरोपित की गई एवं अन्य खनन पट्टा संख्या 30/2002 में भी अवैध खनन लगभग 24,884 टन अवैध खनन लीज क्षेत्र के बाहर पाया जाने पर शास्ती राशि 3 करोड़ 61 लाख रु. आरोपित की गई। जांच दल द्वारा संबंधित थाने में अवैध खननकर्त्ता सुमेर सिंह एवं ललित ब्यास के विरूद्ध नामजद दो एफआईआर संबंधित पुलिस थाने में दर्ज करवाई जा रही है।

एक अन्य कार्रवाई में जांच दल द्वारा टाडावास में मैसर्स धीरज केमिकल स्टोन में अवैध खनिज चुनाई पत्थर लगभग 3,120 टन पाया जाने पर 11 लाख 12 हजार रु. की शास्ती आरोपित की गई एवं इनके द्वारा खनिज तरूण् स्थित खनन पट्टा संख्या 15/2004 से लाना दर्शाने पर खनन पट्टे के निरीक्षण में 42613 टन रवन्नाओं का दुरुपयोग पाया जाने पर 1 करोड 49 लाख रुपए की शास्ती आरोपित की गई एवं इसके समीप स्थित अन्य खनन पट्टा 16/2004 में लगभग 1092 टन रवन्नाओं का दुरुपयोग पाया जाने पर 4 लाख 02 लाख रुपए की शास्ती आरोपित की गई। राज्य सरकार द्वारा अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार

### देश का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध लेखक विनोद कुमार शुक्ल को देश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक होंगे।

अठासी वर्षीय शुक्ल अपनी कहानियों, कविताओं और लेखों के लिए जाने जाते हैं और समकालीन हिंदी साहित्य के सबसे प्रभावशाली रचनाकारों में शुमार हैं। यह पुरस्कार 11 लाख रुपये की राशि, मां सरस्वती की कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र के साथ दिया जाता है। इस सम्मान को पाकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी।

यह बहुत बड़ा सम्मान है

अपनी सहज भाषा और संवेदनशील लेखन के लिए पहचाने जाने वाले शुक्ल ने कहा, यह बहुत बड़ा पुरस्कार है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे यह मिलेगा। दरअसल, मैंने कभी पुरस्कारों पर ध्यान नहीं दिया। लोग मुझसे अक्सर कहते थे कि मुझे ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना चाहिए, लेकिन मैं क्या कहता? झिझक के कारण मैं कभी सही शब्द नहीं खोज पाया।

वे आज भी लेखन में सक्रिय हैं, खासतौर पर बच्चों के लिए लिखना उन्हें पसंद है। उनका मानना है कि लिखना एक छोटी चीज़ नहीं है, इसे निरंतर करते रहना चाहिए और पाठकों की प्रतिक्रिया पर ध्यान देना चाहिए।

### राजस्व अर्जन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की पहल

# जयपुर जिले के कॉलोनाईजर्स, बिल्डर्स एवं डवलपर्स के साथ किया संवाद

## शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में हुआ बैठक का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा राजस्व अर्जन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जयपुर जिले के कॉलोनाइजर्स, बिल्डर्स एवं डवलपर्स के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार को प्राप्त होने वाली पंजीयन आय बकाया वसूली एवं ऑन साइट पंजीयन के माध्यम से राजस्व आय में वृद्धि किये जाने पर चर्चा की गई। उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं कलक्टर मुद्रांक जयपुर प्रथम डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार तथा पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के आदेशों की पालना में जिले के कॉलोनाइजर्स, बिल्डर्स, एवं डवलपर्स की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जयपुर जिले के प्रमुख कॉलोनाइजर्स, बिल्डर्स एवं डवलपर्स तथा उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुये।

बैठक में डॉ.गोरधन लाल शर्मा ने अपंजीकृत एवं अमुद्रांकित इकरारनामों के ड्यूली स्टाम्प की प्रकिया एवं एमनेस्टी स्कीम 2025 की जानकारी दी। साथ ही, बिल्डर्स से उनकी समस्याओं और सुझावों को भी संकलित कर शीघ्र ही समाधान का आश्वासन भी दिया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के अनुसार किसी संस्थान द्वारा 20 से अधिक दस्तावेज पंजीयन करवाने पर ऑन साईट दस्तावेजों का पंजीयन करने ऑन साईट पंजीयन केम्प आयोजित करवा कर आम जनता को सुविधा प्रदान करनें के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने हेतु निवेदन किया। इसी कम में अचल सम्पति के अपंजीकृत इकरारनामों के दस्तावेजो को मुद्रांकित (ड्यूली स्टाम्प) करवाने हेतु पक्षकार को जागरूक करने हेतु भी निवेदन किया गया। ताकि राज्य सरकार को राजस्व आय प्राप्त हो सके।

बैठक में जयपुर जिले के सभी उप पंजीयकों ने शिरकत की। उप पंजीयक बस्सी गंभीर सिंह ने ऑटोम्यटेशन की समस्या से अवगंत कराया जिसके एन.आई.सी.को लिख कर समाधान का आश्वासन दिया गया। उप पंजीयक सांभर ने उनके कैम्पस एवं संसाधन उपलब्ध नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। बैठक में एमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया वसूली के प्रकरणों में ब्याज एवं शास्ति की छूट के साथ-साथ गृह निर्माण सहकारी समितियों के बकाया मुद्रांक प्रकरणों में बकाया वसूली जमा कराने में सहयोग करने के संबंध में चर्चा की गई। विशेष रूप से बड़े प्रकरणों में जिनमें काफी मात्रा में मुद्रांक कर की राशि बकाया है। इस हेतु सहयोग प्रदान करने हेतु कहा गया। इस संबंध बिल्डरों एवं डवलपर्स द्वारा पंजीयन प्रक्रिया के सुधार के संबंध में अपने सुझाव दिये। बैठक में सभी बिल्डर्स एवं डवलपर्स द्वारा राज्य सरकार को राजस्व आय वृद्धि एवं बकाया वसूली के बड़े प्रकरणों में वसूली करने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में क्रेडाई के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सुझाव दिया कि जयपुर शहर में कलेक्ट्रेट परिसर एवं माधोसिंह सर्किल में स्थित उप पंजीयक कार्यालयों में पंजीयन कराने वाले पक्षकारो की भीड़ रहती है जिसके कारण पक्षकारों को खड़े रहने का स्थान नहीं रहता है इस कारण उप पंजीयक कार्यालयों की संख्या बढ़ाई जायें। वहीं, बैठक में महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर मुद्रांक कर एवं पंजीयन शुल्क में छूट देने का सुझाव भी प्राप्त हुआ। बैठक में मौजूद हितधारकों ने कहा कि हमें खुशी है कि हमें 30 वर्षों में पहली बार किसी अधिकारी ने बैठक में सुझाव हेतु बुलाया इसके लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग धन्यवाद का पात्र है। इसके साथ ही जयपुर जिले में कार्यरत मुद्रांक विक्रेताओं की भी मीटिंग ली गई। जिसें महेश झालानी अध्यक्ष मुद्रांक विक्रेता एसोसियान ने उपस्थित होकर निवेदन किया कि मोबाइल एप में आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जावें। भौतिक स्टाम्प विक्रय की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये किया जावे। इलैक्ट्रोनिक रूप से संधारित होने से भौतिक संधारण को समाप्त किया जावें। भौतिक स्टाम्प रजिस्टर संधारण में वरिष्ठ नागरिक की उम्र सीमा 75 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष किया जावें।

## जयपुर में हथियार संग पकड़े गए 777 गैंग के बदमाश

### विरोधी गैंग के सदस्यों की हत्या करने की फिराक में थे



**जयपुर।** जयपुर के संजय सर्किल थाना पुलिस और नॉर्थ डीएसटी की टीम ने कार्रवाई के करते हुए शातिर गैंग 777 के चार बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बदमाशों के पास से 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 7 जिन्दा कारतूस, 2 धारदार कटार बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश विरोधी गैंग के सदस्यों की हत्या करने के लिए एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार बदमाशों ने 777 नाम से गैंग बना रखी है। जो एक दूसरे से इंस्टाग्राम के माध्यम से सम्पर्क करते हैं।

डीसीपी वेस्ट राशि डूडी डोगरा ने बताया नॉर्थ जिला पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के पास से देशी कट्टा और पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। ये लोग क्लबों, सटोरियो और व्यापारियों को डरा धमका कर पैसा लेते थे। इस पर गैंग के लोगों पर नजर रखी गई। जानकारी के अनुसार 21 मार्च को की शाम क सूचना मिली कि गैंग के सदस्य वसीम मोटा, शाहिद सरकार हत्या करने के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं। विरोधी गैंग के मुजम्मिल और सदस्यों पर हमला कर सकते हैं। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर वसीम मोटा उर्फ वसीम अहमद , मोहम्मद शाहरुख उर्फ चम्मच, मोहम्मद शाहरुख मलंग और फिरोज खान उर्फ सद्दाम को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। बदमाशों ने पूछताछ में बताया इनकी गैंग में करीब 18 से 20 लड़के हैं, जो जयपुर में विभिन्न जगहों पर रहते हैं। गैंग का मुख्य सरगना शाहिद सरकार व वसीम उर्फ मोटा है। उक्त गैंग इन्होंने 777 के नाम से संचालित कर रखी है। ये लोग इंस्टाग्राम पर बाते करते हैं।

## प्रीमियम किराए के बावजूद यात्री प्रभावित

### सुप्रिया सुले ने की एयर इंडिया की आलोचना

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता एवं सांसद सुप्रिया सुले ने एअर इंडिया पर 'लगातार कुप्रबंधन' का शनिवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उड़ानों में देरी एक चलन बन गया है जिससे 'प्रीमियम' किराया चुकाने के बावजूद यात्री प्रभावित हो रहे हैं। सुले ने एयर इंडिया की एक उड़ान में बुकिंग कराई थी जिसके संचालन में एक घंटे 19 मिनट की देरी हुई जिसके बाद सांसद ने यह तीखी टिप्पणी की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि 'प्रीमियम' किराया चुकाने के बावजूद उड़ानें देरी से संचालित हो रही हैं।

उन्होंने नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू से मांग की कि लगातार देरी के लिए विमानन कंपनी को जवाबदेह ठहराया जाए। बारामती से सांसद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उड़ानों में निरंतर देरी हो रही है - यह अस्वीकार्य है। हम 'प्रीमियम' किराया चुकाते हैं, फिर भी उड़ानें कभी समय पर संचालित नहीं होती हैं।

## जयपुर के फार्म हाउस में मिला सिर कटा शव

### धड़ से 15 फीट दूर पड़ा था सिर, आधार कार्ड से हुई पहचान



**जयपुर।** यहां अजमेर रोड पर ठिकरिया टोल प्लाजा के पास एक फार्म हाउस पर सिर कटा शव मिला है। शव भी काफी दिन पुराना होने के कारण सड़ गया। फार्म हाउस बंद पड़ा था।

थानाधिकारी मोती लाल शर्मा ने बताया शनिवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि एक खाली पड़े फार्म हाउस के अंदर शव पड़ा है। सूचना पर एसीपी बगरू हेमेंद्र शर्मा के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां पर फार्म हाउस की चारदीवारी के पास एक व्यक्ति का सिर कटा हुआ सड़ा गला शव पड़ा मिला। व्यक्ति का सिर शव से करीब 15 फीट दूर पड़ा था। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान की कोशिश की। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

शव के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान ग्राम पंचायत देवलिया के गांव रामपुरा के रहने वाले श्रवण लाल प्रजापत (48 ) पुत्र पांचू राम प्रजापत के रूप में हुई। पुलिस ने शव को बगरू उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। यहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने परिजनों को मृतक के बारे में जानकारी दे दी है। परिवार के आने के बाद पुलिस आगे का अनुसंधान करेगी।

## पेपरलीक गैंग का हर्षवर्धन पटवारी के पद से हटाया गया

**जयपुर।** पेपर लीक गैंग के हर्षवर्धन मीणा को 21 मार्च को जिला कलेक्टर दौसा ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। मामले में एसओजी की एसआईटी ने आरोपी को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद हर्षवर्धन मीणा जेल में है। एसओजी जेल से रिमांड पर लेकर कई बार पूछताछ कर चुकी है। आरोपी के खिलाफ कुल 6 से अधिक एफआईआर दर्ज है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- पेपर लीक मामलों में राज्य सरकार की जीरो टोलरेंस नीति दिखाई दे रही है। पेपर लीक मामलों में पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार हो रहे एक्शन से बदमाशों का मनोबल हमेशा के लिए टूटेगा। सरकार पेपर लीक मामलों में लिप्त राज्यकर्मियों को बर्खास्त कर के एक संदेश दे रही है।



## एक नजर

# चैत्र अमावस्या का पहला सूर्य ग्रहण 29 को

### भारत पर नहीं पड़ेगा ग्रहण का विशेष प्रभाव

**नई दिल्ली।** चैत्र अमावस्या पर लगने वाला साल का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च को ऑस्ट्रिया, बारबाडोस, बेल्जियम, बरमूडा, उत्तरी ब्राज़ील, कनाडा के पूर्वी भाग, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी ग्रीनलैंड, आयरलैंड आदि देश में दिखाई देने वाला है और इन देशों में कोई ना कोई अप्रिय घटना घट सकती है। किसी बड़े नेता की मृत्यु होना या दो देशों का आपसी टकराव होना और इन देशों की राजनीति में बड़े स्तर पर उथल-पुथल होने की प्रबल संभावना रहेगी।



### भारत पर अदृश्य रहेगा यह ग्रहण

*29 मार्च को भारत में यह ग्रहण अदृश्य रहेगा, इसलिए भारत के आम जनता पर इसका अधिक विशेष बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन जिन राशियों में सूर्य ग्रहण लगने वाला है उन राशियों को अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता रहेगी। मीन राशि में या ग्रहण लगने वाला है तथा कन्या राशि वालों के लिए इस समय सावधानी की आवश्यकता रहेगी।*

### भारतीय राजनीति पर क्या होगा प्रभाव

*भारत की राजनीति में इस ग्रहण के कारण काफी अधिक खराब वातावरण पैदा होने के योग हैं। इस समय राजनेताओं के गलत निर्णय जनता के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं और दंगे होने की संभावनाएं भी बहुत अधिक है। केंद्र सरकार को विपक्ष के करण मुश्किलें पैदा हो सकती है तथा आम जनता महंगाई से परेशान हो सकती है।*

## राजस्थान में 25 मार्च से बदलेगा मौसम

### पश्चिमी हवा चलने से गर्मी बढ़ने लगेगी

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर और उत्तरी हवा चलने से तापमान सामान्य हो गया है। शुक्रवार को लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, सभी शहरों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 24 मार्च तक लोगों को गर्मी से राहत रहेगी और 25 मार्च से हवा की दिशा बदल सकती है। इसके साथ ही पश्चिमी हवा का असर बढ़ेगा और तापमान बढ़ने के साथ गर्मी तेज होने लगेगी। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा और अधिकांश शहरों में धूप रही। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू के एरिया में देर शाम हल्की ठंडी हवा चली। इससे पहले दिन में इन शहरों में धूप रही। कल दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जालोर में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 35.2, जोधपुर में 35.4, बीकानेर में 35.3, चूरू में 33.9, गंगानगर में 33.8, उदयपुर में 32.6, चित्तौड़गढ़ में 36, कोटा में 34.4 और अजमेर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों पर बड़ी कार्रवाई

# दिल्ली में 18 घुसपैठियों को पकड़ा; 8 भारतीयों ने की थी मदद

**दिल्ली।** दक्षिणी जिला पुलिस ने अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जिले में अलग अलग जगह से 18 बांग्लादेशियों को पकड़ा है। इनमें से पुलिस ने आठ को गिरफ्तार किया है, जबकि छह को डीपोर्ट कर दिया। इसके अलवा चार से पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनकी मदद करने वाले आठ भारतीय आरोपितों को भी दबोचा है।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अवैध प्रवासियों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आइडी और भारतीय पासपोर्ट जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के ठिकानों की तलाशी ली तो वहां से 23 वोटर कार्ड, 19 पैन कार्ड, 17 आधार कार्ड, सीपीयू, 11 जन्म प्रमाण पत्र और छह बलैंक वोटर आइडी कार्ड बरामद किए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विदेशी अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।



पुलिस ने इन्हें शरण देने और इनके फर्जी दस्तावेज बनवाने वाले आठ भारतीय नागरिकों पर भी केस दर्ज किया है। इन भारतीय आरोपितों ने इन्हें फर्जी दस्तावेज पर नौकरी और किराए पर मकान भी दिलवाए.फर्जी दस्तावेज बनवाकर दिल्ली में रहने वाले बांग्लादेशियों में मोहम्मद ज्वेल इस्लाम, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद लतीफ खान, मोहम्मद नदीम शेख, मोहम्मद मिजानुर रहमान, रबीउल, मोहम्मद रेजाउल और कमरुज्जमां शामिल हैं। इनमें मोहम्मद लतीफ कूड़ा बीनने का काम करता है। वह रिश्तेदारों के माध्यम से बांग्लादेश में पैसे भेजता है। मोहम्मद मिजानुर रहमान स्क्रैप डीलर के रूप में काम करता है। रबीउल डिफेंस कॉलोनी के एक अस्पताल में अटेंडेंट के तौर पर काम करता है। कमरुज्जमां जोमैटो डिलीवरी ब्वाय के रूप में काम करता है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड मोहम्मद मोइनुद्दीन दिल्ली में एक कंप्यूटर की दुकान चलाता था। ये आरोपित ही फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सहित प्रवासियों के अन्य दस्तावेज तैयार करता था। जबकि शाहीन नाम का आरोपित प्रवासियों को नौकरी दिलाता था। अन्य आरोपित मनवर हुसैन और निमाई करमाकर ने बांग्लादेश में अवैध रूप से मनी पैसे भेजे।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com